नववर्ष 2024 स्वागतम्

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार 1 जनवरी 2024, वर्ष-12 अंक- 290 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

स्वागत, वंदन, अभिनंदन... 2024

शिमला में नए साल के जश्न के दौरान पारंपरिक हिमाचली पोशाक में स्थानीय महिलाएं नव वर्ष 2024 का स्वागत करने के लिए हाथों में गुब्बारा पकड़ी हुई।

नए साल की खुशियां पूरे भारत में हर वर्ग और आयु के लोगों में दिख रही है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट में सरसों के खेत में नवनिहाल हाथों में 2024 लिखे अंकों को खुशी से जाहिर करते दिख रहे।

राज्य में कोहरे और ठंड के बाद अब बरसेंगे बादल

■ **अंबिकापुर में सबसे कम 9.4 डिग्री पारा**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नए साल की शुरुआत बारिश के साथ हो सकती है। 1 और 2 जनवरी को सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों में पानी बरसने की संभावना है। वहीं बस्तर में भी 3 जनवरी को बरसात हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, ऐसा पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते होगा।

रविवार सुबह से ही रायपुर समेत आस-पास के जिलों में बादल छाए हुए हैं। हालांकि पूर्व से आने वाली हवाओं में नमी ज्यादा होने के कारण अगले 2-3 दिनों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। वहीं रायपुर और आसपास के इलाकों में सुबह धुंध और हल्का कोहरा छाया रहा। प्रदेश में शनिवार को अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जबकि सबसे अधिक तापमान डोंगरगढ़ में 28.9 डिग्री दर्ज हुआ। रायपुर में रविवार को अधिकतम तापमान 29 और न्यूनतम 17 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। प्रदेश में आज मौसम शुष्क रहेगा।

मौसम का पूर्वानुमानः मौसम वैज्ञानिक एच पी चंद्रा ने बताया कि, पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान में 62 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में 3.1 द्मद्ब ऊंचाई पर स्थित है। इसका अक्ष मध्य क्षोभ मंडल तक है।

इन जिलों में हो सकती है बारिश

मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, 1 और 2 जनवरी को सरगुजा , कोरिया, सूरजपुर , बलरामपुर और पेन्ड्रा, कोरबा जिले में बारिश होने के आसार है।

नए साल पर पहली बार मां दंतेश्वरी के वीआईपी दर्शन

■ **2100 रुपए की कटवानी होगी रसीद; मां बम्लेश्वरी, महामाया और राम मंदिर में विशेष व्यवस्था**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर स्थित राम मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए नए साल में सुबह से लेकर आधी रात तक दर्शन की व्यवस्था की गई है। भक्त मंदिर के पुजारी हनुमंत लाल ने बताया कि लोग बड़ी तादाद में इस दिन पहुंचते हैं। इसलिए मंदिर सुबह 5.30 बजे से रात 12 बजे तक खुला रहेगा। आम दिनों में दोपहर में बंद कर दिया जाता है।

बिलासपुर स्थित महामाया मंदिरः 2 दिन में 2 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचेंगे- बिलासपुर के रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर में 31 दिसंबर और एक जनवरी को एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचने की संभावना है। सुबह 3 बजे से लेकर रात 9 बजे तक मंदिर खुला रहता है। पहाड़ और जंगल से घिरे इस स्थान ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

वॉटर स्पोर्ट्स-एडवेंचर के साथ मनाया गया नए साल का जश्न

नए साल के स्वागत के लिए रायपुर तैयार है। शहर के होटल्स और रेस्तरां में न्यू ईयर पार्टी की खास तैयारी की गई थी। रातभर सेलिब्रेशन का दौर चला। नवा रायपुर के झांझ लेक एंटार्टिका एट मेफेयर में 30 और 31 दिसम्बर को फ्लोटिंग डीजे पार्टी के साथ वॉटर स्पोर्ट्स और अनलिमिटेड एडवेंचर राइड भी कराया गया। होटल-रेस्तरां में खास ऑफर था। फ्लोटिंग डीजे नाइट पार्टी की एंट्री फीस 699 रुपए निर्धारित किए गए थे। न्यू ईयर पार्टी में किड्स केयर रूम और किड्स प्ले जोन बनाए गए। यहां बच्चों की देखभाल से लेकर उनके एंटरटेनमेंट तक की खास व्यवस्था थी।

आज बेबाक

शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत जिनकी जुबान दराजी और हेकड़ी के कारण ही शिवसेना दो फाड़ हुई। उन्होंने फिर बेहद विवादास्पद बयान दिया है। उनका कहना है कि भाजपा अयोध्या में राम मंदिर के नाम पर राजनीति कर रही है। बस भगवान राम को चुनाव में खड़ा करने की कसर रह गई है। उनके इस आपत्तिजनक बयान में उनकी खीज झलकती है। ऐसा लगता है कि उनका उपर वाला पूर्जा डीला हो गया है। राजनीति में रावणराज चलाने वालों को भला यह क्यों कबूल होगा कि राम राज आए? इसे ही कहते है विनाश काले विपरित बुद्धि।

आतंकवाद पर एक्शन में सरकार

तहरीक-ए-हुर्रियत को घोषित किया प्रतिबंधित संगठन

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने पाकिस्तान समर्थक अलगाववादी समूह तहरीक-ए-हुर्रियत (टीईएच) जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश में आतंकवाद को बढ़ावा देने और भारत विरोधी दुष्प्रचार करने के चलते रविवार को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में घोषणा करते हुए कहा कि संगठन को जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए आतंकवादी गतिविधियों को जारी रखते और भारत विरोधी दुष्प्रचार करते हुए पाया गया।

आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं- उन्होंने कहा कि भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल हर व्यक्ति या संगठन की साजिश को 'आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने' की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति के तहत विफल कर दिया जाएगा। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''तहरीक-ए-हुर्रियत, जम्मू-कश्मीर (टीईएच) को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत एक 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया है। यह संगठन जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने और इस्लामिक ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

आईएएस मनोज पिंगुआ, ऋचा, निधी और विकासशील को मिली पदोन्नति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने 14 द्बस् अधिकारियों का प्रमोशन किया है। नई सरकार में पहला पदोन्नति आदेश रविवार शाम जारी किया गया। सात आईएएस के विभाग बदले गए हैं तो वहीं तीन आईएएस पदोन्नत किये गए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इसकी जानकारी दी गई। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। इसके अलावा अफसरों के वेतन मैक्ट्रिक्स में बढ़ोतरी की गई है। आईएएस मनोज पिंगुआ, ऋचा शर्मा, निधी छिब्बर, विकासशील जैसे अधिकारियों के नाम शामिल है। इन चारों आईएएस अधिकारियों की पदोन्नति छानबीन समिति की 26 दिसंबर को हुए बैठक में की गई अनुशंसा के आधार पर की गई है।

नौसेना ने अरब सागर में तैनात किए युद्ध पोत

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने अरब सागर में कॉमर्शियल शिप्स की सुरक्षा के लिए निगरानी तेज कर दी है। इसके लिए तीन युद्धपोतों की तैनाती की गई है। आसमानी गश्त के लिए सर्विलांस प्लेन और टोही विमानों की मदद ली जा रही है। भारतीय नौसेना ने कॉमर्शियल शिप्स की सुरक्षा के लिए कोशशें तेज कर दी है। उत्तर और मध्य अरब सागर के साथ ही अदन की खाड़ी में निगरानी तेज कर दिया है। इन क्षेत्रों में तीन युद्धपोतों की तैनाती की गई है। वहीं, लंबी दूरी के सर्विलांस प्लेन P-8I और टोही विमान आसामान से समुद्री सतह पर होने वाले किसी हलचल पर नजर रखेंगे। हाल के दिनों में लाल सागर में कई कॉमर्शियल शिप्स पर ड्रोन और मिसाइल हमले हुए हैं।

उत्तर प्रदेश आईआईटी बीएचयू की छात्रा से गैंगरेप केस में 3 गिरफ्तार

वाराणसी (ए.)। आईआईटी बीएचयू की छात्रा से गैंगरेप में 3 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि तीनों बीजेपी आईटी सेल में काम कर चुके हैं। तीनों ने बंदूक दिखाकर छात्रा के कपड़े उतरवाए थे।आईआईटी बीएचयू में पहली नवंबर की रात परिसर स्थित कर्मनवीर बाबा मंदिर के पास छात्रा से गैंगरेप में लंका पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में भेलूपुर थाना क्षेत्र के बृज इंक्लेव ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

मप्र के सिंगरौली में फिर भूकंप के झटके

सिंगरौली (ए.)। मध्य प्रदेश में फिर भूकंप, सिंगरौली में सप्ताह में दूसरी बात धरती हिलने से हड़कंपनेशनल सेंटर फॉर सेस्मोलॉजी के अनुसार, 3.6 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। रविवार दोपहर 2 बजकर 33 मिनट पर भूकंप आया था। एमपी के सिंगरौली में भूंकप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से कोई नुकसान नहीं हुआ। मध्य प्रदेश-एमपी में एक बार फिर धरती डोली है। एमपी में 31 दिसंबर रविवार दोपहर को भूकंप के झटके महसूस किए गए। एमपी के सिंगरौली में एक हफ्ते में दूसरी बार भूकंप के झटके महससू किए गए हैं।

अब किसी को किसानों की परवाह नहीं : पवार

पुणे (ए.)। 'अब किसी को किसानों की परवाह नहीं'; शरद पवार ने की पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की जमकर तारीफ्शरद पवार ने कहा कि अब किसानों की कठिनाइयों पर कोई गौर तक नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह शेतकरी आक्रोश मोर्चा पुणे तक ही सीमित नहीं रह गया बल्कि धीरे-धीरे पूरे देश तक पहुंच गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मनमोहन किसानों के प्रति संवेदनशील थे। पूर्व पीएम ने कुछ कृषकों की आत्महत्या के बारे में जानने के बाद महाराष्ट्र में अमरावती का दौरा किया था, लेकिन अब किसी को भी कृषकों के मुद्दों की परवाह नहीं है।

आज इतिहास रचेगा इसरो

ब्लैक होल के राज खोलेगा एक्सपोसैट मिशन

श्रीहिरकोटो। एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट दुनिया का दूसरा और देश का पहला ऐसा सैटेलाइट मिशन है जो ब्लैक होल्स, पल्सर, आकाशगंगा और रेडिएशन आदि की स्टडी करेगा। इसका पूरा नाम एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट है। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशनने 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचकर दुनिया में कीर्तिमान बनाया। अब नया साल 2024 भी बेहद खास होने वाला है। इसरो एक जनवरी यानी साल के पहले दिन श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से ङ्कक्कश्ह्यड्ड सैटेलाइट को लॉन्च करेगा।

यह दुनिया का दूसरा और देश का पहला ऐसा सैटेलाइट मिशन है जो ब्लैक होल्स, पल्सर, आकाशगंगा और रेडिएशन आदि की स्टडी करेगा। इसका पूरा नाम एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट है।

लॉन्चिंग काउंटडाउन शुरू

PSLV-C58 को सोमवार, एक जनवरी की सुबह 9 बजकर 10 मिनट पर लॉन्च किया जाएगा। यह लॉन्चिंग पीएसएलवी रॉकेट सीरीज की 60वीं लॉन्चिंग है। इस सैटेलाइट की लाइफ पांच साल की है। लॉन्चिंग का काउंटडाउन शुरू हो गया है।

राहुल ने मां सोनिया के साथ बनाया नए साल पर संतरे का मुरब्बा

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को साल के आखिरी दिन अपनी मां सोनिया गांधी के साथ संतरे का मुरब्बा बनाते नजर आए। इसका वीडियो भी यू ट्यूब पर साझा किया है। राहुल अपनी मां से पूछते नजर आए कि क्या यह मुरब्बा क्च्छ्वाले भी खा सकते हैं?? राहुल गांधी ने साल का आखिरी दिन मां सोनिया गांधी के साथ बिताया। राहुल गांधी ने मां सोनिया गांधी के साथ मिलकर संतरे का मुरब्बा बनाया। इसका एक वीडियो भी अपने यू ट्यूब चैनल पर साझा किया। इसमें वह कहते नजर आ रहे हैं कि यह रेसिपी उनकी बहन प्रियंका गांधी की है। हालांकि यह दिलचस्प रहा कि मुरब्बा बनाने के दौरान भी मां-बेटे के बीच राजनीति की बात हुई। सोनिया गांधी और राहुल गांधी इस दौरान बीजेपी पर तंज कसते नजर आए। राहुल गांधी मुरब्बा बनाते हुए भी बीजेपी पर तंज करने से नहीं चूके। उन्होंने अपनी मां से पूछा कि क्या इस मुरब्बे को बीजेपी वाले भी खा सकते हैं।

मन की बात... पीएम मोदी ने 108वें एपिसोड में 2023 में भारत की तमाम उपलब्धियों पर बात

पीएम मोदी ने दिया फिट इंडिया मूवमेंट का नारा

नई दिल्ली (एं)। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनावी वर्ष में प्रवेश करने से पहले साल के आखिरी 'मन की बात' एपिसोड में देश को संबोधित किया। उन्होंने चंद्रयान से लेकर अयोध्या राम मंदिर पर बात की। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनावी वर्ष में प्रवेश करने से पहले साल के आखिरी 'मन की बात' एपिसोड में देश को संबोधित किया। आज प्रधानमंत्री मोदी ने 108वें एपिसोड में 2023 में भारत की तमाम उपलब्धियों पर बात की। उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता से लेकर अयोध्या राम मंदिर पर बात की। पीएम मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया कि वे 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर उद्घाटन से पहले सोशल मीडिया पर रामभजन नाम से एक हैशटैग ट्रेंड करें, जिसमें कविताएं और अन्य रचनाएं शामिल हों। ताकि मंदिर उद्घाटन को ऐतिहासिक बनाया जा सके। पीएम मोदी ने फिट इंडिया मूवमेंट का भी नारा दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर भी चर्चा की। ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

रायपुर में भी बीजेपी कार्यालय में सुनी गई मन की बात

भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में मन की बात सुनते राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश महामंत्री पवन साय, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव, विजय शर्मा एवं मंत्रीगण।

■ न्यूज गैलरी

पुलिस से बचने के लिए कुएं में कूदे लोग, 1 की मौत

दतिया। मध्य प्रदेश के दतिया जिले में जुआ खेल रहे ग्रामीणों को पुलिस के आने की सूचना मिली तो वह अपने बचाव के लिए कुएं में कूद गए। इनमें से एक की मौत हो गई जबकि दो घायल हैं। इस हादसे के लिए ग्रामीण पुलिस को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। थरेट थाना क्षेत्र के ग्राम छोटा अमलापुरम में शनिवार की शाम को जुआ खेले जाने की पुलिस को सूचना मिली। पुलिस दल के मौके पर पहुंचने पर जुआ खेल रहे ग्रामीण अपने बचाव के लिए भागे जिनमें से तीन ग्रामणी कुएं में कूद गए। बाद में इन सभी को बाहर निकाल गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंदरगढ़ भेजा गया। इनमें से एक की मौत हो गई है और दो घायल हैं। इस हादसे के बाद ग्रामीण गुस्से में आ गए और उन्होंने पुलिस दल को ही घेर लिया। इतना ही नहीं उन्होंने पुलिस जवानों से झूमाझपटी भी की, किसी तरह पुलिस जवानों ने अपनी जान बचाई, इसके लिए उन्हें एक मकान में शरण लेना पड़ी।

यूपी में छात्रा ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद के रामगढ़ थानाक्षेत्र में एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि रामगढ़ थानाक्षेत्र के नगला बरी निवासी नेहा बघेल (20) पुत्री शिव शंकर बघेल ने फांसी लगा ली। नेहा बीएससी की छात्रा थी। परिजनों के अनुसार वह पढ़ाई को लेकर पिछले कई दिनों से मानसिक तनाव में चल रही थी। आज दोपहर उसके मन में जाने क्या विचार आया वह कमरे में चली गई और फांसी पर झूल गई जिसके फल स्वरुप उसकी मौत हो गई । परिजनों को इसकी जानकारी काफी देर बाद तब हुई जब नेहा कहीं दिखाई नहीं पड़ी देखा तो वह फांसी पर झूल रही थी। नेहा को फांसी पर लटका देखा तो परिजनों में कोहराम मच गया, पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए। इधर सूचना मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की सहायता से शव को फांसी से उतारा । पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है जहां शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया है।

क्रोध और ईर्ष्या के कारण तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही दुनिया

नई दिल्ली। तिब्बती आध्यात्मिक धर्मगुरु दलाई लामा ने कहा है कि अहंकार, क्रोध और ईर्ष्या के कारण दुनिया दो विश्व युद्ध झेल चुकी हैं और तीसरे की तैयारी में हैं। यह चिंतन का विषय है। विध्वंसकारी शक्तियों से स्वार्थी प्रवृत्ति जन्म लेती है। इसके प्रभाव में हम युद्धों और संघर्षों में उलझ कर एक दूसरे को मारते और नुकसान पहुंचाते हैं। उक्त बातें कालचक्र मैदान में प्रवचन के दौरान दूसरे दिन दलाई लामा ने यह बात कही और मानव जाति को इसके खतरों से अवगत कराया।

इन दिनों ज्ञान की भूमि बोधगया में आस्था का सैलाब बह रहा है। तिब्बती आध्यात्मिक धर्मगुरु दलाई लामा बौद्ध अनुयायियों के आध्यात्मिक मार्ग दर्शन कर रहे हैं। विशेष शैक्षणिक सत्र के दूसरे दिन दलाई लामा ने अनुयायियों को बोधिसत्व और स्वार्थी चित से होने वाले नुकसान को समझाया। उन्होंने कहा अगर आपके अंदर शांति होगी तभी आप अपने आसपास शांति पैदा कर सकेंगे। मानवता की एकता पर दिया बल दलाई लामा ने मानवता की एकता पर बल दिया। दलाई लामा ने कहा कि अरबों मनुष्यों की एकता की अवधारणा की आवश्यकता है कि सभी एक जैसे हैं। उन्होंने अहंकारी व्यवहार का खंडन किया, जो हिंसा और घृणा को प्रोत्साहन देता है।

विशेष शैक्षणिक सत्र के दूसरे दिन दलाई लामा ने समस्त मानव जीवों के कल्याण के लिए प्रार्थना की। उन्होंने यह समझाने का प्रयास किया कि जीवन क्या है और इसकी खूबसूरती क्या है, इसका हर व्यक्ति के लिए अलग-अलग अर्थ हैं।

सावधानः दुनिया भर में डराने लगा कोरोना का सब-वैरिएंट, 2024 में लौट सकती है पाबंदियां

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के नए ओमिक्रॉन सब-वैरिएंट जेएन1 के मामले भारत समेत विश्व स्तर पर बढ़ रहे हैं। इसलिए कई लोगों के बीच 2024 की शुरुआत में संभावित कोविड लहर का डर है जो एक बार फिर जिंदगी को पटरी से उतार सकता है। भारत में कोविड-19 के 743 नए मामले दर्ज किए गए।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इसी के साथ देश में कुल एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 3,997 हो गई। भारत में अब तक जेएन1 के कुल 162 मामले सामने आए हैं। जिसमें केरल में सबसे अधिक 83 मामले दर्ज किए गए हैं। इसी के साथ जनवरी 2020 से अब तक भारत में कोरोना वायरस के मामलों की कुल संख्या 4,50,12,484 हो गई है। जबकि बीते 24 घंटे में 7 लोगों की मौत के बाद कुल मरने वालों संख्या 5,33,358 हो गई है। विश्व स्तर पर अमेरिका, कुछ यूरोपीय देश, सिंगापुर और चीन से जेएन1 के मामले सामने आए हैं। डब्ल्यूएचओ में कोविड-19 तकनीकी प्रमुख मारिया वैन केरखोव ने शनिवार को कहा, सीमित संख्या में रिपोर्ट करने वाले देशों से, पिछले महीने में कोविड-19 अस्पताल में भर्ती होने और आईसीयू में मरीजों के प्रवेश में 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

उन्होंने कहा कि सीएआरएस-सीओवी-2, इन्फ्लूएंजा और अन्य श्वसन रोगी लगातार बढ़ रहे हैं। खुद को संक्रमण से बचाने के उपाय करने चाहिए। मारिया वैन केरखोव ने कहा कि जेएन1 की पहचान में बढ़ोतरी जारी है।

लेकिन जो बात मायने रखती है वह यह है कि कोविड-19 के मामले सभी देशों में बढ़ रहे हैं। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट किया, आप खुद को संक्रमण और गंभीर बीमारी से बचा सकते हैं। जोखिम के आधार पर हर 6-12 महीनों में मास्क, वेंटिलेट, टेस्ट, इलाज, वैक्सीन की डोज को बढ़ावा दें। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की पूर्व महानिदेशक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन के अनुसार, जेएन1 कोविड-19 वैरिएंट अन्य वैरिएंट की तुलना में अधिक संक्रामक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जेएन1 को इसके तेजी से बढ़ते प्रसार को देखते हुए एक अलग रूप में बांटा है। लेकिन कहा है कि यह कम वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है। मुंबई में संक्रामक रोग यूनिसन मेडिकेयर एंड रिसर्च सेंटर के सलाहकार डॉ. ईश्वर गिलाडा के अनुसार, जब तक जेएन1 'चिंता का विषय' नहीं बन जाता। तब तक इससे आम आदमी को परेशान नहीं होना चाहिए। उन्होंने आईएएनएस को बताया कि भारत ने कई शक्तिशाली देशों की तुलना में कोविड-19 महामारी का बेहतर प्रबंधन किया है। भारत में कोविड-19 के खिलाफ सबसे ज्यादा वैक्सीनेशन किया गया है। जिसमें 75 प्रतिशत आबादी को पूरी तरह से वैक्सीन की डोज दी है और 35 प्रतिशत आबादी को बूस्टर (तीसरी डोज) मिली है। ओमिक्रॉन वैरिएंट द्वारा मुख्य रूप से बीए.2 सब-वैरिएंट के साथ संचालित तीसरी लहर ने अधिकांश आबादी को कम से कम रुग्णता और मृत्यु दर से संक्रमित किया। उन्होंने कहा कि वास्तव में बीए.2, बीए.4 और बीए.5 के साथ-साथ बीए.2.86 (पिरोला) जैसे बीए.2 के वंश के संक्रमण से भारत के लिए एक रक्षक था। अब हम पहले से कहीं अधिक बेहतर तैयार हैं। इतना ही नहीं, भारत अफ्रीका और अन्य जगहों पर 50 से अधिक देशों को तैयारियों, दवाओं और टीकों से सहायता प्रदान करता है।

हालांकि, जेएन1 अगस्त 2023 में लक्ज़मबर्ग में पहचाना गया। यह वर्तमान में 40 से अधिक देशों में मौजूद है और इससे अधिक संख्या में लोग संक्रमित नहीं हुए हैं और न ही मरीजों की मौत हुई है। डा. गिलाडा ने कहा कि जेएन1 की मौजूदगी से ऑक्सीजन, बेड, आईसीयू बेड या वेंटिलेटर की मांग नहीं बढ़ी है। विशेषज्ञ वरिष्ठ नागरिकों और गंभीर मरीजों वाले लोगों के साथ-साथ भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने वाले लोगों से मास्क पहनने का अनुरोध करते हैं।

कोहरे की चपेट में दिल्ली

कम विजिबिलिटी ने बढ़ाई परेशानी

नई दिल्ली। दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सहित उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में मध्यम से घना कोहरा छाया हुआ है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 4 जनवरी, 2024 तक कोई राहत नहीं मिलने की भविष्यवाणी की है। सुबह 9 बजे तक पालम में विजिबिलिटी 900 मीटर थी, जबकि सफदरजंग में 500 मीटर दर्ज की गई। इससे पहले, सुबह 8 बजे पालम में सबसे कम विजिबिलिटी 700 मीटर दर्ज की गई। विजिबिलिटी की स्थिति में सुधार के संकेत हैं, जिससे पता चलता है कि घना कोहरा धीरे-धीरे कम हो रहा है।

आईएमडी कोहरे की तीव्रता को चार प्रकारों में वर्गीकृत करता है- उथला, मध्यम, घना और बहुत घना कोहरा। विजिबिलिटी क्रमशः 999 मीटर से 500 मीटर, 499 मीटर से 200 मीटर, 199 मीटर से 50 मीटर और 50 मीटर से कम होती है। घने कोहरे के कारण रेलवे परिचालन में सतर्कता बढ़ा दी गई है, जिससे ट्रेनों के प्रस्थान और आगमन के समय पर असर पड़ा है। फ्लाइट शेड्यूल भी प्रभावित हो रहे हैं, कई उड़ानों में देरी हो रही है और कुछ को

संभवतः रद्द करना पड़ रहा है। सुबह 8 बजे तक घने कोहरे के कारण करीब 50 उड़ानों में देरी हो चुकी है। इसमें अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू प्रस्थान और आगमन में व्यवधान शामिल हैं। दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विजिबिलिटी 800 मीटर दर्ज की गई। यात्रियों के लिए कोहरे के कारण उत्पन्न चुनौती में, दिल्ली क्षेत्र में आने वाली कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों में निराशा है। 23 ट्रेनें अपने निर्धारित आगमन समय से पीछे हैं, और देरी की सीमा कई मार्गों पर भिन्न-भिन्न है। पुरी-नई दिल्ली पुरूषोत्तम एक्सप्रेस और हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस क्रमशः 7 घंटे और 5 घंटे की देरी से चल रही हैं। चेन्नई-नई दिल्ली ग्रैंड ट्रंक एक्सप्रेस में चढ़ने वाले यात्रियों से भी 6 घंटे की देरी के कारण अपडेट शेड्यूल देखने को कहा गया है। देरी से चल रही 23 ट्रेनों में भोपाल-निजामुद्दीन एक्सप्रेस भी अपने तय समय से 6 घंटे की देरी से चल रही है।

दिल्ली में आज का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है और अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक जाने की उम्मीद है। दिन भर तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। इस बीच, शहर भर के कई स्टेशनों पर वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में बनी हुई है। एक्यूआई स्केल 0 से 500 तक के स्तर को वर्गीकृत करता है, जिसमें आनंद विहार 'गंभीर' सीमा का उल्लंघन करता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आनंद विहार क्षेत्र में पीएम2.5 का स्तर 423 पर 'गंभीर' श्रेणी में बना हुआ है और पीएम10 का स्तर 368 पर पहुंच गया है। शून्य और 50 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को 'अच्छा' माना जाता है, 51 और 100 'संतोषजनक', 101 और 200 'मध्यम', 201 और 300 'खराब', 301 और 400 'बहुत खराब' और 401 और 500 'गंभीर' माना जाता है। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे टी3 पर पीएम 2.5 का स्तर 382 और पीएम10 का स्तर 306 रहा, दोनों 'बहुत खराब' श्रेणी में आते हैं। 'संतोषजनक' रेटिंग बनाए रखते हुए सीओ स्तर 80 दर्ज किया गया। यात्रियों से आग्रह किया जाता है कि वे सुबह के समय घने कोहरे के चलते विजिबिलिटी कम होने के कारण सावधानी बरतें, और उनसे वास्तविक समय कार्यक्रम के बारे में अपडेट रहने और उसके अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने का आग्रह किया जाता है।

गोवा के सनबर्न फेस्टिवल में मोबाइल चोरी, सात गिरफ्तार

पणजी। गोवा पुलिस ने सनबर्न म्यूजिक फेस्टिवल के दौरान 25 लाख रुपये मूल्य के महंगे मोबाइल फोन चुराने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक जिवबा दलवी ने बताया कि वागाटोर, बर्देज़ में सनबर्न उत्सव के दौरान सक्रिय अंतरराज्यीय चोर गिरोह के सदस्यों को अंजुना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

चोरों की कार्यप्रणाली ऐसी थी कि वे म्यूजिक प्रेमियों को निशाना बनाते थे। जब वे सनबर्न फेस्टिवल का आनंद ले रहे होते थे तो उनके हाई-एंड मोबाइल फोन चुरा लेते थे। उन्होंने कहा कि अंजुना पुलिस ऐसी घटना के लिए पहले से ही तैयार थी। त्योहार के दौरान ऐसे चोरों पर नजर रखने के लिए सिविल कपड़ों में टीमें तैनात की गई थीं। पुलिस टीम ने एक सफलता हासिल की और आखिरकार महाराष्ट्र से सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ किया और आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपाधीक्षक जिवबा दलवी ने आगे कहा, जब्ती के दौरान, हमने विभिन्न ब्रांडों के 29 हाई-एंड मोबाइल फोन बरामद किए हैं जिनकी कीमत 25 लाख रुपये है।

लोकसभा योजना पर मंथन के साथ नए साल की शुरुआत करेगी भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा 2014 और 2019 के बाद 2024 के लोकसभा चुनावों में तीसरी बार प्रचंड जीत हासिल करने के मिशन पर है। भाजपा इस साल जनवरी के पहले सप्ताह में देशभर में 'लोकसभा योजना बैठक' आयोजित करने जा रही है। इसका उद्देश्य आगामी संसदीय चुनावों से पहले अपनी तैयारियों के संबंध में पार्टी के भीतर विचार-विमर्श करना है। भाजपा हाईकमान ने पार्टी के सभी राज्य प्रभारियों, प्रदेश अध्यक्षों और राज्यों के पार्टी संगठन महासचिवों को पत्र लिखा है। पार्टी आलाकमान ने पार्टी संगठन को प्रभावित करने वाले सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों, संगठनात्मक तैयारियों, पार्टी गतिविधियों, प्रचार अभियानों और विभिन्न प्लेटफार्मों तथा मीडिया स्त्रोतों पर चलने वाले राजनीतिक नैरेटिव पर भी विस्तार से चर्चा करने के निर्देश दिए हैं।

भाजपा 2024 के आम चुनाव की विभिन्न तैयारियों को लेकर समय पर भी विशेष ध्यान दे रही है। चूंकि अभी तक चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। भाजपा ने पार्टी के सभी राज्य प्रभारियों, प्रदेश अध्यक्षों और महासचिवों को 7 जनवरी से पहले लोकसभा योजना बैठक आयोजित करने को कहा है। इन बैठकों की डिटेल भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भेजने का भी निर्देश दिया है।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह

की ओर से लोकसभा योजना बैठक के लिए सभी राज्यों को जेपी नड्डा की ओर से भेजे गए दिशा-निर्देशों में कहा गया है, 7 जनवरी से पहले राष्ट्रीय पार्टी पदाधिकारी की मौजूदगी में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा के लिए बैठक आयोजित की जाए। बड़े राज्यों में अपेक्षित पार्टी प्रतिनिधियों की संख्या 40-50 के बीच हो सकती है और छोटे राज्यों में उनकी संख्या 20-30 होनी चाहिए। इसके अलावा लोकसभा योजना बैठक में हुई सभी चर्चाओं का दस्तावेजीकरण कर अनुमोदन के लिए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजना होगा।

कुछ लोगों ने झूठा प्रचार कर मेरी छवि खराब की : ललन

पटना। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद ललन सिंह ने कहा कि कुछ लोगों ने उनके खिलाफ गलत अभियान चलाकर उनकी छवि खराब करने की कोशिश की। एक कैबिनेट मंत्री के

कार्यालय में जद-यू विधायकों के एक समूह की बैठक में मौजूद होने की खबर को गलत बताते हुए सिंह ने कहा कि वह उस समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ दिल्ली में थे। जारी पत्र में सिंह ने कहा कि वह खबर चलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने जद-यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है, क्योंकि उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अपने लोकसभा क्षेत्र की देखभाल करनी है। इस बीच, भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने शनिवार को दावा किया कि सिंह 12 से 13 विधायकों की मदद से जदयू को तोड़ने की कोशिश में शामिल थे। उन्होंने यह भी दावा किया कि सिंह तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

वृद्धा से सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के 4 आरोपी गिरफ्तार

पटना। बिहार के नवादा में पुलिस ने चार लोगों की गिरफ्तारी के साथ एक बुजुर्ग महिला से सामूहिक बलात्कार और हत्या के मामले का खुलासा किया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान सुनील यादव, विपिन यादव, पिंटू यादव और निरंजन यादव के रूप में की गई है। पांचवां आरोपी कारू यादव अभी भी फरार है। आरोपियों ने 60 वर्षीय एक महिला के स्तन काटने और उसका गला काटने से पहले कथित तौर पर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। घटना 25 दिसंबर की है। नवादा के सदर एसडीपीओ अजय प्रसाद ने कहा, पीड़िता गया जिले के जहाना गांव की रहने वाली थी। वह अपने पति के साथ नवादा में अपने रिश्तेदार से मिलने आई थी।

स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

अमेठी। केंद्रीय मंत्री और उत्तर प्रदेश के अमेठी से सांसद स्मृति ईरानी ने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि अमेठी को क्षमता को न पहचानते हुए कांग्रेस और सपा के नेतृत्व ने अमेठी के साथ दुर्भाग्यवश अन्याय किया। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेठी के त्रिसुंडी इंडियन ऑयल बाटलिंग प्लांट के वर्चुअल उद्घाटन के दौरान कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि इस क्षेत्र ने एक ऐसा सांसद भी देखा जिनका परिवार पूरे देश की सत्ता को अपने हाथ में लेकर बैठा था और उसे पूरे संसदीय कार्यकाल में उन्होंने इस प्लांट की ओर एक नजर देखा तक नहीं। उन्होंने कहा, 'भाई हम तो सिर्फ साढ़े चार साल के सांसद है, 40 साल वालों का तो पहले हिसाब बताओ ।उन्होंने

आगे कहा कि अमेठी की धरती से विकास के कई कार्यो को राष्ट्र के लिए समर्पित करने करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री ने अमेठी त्रिशुंडी में इंडियन आयल बॉटलिंग प्लांट का विस्तार किया। इस प्लांट की क्षमता का छह गुना विस्तार 160 करोड़ की लागत से करना हमारी क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को और भी सुदृढ़ करने का एक सराहनीय प्रयास है।' उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अमेठी में साल 2019 से लेकर सितंबर 2023 तक लगभग 100000 से ज्यादा छोटे व्यापारियों को बैंकों के माध्यम से लगभग 1600 करोड़ का ऋण मिल चुका है। कृषि के क्षेत्र में किसान भाई किसान परिवारों को 2019 से लेकर सितंबर 2023 तक बैंकों के माध्यम से साढ़े चार हजार करोड रुपए मिल चुके हैं। चाहे कृषि का क्षेत्र हो चाहे साउथ एशिया का सबसे बड़ा कोका-कोला का बैटलिंग प्लांट हो चाहे उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा पोल्ट्री फीड का प्लांट हो और आज इंडियन ऑयल का यह प्लांट जिसका विस्तार किया गया है ऐसी कई मैन्युफैक्चरिंग बॉटलिंग और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए उद्योग के नए आयाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी जी के सहयोग से प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं अभिलाषी हूं कि आने वाला समय विशेषता कृषि क्षेत्र में प्रोसेसिंग की दृष्टि से अमेठी के लिए लाभदायक रहेगा।

किडनैपर दंपती गिरफ्तार मासूम सकुशल बरामद

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से अपहृत चार माह के बालक के अपहरण के आरोप में पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर से आरोपी दंपती को गिरफ्तार कर बालक को सकुशल बरामद कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हेमराज मीणा ने बताया कि ठाकुरद्वारा पशुपति एक्रेलिक फैक्ट्री में कार्यरत रामपाल निवासी ग्राम कुडौला थाना राजनगर जनपद छतरपुर मध्य प्रदेश द्वारा अपने चार माह के पुत्र के गायब हो जाने के संबंध मे थाना ठाकुरद्वारा पर 25 दिसंबर को तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर बच्चे की छानबीन शुरू कर दी गई और पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा विवेचनात्मक कार्रवाई करते हुए संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई।

सनकी किंग ने बताया साल 2024 का खतरनाक प्लान, बढ़ाई दुनिया की टेंशन

प्योंगप्यांग(ए.)। उत्तर कोरिया के सनकी किंग किम जोंग उन ने वर्ष 2024 का खतरनाक प्लान बता कर एक बार फिर दुनिया को टेंशन में डाल दिया है। किम जोंग ने कहा कि साल 2024 में उनका देश तीन अतिरिक्त सैन्य टोही उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा, अधिक परमाणु हथियार बनाएगा और आधुनिक मानव रहित लड़ाकू साजो सामान भी बनाएगा। किम ने यह बात सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की एक प्रमुख बैठक में कही। शनिवार को संपन्न हुई ।यह बैठक अगले वर्ष देश के लिए लक्ष्य निर्धारित करने को लेकर की गई थी। किम की टिप्पणियों से स्पष्ट है कि वह देश के शस्त्रागार में हथियारों का जखीरा बढ़ाने के लिए परीक्षण जारी रखेंगे।

आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के अनुसार, किम ने पांच दिवसीय बैठक के दौरान कहा कि उत्तर कोरिया के खिलाफ अमेरिका और उसके सहयोगियों की गतिविधियां अप्रत्याशित रहीं हैं जिससे कोरियाई प्रायद्वीप परमाणु युद्ध के कगार पर पहुंच गया है। केसीएनए के अनुसार किम ने कहा कि गंभीर हालात में हमें युद्ध प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तेजी से काम करने की जरूरत है...।''

कम ग्रेड के स्टूडेंट्स को बाहर करने की योजना बना रहा ब्रिटेन

इंग्लैंड। ब्रिटेन कम ग्रेड वाले विदेशी छात्रों को बाहर करने की योजना बना रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यूके की एडवाइजरी कमेटी ने कहा कि दो साल के ग्रेजुएशन वीजा पर विदेशी छात्र जो हाई ग्रेड हासिल करने में नाकाम रहे हैं। उन्हें यूके से बाहर किया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, यूके के गृह सचिव जेम्स क्लेवरली को अपने रिकॉर्ड-उच्च स्तर से शुद्ध प्रवासन को 300,000 तक कम करने के लिए पांच सूत्री योजना के हिस्से के रूप में ग्रेजुएशन वीजा की समीक्षा करने के लिए कहा गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि जून 2023 में स्नातक होने के बाद 98,000 से अधिक छात्रों को यूके में रहने के लिए दो साल का वीजा दिया गया, जो कि केवल एक वर्ष में 42,000 या 74 प्रतिशत की वृद्धि है।

मेक्सिको और वेनेजुएला ने शरणार्थियों की वापसी का अभियान किया शुरू

मेक्सिको (ए.)। मेक्सिको और वेनेजुएला ने शनिवार को घोषणा की कि उन्होंने मेक्सिको में वेनेजुएला के शरणार्थियों को वापस लाने के लिए उड़ानें फिर से शुरू कर दी हैं। यह कदम लोगों को बड़ी संख्या में अमेरिका में प्रवेश करने से रोकने के लिए उठाया गया है। प्राधिकारियों का कहना है कि हर दिन कम से कम 10,000 शरणार्थी अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर पहुंच रहे हैं ,जिनमें से बड़ी संख्या में लोग शरण पाने के इच्छुक हैं। वापसी उड़ानें शुरू करने का फैसला तब लिया गया जब इस सप्ताह मुख्यतः वेनेजुएला के हजारों लोगों का काफिला दक्षिण मेक्सिको से आगे बढ़ा । लोगों को वापस लाने संबंधी ये उड़ानें अक्टूबर में

मेक्सिको में हुई एक शिखर वार्ता के दौरान क्षेत्रीय नेताओं के बीच बने एक समझौते का हिस्सा हैं जिसका मकसद प्रवास का समाधान तलाशना है। मेक्सिको के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों ने शुक्रवार को एक उड़ान और शनिवार को दूसरी उड़ान के साथ स्वदेश वापसी शुरू की है। यह ''प्रवास के मुद्दों पर सहयोग मजबूत करने'' का प्रयास है। मेक्सिको सरकार ने कहा कि उसने गत 20 जनवरी को भी 110 लोगों के साथ ऐसी ही उड़ान का संचालन किया था। हाल के वर्षों में सीमा पर बड़ी संख्या में शरणार्थियों के पहुंचने के कारण अमेरिकी सरकार ने लातिन अमेरिकी देशों पर शरणार्थियों को उत्तरी सीमा की ओर बढ़ने से रोकने के लिए दबाव डाला है।

न्यूज गैलरी

सीएम ने स्व. महादेव प्रसाद शर्मा के निधन पर जताया शोक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ जिले के कापू निवासी प्रतिष्ठित समाजसेवी स्व. महादेव प्रसाद शर्मा के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवार जनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्वर्गीय श्री शर्मा स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव के साथ जनजाति समुदाय के कल्याण उत्थान की दिशा में सदैव कार्यरत रहे। उन्होंने रायगढ़ जिले में जनजाति लोगों के विकास के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य किया। उनके यशस्वी जीवन से हम सब ने प्रेरणा ली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय शर्मा के परिवार से उनके आत्मीय संबंध रहे हैं। इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति ईश्वर शर्मा परिवार को प्रदान करें।

अधिवक्ता संघ की जमीन में हेराफेरी, रजिस्ट्री रोकने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। अधिवक्ता संघ की करीब दो एकड़ जमीन गलत तरीके से बेचे जाने की तैयारी का आरोप लगा है. ये आरोप संघ के सदस्यों ने ही संघ के पदाधिकारियों पर लगाया है. इस पूरे मामले की शिकायत रजिस्ट्रार से लिखित की गई है, जिसमें नवा रायपुर की करीब 2 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री किए जाने पर रोक लगाने की मांग की गई है. संघ के पदाधिकारियों पर ये भी आरोप है कि सदस्यों को बिना सूचना दिए आमसभा बुला ली गई और अधिवक्ताओं को आबंटित होने वाली जमीन बेचने की तैयारी कर ली गई. इतना ही नहीं जमीन करीब 60 लाख रूपए में बेचे जाने की तैयारी थी और कागजों में इसे 45 लाख रूपए दर्शाया जा रहा था. इस पूरे मामले में अधिवक्ता विजय राठौर द्वारा शिकायत की गई है.

बस का ब्रेक फेल, 3 यात्री घायल

रायपुर/सुकमा/नवप्रदेश। जिले में तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर नाली में घुस गई। हादसे में 3 यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि बस रायपुर से सुकमा जा रही थी। इसी दौरान हाइवे-30 पर बस का ब्रेक फेल हो गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर नाली में घुस गई। मामला तोंगपाल थाना क्षेत्र का है। रात में बस रायपुर से सुकमा के लिए निकली थी। जगदलपुर के बाद सुकमा के रास्ते में तोंगपाल के कोयलाभट्ठी के नजदीक बस का ब्रेक फेल हो गया। इससे बस अनियंत्रित हो गई। जिसके बाद बस सड़क किनारे नाली में जा घुसी। इस हादसे में बस में सवार 3 यात्रियों को चोट आई है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। जिन यात्रियों को चोट आई है, उन्हें फौरन तोंगपाल के अस्पताल ले जाया गया। इनका इलाज चल रहा है। अन्य यात्रियों को किसी दूसरे माध्यम से सुकमा जिला मुख्यालय तक लाया गया। बताया जा रहा है कि यदि बस नाली में नहीं घुसती, तो आगे कोई बड़ा हादसा हो सकता था। बस में 25 से ज्यादा यात्री सवार थे।

दो सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। सेजबहार पुलिस ने नहर किनारे बोरियाकला खार में सट्टा खिलाते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 4570 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सेजबहार पुलिस को सूचना मिली कि नहर किनारे बोरियाकला खार में दो युवक सट्टा खिला रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी चेतन पासी 25 वर्ष व रोहित माहेश्वरी 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 4570 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 20 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। उरला पुलिस ने पीबी 2 ढाबा के सामने उरला में सरेआम शराब पीते आरोपी अमृत पाल 24 वर्ष, दीवाकर प्रसाद साहू 35 वर्ष, संदीप दुबे 32 वर्ष, रमेश निषाद 52 वर्ष व अरूण सिंह राजपूत 55 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह टेकेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी सौरभ पाण्डे 28 वर्ष, रंजीत कुमार 25 वर्ष, केदार नायक 30 वर्ष, अनील सोनी 34 वर्ष, राकेश वर्मा 36 वर्ष, गजेंद्र निषाद 30 वर्ष, सुमीत खटवानी 36 वर्ष, भरत माखिजा 22 वर्ष व शिवकुमार लेखवानी 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी नीलम राजपूत 24 वर्ष, रमेंद्र साहू 36 वर्ष, प्रेमु यादव 38 वर्ष व उपेश्वर ध्रुव 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी करण नवरगे 21 वर्ष एवं खरोरा पुलिस ने आरोपी राजेश पटेल 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अतिक्रमण हटाओ अभियान, कहीं दिखावा तो नहीं?

■ **रेहड़ी वालों के हौसले बुलंद निगम को दे रहे हैं चुनौती, 24 घंटे के अंदर फिर सजी दुकान**



रायपुर/नवप्रदेश। अतिक्रमण हटाओ अभियान कहीं दिखावा तो नहीं ? सरकार बदलते ही अधिकारियों के सुर भी बदल गए थे और कार्य शैली भी बदल गई हैं। रात भर खुली रहने वाली दुकान 10:00 बजे बंद होने लगीजुलिस की सक्रियता भी बढ़ी, बेलगाम हो चुके अपराधी पर पुलिस ने शिकंजा भी कसा। दूसरा तरफ अतिक्रमण का दस्ता भी सक्रिय हुआ और रायपुर को राजधानी के अनुरूप व्यवस्थित करने के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम के द्वारा लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। सभी जोन में, नगर निगम की इस कार्रवाई से लोगों में काफी खुशी है लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि नगर निगम कार्रवाई करता है। दूसरे दिन फिर रोड पर दुकान लग जाती है। रविवार को न्यू राजेंद्र नगर इलाके में भी निगम अमला सक्रिय हुआ। अतिक्रमण हटाया गया और लोगों ने राहत की सास्त्री लेकिन सोमवार को फिर से दुकानदारों ने पुन अतिक्रमण करना शुरू कर दिया सौंदर्य प्रसाधन की दुकान हो या रोड के किनारे लगने वाली दुकान फिर से अपने जगह पर लगी हुई पाई गई और निगम अमले को चुनौती देने के अंदाज में फिर से दुकान लग चुकी है। कमोबेश यही हालात बैजनाथपारा, गोलबाज़ार, कटोरा तालाब, टिकरापारा हटरी, संजय नगर, शंकर नगर, शास्त्री बाजार और भाटागांव सब्जी बाजार का है। यातायात को बाधित करते दुकानदारों का सामान सड़कों की हदों में रखे जा रहे हैं। ट्रैफिक जाम की बदतर स्थिति तब बनती है जब बेतरतीब खड़ी गाड़ियां ग्राहक सड़क पर रख रहे हैं। रोड में फिर से जाम लगना शुरू हो गया है 24 घंटे के अंदर अतिक्रमण मुक्त भी किया गया निगम के अतिक्रमण भी किया गया निगम के दावों की पोल और दुकानदारों की के हौसलों को बयां करने के लिए चंद तस्वीर ही काफी है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को चेंबर के प्रतिनिधिमंडल ने भेंटकर दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी ने कहा कि प्रदेश की उन्नति में व्यापारी समाज सदैव ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है। प्रदेश के 12 लाख व्यापारी एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज आगे भी प्रदेश के विकास हेतु शासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी, उपाध्यक्ष-हीरा माखीजा, नरेंद्र हरचंदानी, पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा, महेश दरयानी, टी. श्रीनिवास रेड्डी, जय नानवानी, मंत्री- निलेश मुंधड़ा, शंकर बजाज, राजेंद्र खटवानी, राकेश (जनक) वाधवानी, दिलीप इसरानी, विक्रांत राठौर, राजेश शर्मा, सुनील मिश्रा, युवा चेंबर प्रदेश अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, महामंत्री कांति पटेल, युवा चेंबर उपाध्यक्ष-जयेश पटेल, विपुल पटेल, युवा चेम्बर मंत्री गोल्डी लूनिया, जयंत मोहता, ट्रांसपोर्ट चेम्बर- प्रदेश अध्यक्ष अमरीक सिंह, महामंत्री नवीन शर्मा, सचिव राजेश शर्मा, श्रवण विश्नोई, बंटी शर्मा, अशोक शर्मा, देवीलाल शर्मा, मिलन भारद्वाज, रमेश भट्ट, दीपक शर्मा, पवन अग्रवाल, महिला चेम्बर महामंत्री श्रीमती पिंकी अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती हेमल शाह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

प्रदेश में 31 नए मरीज मिलने के बाद मचा हड़कंप

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में कोरोना के नए केस लगातार सामने आता जा रहा है। राज्य के अलग-अलग इलाकों से कई नए मरीजों की पहचान हो रही है। वहीं मौतों का सिलसिला भी शुरू हो गया है। राज्य में कोरोना विस्फोट के साथ 31 नए मरीजों की पहचान हुई है। कल मिले 31 मरीजों के बाद प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 66 हो गई है। शुक्रवार को प्रदेश में 10 नए मरीजों की पुष्टि हुई थी। जिसके बाद शनिवार को एक साथ 66 नए मरीज मिले हैं। सबसे ज्यादा रायगढ़ में 14 नए मरीज पाए गए हैं और रायपुर में 10 कोरोना मरीज मिले हैं। पॉजिटिविटी दर की बात करें तो 0.78 प्रतिशत है। रायपुर में अभी 15 एक्टिव मरीज हैं। वहीं रायगढ़ में सक्रिय मरीजों की संख्या 22, दुर्ग में 12 केस हैं। बस्तर में आज एक मरीज मिले हैं, बस्तर में अब कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 6 हो गई है।

चयन प्रक्रिया के संबंध में भ्रामक खबरों का प्रकाशन, आयोग ने किया खंडन

रायपुर/नवप्रदेश। व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा-2022 में सम्मिलित अभ्यर्थी के द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से चाही गई जानकारी के संदर्भ में विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से यह जानकारी प्रसारित की जा रही है कि सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चाही गई जानकारी प्रदान नहीं की जा रही है।

उक्त संबंध में वस्तुस्थिति यह है कि लोक सेवा आयोग द्वारा विद्यमान नियमों अधिनियमों व निर्देशों के तहत दायित्वों का निर्वहन किया जाता रहा है। व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा-2022 के विज्ञापन के साथ प्रकाशित परीक्षा योजना की कंडिका 6(ड़) में, प्रारंभिक परीक्षा की अंकसूची जारी न किए जाने संबंधी स्पष्ट उल्लेख है। साथ ही विज्ञापन की कंडिका 17 में भी स्पष्ट रुप से उल्लेखित किया गया है कि "किसी भी लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार से संबंधित प्राप्तांकों की सूची तभी जारी की जाएगी जब संबंधित विज्ञापन के माध्यम से विज्ञापित पदों हेतु अंतिम चयन सूची जारी कर दी जाए। विज्ञापन की कंडिका 19 में उल्लेखित है कि "दावा आपत्ति निराकरण के बाद अंतिम चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात संशोधित मॉडल उत्तर आयोग के वेबसाइट में जारी किया जाएगा।

उक्त कंडिकाओं के तहत अंतिम चयन सूची जारी होने के पूर्व आवेदकों को सामान्य अथवा सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत आवेदन के आधार पर प्राप्तांकों, कट ऑफ अंकों अथवा मॉडल उत्तर संबंधी जानकारी एवं उत्तर पुस्तिका की प्रति इत्यादी प्रदान नहीं की जाती है। कतिपय समाचार पत्रों द्वारा प्रसारित किया जा रहा है कि राज्य सूचना आयोग के आदेश पर भी छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा-2022 के कट ऑफ मार्क्स, संशोधित मॉडल उत्तर, आवेदक के प्राप्तांक और ओ.एम.आर. शीट की प्रति प्रदान नहीं की गई है। उक्त के संदर्भ में उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन की कंडिकाओं के तहत जानकारी प्रदान नहीं की गई थी तथा राज्य सूचना आयोग के जानकारी प्रदान करने के आदेश पर संदर्भित प्रकरण में आदेश के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा 8 दिसंबर 23 को याचिका दायर की गई है। कतिपय समाचार पत्रों द्वारा यह लेख किया गया है कि लोक सेवा आयोग ने 25 दिसंबर तक उच्च न्यायालय में कोई रिट दायर नहीं की है साथ ही कतिपय समाचार पत्रों द्वारा राज्य सूचना आयोग में पी.एस. सी. की तरफ से उपस्थित अधिकारी तथा उनके द्वारा राज्य सूचना आयोग के समक्ष किए गए कथन के संबंध में गलत जानकारी प्रकाशित की गई है जो कि असत्य है, जिसके संदर्भ में राज्य सूचना आयोग के समक्ष सुनवाई में उपस्थित छ.ग. लोक सेवा आयोग के सहायक जन सूचना अधिकारी द्वारा 24 नवंबर 23 को आयोग के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। विभिन्न समाचार पत्रों द्वारा प्रकाशित उक्त भ्रामक समाचारों का छ.ग. लोक सेवा आयोग खंडन करता है।

एनआईटी रायपुर और सिपेट चेन्नई ने किए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

रायपुर/नवप्रदेश। सहयोग और अनुसंधान के अवसरों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर और सिपेट,चेन्नई ने आज शुक्रवार 29 दिसंबर को डॉ. एन. वी. रमना राव, निदेशक, एनआईटी रायपुर और डॉ. शिशिर सिन्हा, महानिदेशक, सिपेट, चेन्नई की मौजूदगी में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान प्रो. कमल किशोर पंत (निदेशक, आईआईटी रुड़की), डॉ. आलोक साहू, निदेशक, सिपेट, रायपुर, डॉ. श्रीश वर्मा, डीन (अकादमिक), डॉ. राजेश के. त्रिपाठी, डीन (योजना एवं विकास), डॉ. प्रभात दीवान, डीन (अनुसंधान एवं परामर्श), और डॉ. देवाशीष सान्याल, डीन (संकाय कल्याण) और दोनों ही संस्थानों के एमओयू नोडल अधिकारी और संकाय सदस्य उपस्थित रहे। इस समझौता ज्ञापन का प्राथमिक उद्देश्य एनआईटी, रायपुर और सिपेट चेन्नई के बीच आपसी सहयोग स्थापित करना है, साथ ही दोनों संस्थानों के हितधारकों के लिए उनके संसाधनों और उन्नत तकनीकों के उपयोग के अवसर प्रदान करना है। अपनी बौद्धिक क्षमताओं का लाभ उठाते हुए, दोनों संस्थानों के संकाय सदस्य उद्योग जगत की जरूरतों को पूरा करने के लिए उपयुक्त शिक्षण और उचित कौशल प्रणाली विकसित करने के लिए मिलकर काम करेंगे।एमओयू की शर्तों के तहत, दोनों संस्थान बौद्धिक संपदा की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अपनी महत्वपूर्ण अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं को साझा करने पर सहमत हुए हैं। दोनो संस्थान संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं के अवसर तलाशेंगे और उनके लिए फंडिंग की तलाश करेंगे। दोनों संस्थान छात्रों को उद्योग जगत के लिए तैयार करने के लिए प्रशिक्षण देने में सक्रिय रूप से संलग्न रहेंगे। छात्रों को इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के लिए संस्थानों द्वारा आवश्यक समर्थन और सहायता भी प्रदान की जाएगी। दोनों संस्थानों में आपसी हित और उपलब्ध विशेषज्ञता के आधार पर अल्पकालिक पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमिनार, कार्यशालाओं और सम्मेलनों जैसी संयुक्त शैक्षणिक गतिविधियां तैयार की जाएंगी।

रेल विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के साथ सौतेला व्यवहार : गुप्ता

रायपुर/नवप्रदेश। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि राज्य की जनता को त्यौहारी सीजन में सबसे बड़े आवागमन के साधन रेल से वंचित करने की साजिश कोरोना काल से शुरू हुई जो आज तक बदस्तूर जारी है जबकि स्थानीय छत्तीसगढ़ियों का रेलवे ही एकमात्र बड़ा साधन है, एक ओर गरीबी की चिंता करने की बड़े-बड़े दावे करने वाले केन्द्र की भाजपा सरकार देश की जनता की भावनाओं के साथ लगातार कुठाराघात कर रही है। लोग रेलवे स्टेशन पहुंचकर बेवट परेशान हो रहे हैं जब चाहे तब दर्जनों रेलगाड़ियों का परिचालन बंद कर दिया जाता है इससे सीधा ट्रेन पकड़ने पहुंच रहे स्थानीय रेल यात्रियों को परेशानी के साथ सड़क मार्ग से भारी भरकम कीमत चुकानी पड़ रही है।

च्वाइस सेंटर में जमा कर सकेंगे संपत्ति कर

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर के 70 वार्डों में बकाया संपत्तिकर का भुगतान करने के लिए निगम प्रशासन ने सुविधा उपलब्ध कराई है। अब शहर के किसी भी च्वाइस सेंटर में संपत्तिकर का भुगतान किया जा सकता है। च्वाइस सेंटर के 50 से अधिक संचालकों को निगम के अधिकारियों ने तैयार माड्यूल का प्रशिक्षण दिलाया। निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, उपायुक्त राजस्व डा. आरके डोंगरे सहित सभी जोनों के सहायक राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आइटी विशेषज्ञ रंजीत रंजन ने शहर के चाइस सेंटर संचालकों को संपत्तिकर संग्रहण की प्रक्रिया के लिए तैयार माड्यूल की जानकारी दी। उन्हें च्वाइस सेंटर में आने वाले संपत्ति करदाताओं से कर लेने की निगम की आनलाइन भुगतान प्रणाली, करदाता की आइडी सर्च करने के साथ ही बकाया कर की राशि की जानकारी देने को कहा। करदाता नागरिक यदि चाहें, तो संपत्तिकर का नकद भुगतान भी चाइस सेंटर में कर सकेंगे। ऐसे प्रकरण आने पर नकद लेकर डिजिटल भुगतान निगम की प्रणाली में कर दिया जाएगा। कर भुगतान होते ही उसकी रसीद सिस्टम से जनरेट हो जाएगी, जिसे प्रिंट कर करदाता को संचालक अपनी सील लगाकर और हस्ताक्षर करके देंगे। डिजिटल भुगतान सिस्टम में आने वाले सभी माध्यमों से शहर का कोई भी संपत्तिकर दाता चाइस सेंटर जाकर अपना बकाया कर का आसानी से भुगतान कर सकेगा।

योगांश योगा एकेडमी अब योगा टीचर्स बनाने का नया हब

■ **योगांश योगा एकेडमी में संपन्न हुआ चौथा ट्रेडिशनल सर्टिफिकेशन सेरेमनी कार्यक्रम**

रायपुर/नवप्रदेश। योगा क्लासेस और योगा टीचर्स ट्रेनिंग के क्षेत्र में योगांश ने अपना एक अलग मुकाम बना लिया है। शनिवार 30 दिसंबर को योगांश योगा एकेडमी, रायपुर में ट्रेनी योग टीचर्स को पात्रता सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। यह एकेडमी का चौथा ऐसा कार्यक्रम था। अभी तक करीब 5 दर्जन योग टीचर्स यहां से ट्रेनिंग लेकर अपने-अपने जिले शहर एवं कस्बों में योग अभ्यास के क्षेत्र में नाम कमा रहे है। कार्यक्रम हवन, पूजन एवं परंपरागत हिंदू विधि विधान से संपन्न हुआ इसमें वर्तमान बैच के साथ पूर्व में पात्रता ले चुके टीचर्स और छात्रगण मौजूद थे। इस मौके पर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर सागर मलाकार सर एवम् एम.डी सीमा पटेल जी, ट्रेनर हिमानी साहू, भूपेंद्र साहू, माधुरी साहू, भानुजा नायक, हरेंद्र मिश्रा, दिवाकर सिंह, महामृत्युंजय ,नर्मदकांत मौजूद थे। डायरेक्टर सागर मालाकार ने सर्टिफिकेट प्राप्त कर रहे ट्रेनर्स से कहा कि योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के लिए सदैव तत्पर रहें। समय के साथ निरंतर शिक्षा एवं सीख ग्रहण करते रहे।

उन्होंने ट्रेनर्स से कहा एक एक बेहतर शिक्षक वही बनता है जो जीवन भर सीखने की ललक रखता है मैं आज भी पढ़ते और सीखते रहता हूं। उन्होंने सभी ट्रेनर्स को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी।

नववर्ष के स्वागत में छात्र निकालेंगे तिरंगा यात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। विद्यार्थियों के मन में देशप्रेम की भावना से नववर्ष का स्वागत करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष छत्रपति शिवाजी स्कूल द्वारा एक जनवरी को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाती है। इसका मकसद होता है कि विद्यार्थी वर्ग अंग्रेज़ी नए साल का स्वागत भारतीय राष्ट्र ध्वज,भारतीय सेना का सम्मान करते हुए तथा भारत को आज़ादी दिलाने वाले शहीदों का स्मरण करते हुए करे । इस वर्ष यह भव्य तिरंगा यात्रा ठीक सुबह सात बजे श्री अंबा देवी मंदिर प्रांगण,सत्तीबाजार से निकाली जाएगी जो वहां से आजाद चौक, तात्यापारा,फूलचौक, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, कोतवाली चौक,सदर बाजार होते हुए वापस अंबा देवी मंदिर में समाप्त होगी । यात्रा का शुभारंभ उप पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी सच्चिदानंद उपासने एवं शिक्षाविद् आशुतोष सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। यात्रा में सभी विद्यार्थियों के हाथों में तिरंगा झंडा व देशभक्ति के नारों वाली तख्तियां होंगी। भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी समेत महापुरुषों छत्रपति शिवाजी, महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस,शहीद भगत सिंह,रानी लक्ष्मीबाई व सेना की वर्दी में अनेक विद्यार्थी यात्रा में शामिल होंगे। सुसज्जित बग्घियों पर ये महापुरुष वेशधारी बच्चे सवार रहेंगे। जहां एक ओर गाड़ियों में लगे साउंड सिस्टम से देशभक्ति के गाने बजते रहेंगे वहीं दुसरी तरफशानदार बैंड में बजने वाले देशभक्ति के गीतों पर विद्यार्थी थिरकते चलेंगे। पूरे रास्ते छात्र भारत माता की जय, वंदेमातरम, भारतीय सेना ज़िंदाबाद,वीर शहीद अमर रहे, तिरंगा झंडा ज़िंदाबाद आदि नारों से सभी मार्गों को देशप्रेम की भावना से सराबोर करेंगे ।

न्यू जनरेशन फैमिली स्टोर के जीतो ढोल बजाकर का बंपर ड्रॉ

■ **ग्राहकों ने कार, इलेक्ट्रिक स्कूटर व बाइक जीते**

रायपुर/नवप्रदेश। न्यू जनरेशन फैमिली अपेरल स्टोर, बिलासपुर में अपनी शुरूआत के साथ ही बिलासपुर वासियों के लिए खरीददारी का एक लोकप्रिय व प्रतिष्ठित नाम बन चुका है। यहाँ पर "जीतो ढोल बजाकर" भव्य ऑफ़र में मात्र 3000 रूपये की खरीदी पर ग्राहकों को लकी ड्रॉ के द्वारा लाखों रूपयों की गिफ्ट जीतने का मौका दिया जाता रहा है। 24 सितम्बर को हुए पहले ड्रा के साथ ही यहां हर सप्ताह, लकी ड्रा के द्वारा ग्राहकों को उपहार दिए जाते रहे ड्रा अब तक कुल 14 लकी ड्रॉ किये जा चुके है। 30 दिसम्बर को शाम 6 बजे सम्पन्न हुए बम्पर ड्रा में- मारुती अल्टो कार, इलेक्ट्रिक स्कूटर एवं बाइक जीतने का मौका ग्राहकों के लिए उत्साह व हर्ष लेकर आया। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि डॉ. किरनपाल संग चावला, डॉ. प्रतिभा माखीजा, एवं पायल लाठ ने विजेताओं को उपहार दिये इसमें आल्टो कार के भाग्यशाली विजेता ईशा सराफ (2181) हीरो बाईक अंकुर तिवारी (5187) इलेक्ट्रिक बाईक (मोपेड) शोभराज (10302 को मिला)। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण इंस्टाग्राम में दिखाया जाएगा। फ्लि रूप टावर, सीएमडी चौक में, न्यू जनरेशन के 22000 स्के.फे. के विशाल शोरूम में मेन, वुमेन व किड्स के विशाल रेंज उपलब्ध है। त्यौहार व शादी ब्याह के मौको पर खरीददारी करने वाले ग्राहकों को वस्त्र के भव्य शोरूम की खास बात यह है कि, यहाँ वेडिंग कलेक्शन की खरीददारी के लिये आने वाले ग्राहकों के लिये, एयरकंडीशन लाउंज बनाया गया है।

जिसमें पूरी फेमिली बीआईपी फील के साथ खरीददारी का आनंद उठा सकती है। वेडिंग रेंज में ग्राहकों के लिये सजाई से लुभाते है, जिनमें इंटरनेशनल व नेशनल ब्रांड्स के प्रतिष्ठित रेंज शामिल है। न्यू जनरेशन विदाई तक की पूरी रेंज रखी गई है। न्यू जनरेशन स्टोर की शुरूआत श्री परमानंद बजाज के द्वारा 2 दशक पूर्व की गई थी, जिसे वे अपने दो पुत्रों लक्ष्मण व रितेश बजाज के साथ, सफलतापूर्वक संचालित कर रहे है। बिलासपुर में न्यू जनरेशन फेमिली स्टोर यहाँ नव वर्ष व विवाह की खरीददारी करने वाले बिलासपुर वासियों के लिये एक शानदार विकल्प है के लिये एक छत के नीचे मिल रहे हैं न्यू जनरेशन स्टोर, रायपुर के पिछले 20 वर्षों से एक श्रेष्ठ कार्य संस्कृति व अनुशासन के साथ व्यापार करने के लिये प्रतिष्ठा प्राप्त है।

संपादकीय

फिर नीतिश के हाथों जदयू की कमान

जैसी की संभावना थी कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने एक बार फिर जदयू की कमान संभाल ली। नई दिल्ली में हुई जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारीनी की बैठक में ललन सिंह ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया और उनके स्थान पर सर्वसम्मति से नीतिश कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। उनकी नियुक्ति पर बिहार जनता दल यूनाईटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने दावा किया है कि नीतिश कुमार के हाथों जदयू की कमान आने से अब देश भर में जदयू का झंडा बुलंद होगा और उनके नेतृत्व में लोकसभा चुनाव तथा बिहार विधानसभा चुनाव में जदयू नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। जदयू नीतिश कुमार के मार्गदर्शन में न सिर्फ बिहार की नंबर 1 पार्टी बनेगी बल्कि राष्ट्रीय स्थर पर भी जदयू का विस्तार होगा। गौरतलब है कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह की बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के साथ नजदिकिया बढ़ रही थी। जिसकी वजह से नीतिश कुमार ने उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटाने का मन बना लिया था। बिहार में यह कयास लगाए जा रहे थे कि ललन सिंह जदयू को दो फाड़ करने की योजना बना रहे थे। क्योंकि नीतिश कुमार अभी वहां राजद के समर्थन से मुख्यमंत्री पद पर आसीन है और राजद सुप्रीमों लालू यादव अपने बेटे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने की कवायद में जुटे हुए है। अब चूंकि नीतिश कुमार को नवगठित आईएनडीआईए का संयोजक नहीं बनाया गया है और न ही विपक्षी की ओर से उन्हें प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में नीतिश कुमार बिहार का मुख्यमंत्री पद छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। यदि तेजस्वी यादव को बचे हुए कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री बनना है तो उसका एक ही रास्ता है कि जदयू में तोड़ फोड़ की जाए इस खतरे को नीतिश कुमार ने समय रहते भांप लिया और ललन सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटाकर पार्टी की बाग डोर खुद ही संभाल ली। बिहार की राजनीति में यह कोई नई बात नहीं है। वैसे भी जदयू नीतिश कुमार की प्राइवेट लिमिटेड पार्टी मानी जाती है। इस पार्टी का जो भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाता है वह नीतिश कुमार का मोहरा ही माना जाता है। जो भी राष्ट्रीय अध्यक्ष उनसे बाहर जाने की कोशिश करता है उसकी छूट्टी कर दी जाती है। बहरहाल जदयू में दो खेमे बन गए थे। इसमें से एक खेमा राजद के साथ बने रहने का पक्षधर है तो दूसरा खेमा एक बार फिर एनडीए का हिस्सा बनने पर बल दे रहा है। जहां तक नीतिश कुमार की बात है। तो वे लालू यादव से भी नाराज बताए जाते है। नीतिश कुमार को इस बात की पीड़ा है कि नई दिल्ली में आईएनडीआईए की जो चौथी बैठक हुई थी उसमें लालू यादव ने नीतिश कुमार को गठबंधन का संयोजक बनाने और विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री का चेहरा बनाने का प्रस्ताव नहीं रखा। इसकी जगह ममता बनर्जी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री का चेहरा बनाने का प्रस्ताव रखा। जिसका नई दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने समर्थन कर दिया। यद्यपि यह प्रस्ताव अभी पारित नहीं हुआ है लेकिन इससे नीतिश कुमार को ठेस लगी है। उनकी पीड़ा स्वभाविक है क्योंकि आईएनडीआईए के गठन में नीतिश कुमार ने ही प्रमुख शिल्पकार की भूमिका निभाई थी। पूरे देश का दौरा करके उन्होंने सभी विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने का भागीरथ प्रयास किया था और इसकी पहली बैठक उन्होंने बिहार की राजधानी पटना में आहुत की थी। उन्हें उम्मीद थी कि पहली ही बैठक में उन्हें इस गठबंधन का संयोजक बना दिया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया दूसरी, तीसरी और चौथी बैठक में भी नीतिश कुमार के नाम की चर्चा तक नहीं हुई। जबकि जदयू ने इसके लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। पटना से लेकर नई दिल्ली तक हर जगह यह पोस्टर लगाए गए थे कि देश का प्रधानमंत्री कैसा हो नीतिश कुमार जैसा हो। इन तमाम प्रयासों के बावजूद बात नहीं बन पाई। इसलिए अब नीतिश कुमार का अगला कदम क्या होगा यह देखना दिलचस्प होगा।

पूरे विश्व को मानना होगा एक परिवार

रमेश सर्राफ

दुनिया भर में लोग नए साल की पहली सुबह का आनंद उठाते हैं। लोग अपने दोस्तों, परिवार और करीबी लोगों के इस खास दिन का जश्न मनाते हैं। नए साल के साथ ही साल के पहले दिन यानी एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। हर साल एक जनवरी को मनाए जाने वाले इस दिवस के जरिए परिवारों के माध्यम से राष्ट्रों और संस्कृतियों में एकता, समुदाय और भाईचारे की भावना पैदा करता है। दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी है कि एक परिवार का निर्माण हो। ताकि विश्व में शांति की स्थापना होने के साथ ही हिंसा भी कम की जा सकें।

महात्मा गांधी का एक प्रसिद्ध भजन है वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे। दूसरों की पीड़ा समझने वाला ईश्वर के समान होता है। गांधी जी के इस भजन की पंक्तियों को भारत सही अर्थों में चरितार्थ कर रहा है। भारत हमेशा से ही विश्व बंधुत्व की भावना के सिद्धांत को अपनाकर उसी मार्ग पर चलाता आ रहा है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो हमेशा से ही सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करता रहा है। आज भी दुनिया के किसी भी देश में कैसा भी संकट आया हो भारत उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा नजर आता है। इसी को कहते हैं विश्व बंधुत्व की भावना। वैश्विक परिवार दिवस यदि दुनिया का कोई देश सही मायने में मनाता है तो वह भारत ही हैं। भारत में आज भी अतिथि देवो भव की भावना जिंदा है। यहां के लोग स्वयं भूखे रहकर अतिथियों को भोजन करवाना अपना परम धर्म समझते रहे हैं। जब पूरी दुनिया नए साल का जश्न मनाती है। उसी दिन पूरे विश्व में वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है। ताकि विश्व में रहने वाले सभी लोग एक परिवार की तरह रहें। इस तरह विश्व के सभी राष्ट्रों और समुदाय में भाईचारे की भावना पैदा हो सके। वैश्विक परिवार दिवस जिसे विश्व शांति दिवस के रूप में भी जाना जाता है। दुनिया में सद्भाव और एकता की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है।यह दुनिया के एक वैश्विक गांव के विचार पर जोर देता है। जिसमें नागरिकता, सीमा या नस्ल की परवाह किए बिना हम सभी एक परिवार हैं। वैश्विक परिवार दिवस की उत्पत्ति दो पुस्तकों में हुई थी। पहली 1996 में अमेरिकी लेखकों स्टीव डायमंड और रॉबर्ट एलन सिल्वरस्टीन द्वारा लिखित वन डे इन पीस 1 जनवरी 2000 नामक बच्चों की किताब थी। वहीं दूसरी किताब अमेरिकी शांति कार्यकर्ता और लेखक लिंडा ग्रोवर का 1998 का यूटोपियन उपन्यास ट्री आइलैंडरू ए नॉवेल फॉर द न्यू मिलेनियम थी। विशेष रूप से ग्रोवर ने 1 जनवरी को शांति के वैश्विक दिवस के रूप में स्थापित करने काफी अहम भूमिका निभाई थी। इन किताबों के विचारों के आधार पर ही 1997 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1 जनवरी को शांति का एक दिन मनाने की घोषणा की। बाद में 1999 में संयुक्त राष्ट्र और इसके सदस्य देशों ने पहली बार वैश्विक परिवार दिवस मनाया गया। इस दिवस की सफलता को देखते हुए साल 2001 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिन को एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में स्थापित किया। इसके बाद से हर साल एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। नए साल की शुरुआत के साथ ही इस दिन को मनाने का मकसद एक ऐसे समाज की स्थापना करने का प्रयास है जहां सिर्फ शांति हो।

हालांकि यह एक नई शांतिपूर्ण दुनिया की शुरुआत थी और 1999 में सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को शांति निर्माण की दिशा में रणनीति विकसित करने के लिए उस विशेष वर्ष के पहले दिन को औपचारिक रूप से समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए 2001 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक परिवार दिवस को एक वार्षिक कार्यक्रम घोषित किया गया। पहला वैश्विक परिवार दिवस पहली बार वर्ष 2000 में एक जनवरी को देखा गया था। तब से हर साल नए साल के पहले दिन को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाता है।

यह दिन पूरे विश्व को एक परिवार मानता है। वैश्विक परिवार दिवस को शांति और साझाकरण के वैश्विक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य बहुसंस्कृतिवाद, बहुलवाद को बढ़ावा देना और शांति और सद्भाव के साथ एक-दूसरे के साथ रहना सिखाना है। यह दिन विश्व के एक वैश्विक परिवार होने के विचार को बढ़ावा देता है। इसका उद्देश्य एकजुट होना और इस विचार को बढ़ावा देकर शांति का संदेश फैलाना है कि पृथ्वी एक वैश्विक परिवार है। ताकि दुनिया को सभी के लिए रहने के लिए एक बेहतर जगह बनाया जा सके। नए साल के आगाज साथ ही वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। वैश्विक परिवार दिवस को हर साल एक जनवरी को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया के सभी देशों, धर्मों के बीच शांति की स्थापना करते हुए युद्ध और अहिंसा को टालना है। साथ ही यह भी कोशिश है कि आपसी मतभेदों को बात-चीत के जरिए से निपटाया जाए और एक शांतिपूर्ण समाज की स्थापना की जा सके। इस दिन के लिए परिवार को काफी अहम माना गया है। क्योंकि परिवार के जरिए ही विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है। वैश्विक परिवार दिवस मनाने का सबसे अच्छा तरीका अपने परिवार के साथ दिन बिताना है। इस दिन लोग एक साथ रात्रिभोज की योजना बनाते हैं और अन्य पारिवारिक गतिविधियों का आनंद लेते हैं जो उनके बंधन को मजबूत करते हैं और शांति को बढ़ावा देते हैं। परिवार के साथ मनोरंजक गतिविधियों में एक साथ शिविर लगाना या एक साथ खाना बनाना, पिकनिक पर जाना, ट्रेक और बहुत कुछ शामिल हो सकता है। इस दिन को समुदाय के हिस्से के रूप में मनाने के लिए आप उन संगठनों के लिए स्वयंसेवक बन सकते हैं जो समुदाय का निर्माण करते हैं, हिंसा को कम करते हैं और अपने परिवार के साथ सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं।

भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौता- एक फायदेमंद सौदा

पीयूष गोयल

वाणिज्य एवं उद्योग, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, उपभोक्ता मामले और वस्त्र मंत्री

प्रधानमंत्री श्री मोदी इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट हैं कि हर नीति या समझौता राष्ट्रीय हित में होना चाहिए और देश के लिए लाभकारी होना चाहिए। इसी भावना से, हमने मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया और यूएई के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं तथा वही मार्गदर्शक सिद्धांत अन्य देशों के साथ बातचीत को आकार दे रहे हैं। हम निष्पक्ष, पारदर्शी और पारस्परिक रूप से लाभप्रद समझौतों की आकांक्षा रखते हैं, जो हमारे व्यवसायों को प्रतिस्पर्धी बनाते हैं, उनके लिए नए बाजार खोलते हैं, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि ये एफटीए व्यापार और वाणिज्य का विस्तार करते हैं तथा आर्थिक विकास को गति देते हैं। इससे रोजगार और व्यापार के अवसर पैदा होते हैं। ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए ने अपने पहले वर्ष में यह कर दिखाया है।

साल भर पहले लागू होने वाला भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौता (इंडऑस ईसीटीए) इस बात का जीता-जागता उदाहरण है कि कैसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की प्रमुख पहलों को मद्देनजर रखते हुए सभी हितग्राहियों के साथ व्यापक परामर्श के बाद सूझ-बूझ के साथ योजना बनाई जाती है तथा आम आदमी समेत छोटे एवं मध्यम उद्योग के लाभ के लिए प्रभावी ढंग से उन्हें क्रियान्वित किया जाता है।

इंडऑस ईसीटीए दो क्रिकेट-प्रेमी देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद समझौता है, जो हमारे अमृत काल में आत्मविश्वासी और आकांक्षी नए भारत के वैश्विक दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह दो संसदीय लोकतंत्रों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करता है, जो कानून के शासन का समर्थन करते हैं और समान कानूनी प्रणालियां रखते हैं। दोनों देश जापान और अमेरिका के साथ क्वाड का हिस्सा हैं। दोनों देश जापान के साथ त्रिपक्षीय आपूर्ति श्रृंखला अनुकूलन पहल (एससीआरआई) में शामिल हो गए हैं। दोनों देश 14-सदस्यीय इंडो पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) के भी सदस्य हैं। मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) एक दशक से अधिक समय में किसी विकसित देश के साथ भारत की पहली व्यापार संधि है, जिसमें अपार क्षमता निहित है। भारत मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया से कच्चा माल और मध्यवर्ती सामान आयात करता है, जबकि इसका निर्यात मुख्य रूप से तैयार उत्पाद हैं। इसलिए, एफटीए भारतीय उद्यमियों की उत्पादन लागत को कम करेगा और उनके सामान को घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा। इससे भारतीय स्टार्ट-अप को आगे बढ़ने के बेहतरीन अवसर भी मिलते हैं।

निर्यात में मजबूत वृद्धि

आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि इंडऑस ईसीटीए ने एक बहुत ही आशाजनक शुरुआत की है, जिसने मोदी सरकार के इस विश्वास को मजबूत किया है कि इससे श्रम-केंद्रित क्षेत्रों में लाखों नौकरियां पैदा करने में मदद मिलेगी, क्योंकि भारतीय उत्पादों को विशाल ऑस्ट्रेलियाई बाजार में शत-प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलती है। अप्रैल-नवंबर 2023-24 में ऑस्ट्रेलिया को भारत का माल निर्यात 14 प्रतिशत बढ़ा है, जो चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में बाकी दुनिया के साथ भारत के व्यापार की तुलना में निर्णायक रूप से बेहतर प्रदर्शन है। प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं में मांग सिकुड़ गई है। ऑस्ट्रेलिया का कुल आयात चार प्रतिशत कम हो गया है, लेकिन भारत से इसकी खरीदारी जोरदार तरीके से बढ़ी है। ऑस्ट्रेलिया से भारत का आयात 19 प्रतिशत कम हो गया है, जिससे व्यापार घाटे में 39 प्रतिशत कमी आ गई है। रोजगार का सृजन करने वाले क्षेत्रों में प्रेफेंशियल लाइन्स के तहत ऑस्ट्रेलिया को निर्यात में जोरदार वृद्धि हुई। ऑस्ट्रेलिया को इंजीनियरिंग सामानों का निर्यात अप्रैल-अक्टूबर 2023-24 में 24 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि कुल निर्यात में केवल एक प्रतिशत की वृद्धि हुई। रेडीमेड कपड़ों में, ऑस्ट्रेलिया को शिपमेंट में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कुल निर्यात में गिरावट आई। आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते (ईसीटीए) ने ऑस्ट्रेलिया को इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और प्लास्टिक के शिपमेंट में इन क्षेत्रों में समग्र निर्यात से बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की। इसके अलावा, भारत ऑस्ट्रेलिया को 700 से अधिक नई वस्तुओं का निर्यात कर रहा है। वर्ष 2023-24 के पहले 10 महीनों में ये निर्यात 335 मिलियन अमेरिकी डॉलर का है, जिसमें 65 मिलियन डॉलर के स्मार्टफोन भी शामिल हैं। अन्य नए उत्पादों में रत्न और आभूषण क्षेत्र की कई वस्तुएं, लाइट ऑयल, गैर-औद्योगिक हीरे और साथ ही रेशम से बने स्कर्ट और कपड़े शामिल हैं।

एफडीआई में बड़ा उछाल

हमारे व्यापार साझीदार मानते हैं कि प्रधानमंत्री ने भारतीय अर्थव्यवस्था को सराहनीय ढंग से आगे बढ़ाया है, जिससे इस उथल-पुथल भरी दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था आशा की किरण बन गई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, भारत 2027 तक एक विकसित देश बनने की राह पर है। हमारे व्यापारिक साझेदार इस ताकत को पहचानते हैं और कृषि व डेयरी जैसे हमारे संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा के बारे में हमारी चिंताओं को समझते हैं।भारत के विकास पथ में विश्वास, निवेशक अनुकूल नीतियों और प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा किए गए परिवर्तनकारी सुधारों के साथ इंडऑस ईसीटीए ने भारत को ऑस्ट्रेलियाई व्यवसायों के लिए और भी अधिक आकर्षक बना दिया है।

इस वर्ष जनवरी से सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया से कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़कर 307.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जो पूरे 2022 में प्राप्त 42.43 मिलियन अमेरिकी डॉलर का सात गुना है। परामर्श सेवाओं में एफडीआई 2022 में 0.15 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मामूली स्तर से बढ़कर 248 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।

सेवा क्षेत्र में काफी वृद्धि दर्ज की गई है। भारत के आईटी और व्यावसायिक सेवाओं के निर्यात ने अपनी मजबूत गति जारी रखी। शिक्षा, ऑडियो-विजुअल सेवाओं और मोबिलिटी के क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया के साथ अन्य द्विपक्षीय समझौतों से ईसीटीए की गति में इजाफा हुआ है। इसके कारण व्यापार गतिशीलता में 50 प्रतिशत से अधिक और भारतीय छात्रों के लिए अध्ययन के बाद के कामकाजी-वीजा में लगभग शत-प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई। यह इस दिशा में उल्लेखनीय कदम है। ईसीटीए के बाद दोहरे कराधान से मुक्त भारतीय आईटी उद्योग अब समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर रहा है। उद्योग जगत के कुछ अनुमानों के अनुसार, पिछले वर्ष इसने करोड़ों डॉलर की बचत की है। ईसीटीए की सफलता से उत्साहित होकर नैसकॉम, ऑस्ट्रेलिया में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए आईटी क्षेत्र में एसएमई को सुविधा प्रदान करने के संबंध में एक तंत्र स्थापित कर रहा है।

व्यापार सौदों के लिए नया दृष्टिकोण

इंडऑस ईसीटीए और पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात के साथ इसी तरह के समझौते पर राष्ट्रीय और क्षेत्रीय वाणिज्य मंडलों, निर्यातकों, उद्योग-विशिष्ट समूहों, अर्थशास्त्रियों, व्यापार विशेषज्ञों, विभिन्न मंत्रालयों और विभाग सहित उद्योग के हर वर्ग के साथ व्यापक परामर्श के बाद हस्ताक्षर किए गए थे। उद्योग जगत के दिग्गजों ने दोनों एफटीए की काफी सराहना की। यह पिछले व्यापार समझौतों की तुलना में एक बड़ा कदम है, जिनमें इतना व्यापक परामर्श शामिल नहीं था।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/ वार्ता। 1515 - यहूदियों को ऑस्ट्रिया के लाइबाख क्षेत्र से निष्कासित किया गया। 1651 - चार्ल्स द्वितीय स्टुअार्ट स्कॉटलैंड के राजा बने। 1600 - स्कॉटलैंड में 25 मार्च के बजाय 1 जनवरी से नये साल की शुरुआत। 1664 - छत्रपति शिवाजी ने सूरत अभियान शुरू किया। 1785 - 'डेली यूनिवर्सल रजिस्टर' (टाइम्स ऑफलंदन) का पहला अंक प्रकाशित हुआ। 1808 - अफ्रीकी देश सिएरा लियोन ब्रिटिश उपनिवेश बना। 1862 - 'भारतीय दंड संहिता' लागू किया गया। 1877 - इंग्लैण्ड की महारानी विक्टोरिया भारत की साम्राज्ञी बनी। 1880 - देश में मनी आर्डर प्रणाली की शुरुआत हुई। 1906 - ब्रिटिश सरकार ने भारतीय मानक को स्वीकार किया। 1915 - महात्मा गांधी को दक्षिण अफ्रीका में उनके कार्यों के लिये वायसरॉय ने 'केसर-ए-हिंद' से सम्मानित किया। 1928 - अमेरिका में पहला एयर कंडीशंड कार्यालय सेन एंतोनियो में खुला। 1949 - कश्मीर में युद्धविराम की घोषणा हुई। 1950 - अजाइगढ़ का राज्य भारत संघ में मिलता है। 1955 - भूटान ने पहला डाक टिकट जारी किया गया।

QUIZ TIME

1) पक्षियों का स्वर्ग किसे कहा जाता है?

2) शीतोष्ण कटिबंध क्षेत्र की वनस्पति को क्या कहते है?

3) हाल ही में किस देश के सशस्त्र बलों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन आउल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?

4) भारत की प्रथम महिला डाकिया कौन थी?

5) भारत के शेख हसन खान ने किस महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन को हाल ही में फतह किया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) केवलादेव घना पार्क (2) मोसोफइट (3) भारत (4) के पद्मश्री अम्मा (5) अंटार्कटिका

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -289

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 288 का हल

वि	ज	य	■	ब	नि	या	■	दे
वा	■	ती	त	र	■	रा	जी	व
ह	मा	म	■	स	प	ना	■	ता
■	न	■	■	■	टा	■	■	■
दा	व	त	■	वि	ना	श	■	अ
य	■	ह	त्या	■	■	ह	जां	ना
रा	ह	त	■	न	ज	र	■	व
■	वा	■	■	■	मी	■	ना	श्य
दु	ला	रा	■	जा	न	की	■	क

आज का पंचांग

सूर्योदयः 07:20, सूर्यास्तः 05:39 चन्द्रोदयः 21:25, चन्द्रास्तः 10:20 **अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)** ऋतुः शिशिर, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : पञ्चमी, नक्षत्र : पूर्वा फाल्गुनी, योग : आयुष्मान, प्रथम करण : बालव (11:55 तक), द्वितीय करण : कौलव (25:09 तक),

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : सिंह, मंगल : धनु (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : वृश्चिक (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:59 से 12:40, अमृत काल 29:55 से 07:42, विजय मुहूर्त 14:02 से 14:43, गोधूलि मुहूर्त 17:24 से 17:52, सायाह्न सन्ध्या 17:27 से 18:49, निशिता मुहूर्त 23:52 से 24:47, राहुकाल 07:30 से 09:00, राहुवास उत्तर, यमगण्ड 12:20 से 13:37, दुर्मुहूर्त 16:05 से 16:46, होमाहुति मंगल, दिशाशूल पश्चिम, अग्निवास आकाश, चन्द्रवास पूर्व, शिववास कैलाश पर (11:55 से नन्दी पर)

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : बीते कल की अपेक्षा आज के दिन आप प्रत्येक कार्यो में दिमाग की अपेक्षा अपने मन की सुनेगे।

वृष : आज का दिन आपके लिए अशुभ रहेगा। पारिवारिक बहस के कारण बनी बनाई योजनाए बिगड़ेंगी मानसिक संताप भी दिन भर बना रहेगा।

मिथुन : आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी रहेगा। घर एवं बाहर सब जगह आपकी प्रशंशा होगी।

कर्क : आज के दिन आपका अधिकांश समय काल्पनिक दुनिया की सैर में बीतेगा। मन मे बड़ी-बड़ी योजनाए बनायेगे परन्तु इनको साकार करने में फिसड्डी साबित होंगे।

सिंह : आज के दिन आपका ध्यान काम पर कम और सुखोपभोग पर अधिक रहेगा लेकिन कार्य क्षेत्र पर स्थिति अनुकूल रहने से धन संबंधित समस्या नही रहेगी।

कन्या : आज का दिन आपके लिए विपरीत फलदायी रहने वाला है। दैनिक कार्यो को छोड़ शेष सभी कार्यों में संघर्ष करना पड़ेगा। आज किसी भी कार्य को करने का उत्साह नही बनेगा।

तुला : आज आपके लिए लाभ की स्थिति यथावत बनी रहेगी लेकिन आज आप ज्यादा मेहनत करने के पक्ष में नही रहेंगे जिससे होने वाले लाभ में कुछ कमी आयेगी।

वृश्चिक : आज के दिन आप कार्य व्यवसाय में कम ही ध्यान देंगे फिर भी आवश्यकता अनुसार धन की प्राप्ति हो ही जाएगी। दिन का आरंभिक भाग आलस्य की भेंट चढेगा।

धनु : आज आपके दैनिक कार्यो का आरंभ विलंब से होगा। प्रातः काल धर्म कर्म में समय देंगे धार्मिक स्थल की यात्रा भी होगी।

मकर : आज के दिन परिस्थितियों में थोड़ा बहुत ही सुधार आएगा। मानसिक बेचैनी आज भी बनी रहेगी।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए आनंद दायक रहेगा लेकिन आज घरेलू कलह से बचने के लिए व्यावहारिक होना अतिआवश्यक है।

मीन : आज दिन के प्रथम भाग में लाभ के अवसर मिलेंगे लेकिन इसके बाद का समय खर्चीला ही रहेगा।

न्यूज गैलरी

संडे मार्केट में सुबह-सुबह अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर

भिलाई। सुपेला के संडे मार्केट में अवैध कब्जा कर संचालित की जा रही दुकानों पर कार्रवाई की गई। मिली जानकारी के अनुसार बीते सप्ताह निगम प्रशासन की ओर से अवैध कब्जा कर दुकान चला रहे व्यापारियों को नोटिस दिया था। इसके साथ ही खुद विधायक रिकेश सेन ने भी सभी व्यापारियों को अवैध कब्जा मुक्त करने की चेतावनी दिए थे।बावजूद इसके व्यापारियों के कान में जूं तक नहीं रेंगी। अंततः प्रशासन को सख्त कदम उठाना पड़ा और रविवार सुबह-सुबह ही अवैध कब्जों पर बुलडोजर चला दिया गया।

बीवाई अस्पताल को नोटिस जारी

दुर्ग। बीवाई हास्पिटल में अपने यहां 30 जून को सामान्य महिला की हार्ट-अटैक से मौत होना बताया था। पांच महीना बाद स्वास्थ्य विभाग की जांच में वह धमधा के वार्ड-7 निवासी गर्भवती डिलेश्वरी साहू निकली। पता चला कि मैटरनल डेथ ऑडिट से बचने अस्पताल प्रबंधन ने उसकी मौत को सामान्य महिला की हार्ट-अटैक से मौत बताया। स्वास्थ्य विभाग की टीम रूटीन कार्य के तहत डिलिवरी के बाद की जांचे करने व सलाह देन उसके घर पहुंची तो मौत होने की जानकारी मिली। देश में होने वाली जच्चा-बच्चा की हर मौत की जांच होती है। जांच में गर्भ धारण करने से लेकर डिलिवरी तक का ब्योरा के साथ ही ढेर सारी पूछ-ताछ व दस्तावेजी साक्ष्य लिए जाते हैं। इसलिए अस्पताल प्रबंधन गर्भवती की मौत को सामान्य महिला की मौत बता देते हैं। इस मामले में गर्भवती की मौत के 6 महीना बाद भी ऑडिट नहीं हो पाया है। इस नाते अब अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया है।

निषाद समाज की बैठक संपन्न

दुर्ग। जिला निषाद समाज जिला कार्यालय पुलगांव में समाजिक बैठक रखा गया है। जिसमें जिलाध्यक्ष डॉ घनश्याम निषाद के नेतृत्व में बैठक किया। विशेष चर्चा क्षेत्रीय स्तर पर भगवान गुहा निषाद राज जयंती मनाने व सामाजिक प्रकरणों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक गजेंद्र यादव एवं ललित चंद्राकर का जिला केन्द्रीय कार्यालय में स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्षगण संगठन के युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ एवं समाज के भारी संख्या में महिला युवा कार्यक्रम में शामिल हुए।

80 एकड़ की जमीन में बनेगा प्रदेश का पहला आईटी पार्क

भिलाई। एजुकेशन हब के साथ ही अब हमारा भिलाई-दुर्ग आईटी हब भी कहलाएगा। प्रदेश का पहला आईटी पार्क दुर्ग में बनेगा। इसके लिए दुर्ग में पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे जगह भी तय कर ली गई है। निर्माण के लिए प्लानिंग भी शुरू कर दी गई है। सिर्फ इतना ही नहीं आईआईटी भिलाई ने मल्टीनेशनल कंपनी इन्फोसिस से बात भी कर ली है। आईटी पार्क में विश्व की कई अन्य मल्टीनेशनल कंपनियां भी आएंगी। इससे प्रदेश के 10 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। आईटी पार्क दुर्ग में बनाने की मांग दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने की थी। जिस पर सहमति मिलते ही तीन दिन पहले आईआईटी भिलाई में एक बैठक की गई। इसके बाद शनिवार को सर्किट हाउस, दुर्ग में बैठक हुई, जहां आईटी पार्क के लिए जमीन, मूलभूत सुविधाएं और इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत पर बात की गई। आईटी पार्क के लिए 25 एकड़ जमीन की जरूरत है, जिसके लिए पालीटेक्निक कॉलेज दुर्ग के पीछे करीब 80 एकड़ जमीन को फाइनल किया गया।

असोगा में जैविक खेती की दी प्रशिक्षण

पाटन। ग्रामीण अंचलों में स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं महिला किसानों को जैविक खाद एवं जैविक दवाई को तैयार करने प्रशिक्षण दे रही है इसके लिए कृषि मित्र सीआरपी की टीम जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी पर्यावरण संतुलन के साथ घर में तैयार होने वाली दवाई इसमें खेती बाड़ी के समय उपयोग में कम खर्च पर अधिक उत्पादन कर मुनाफा प्राप्त कर सके इन सभी स्व सहायता समूह की महिलाएं प्रशिक्षण दे रहे हैं कृषि ,सीआरपी द्वारा आरग ब्लॉक से पाटन ब्लाक के ग्राम असोगामें प्रशिक्षण दी गई। कृषि मित्र घर-घर जाकर जैविक खेती को बढ़ावा बढ़ावा देने के लिए समूह एवं महिला किसानों के बीच रहकर जैविक खाद जैविक दवाई की जानकारी दे रही है द्रव्य जीव अमृत, घन जीवामृत, ह्यूमिक एसिड ,मिट्टी के पोषक तत्व बीज उपचार बेशर्म पत्ती क बेल पत्ती की दवाई और बहुत से जैविक खाद की जानकारी दी जा रही है प्रशिक्षण देनेवाले सी आर पी लिलेश्वरी साहू राधा लोधी सतरुपा चंद्राकर सहित ग्राम असोगा के बिहान के कैडर रश्मि वर्मा ,योगमाया शर्मा शाहिदा बेगम तेजेश्वरी साहू ने जैविक खेती के बारे में 1 सप्ताह तक गांव के किसानों को प्रशिक्षण दी। इसके अलावा प्रशिक्षण असोगा, बोरिद, लोहरसी, गाडाडीह, बठेना, छाटा सहित गांवो में प्रशिक्षण दी जा रही।

पावरहाऊस भिलाई में आरटीओ एजेंट पर ईडी की रेड

नव प्रदेश संवाददाता

बैंक से मिला करोड़ों का लेन-देन

भिलाई। महादेव सट्टा एप को लेकर फिर ईडी ने कार्रवाई तेज कर दी है। ईडी अधिकारी पावर हाउस भिलाई में एक आरटीओ एजेंट राजेश मिश्रा के घर पहुंचे। बताया जा रहा है कि, राजेश ने महादेव एप की रकम अपने पास लेकर ब्लैक मनी को वाइट किया है। अफसरों के ये जानकारी बैंक की डिटेल से मिली है। पूछताछ के दौरान राजेश मिश्रा घर पर नहीं मिला तो ईडी के अफसर उनके भाई से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान राजेश मिश्रा की बुजुर्ग मां बेहोश भी हो गई। जिन्हें फिर उठाकर घर के अंदर ले जाया गया। राजेश मिश्रा के घर अभी उनके भाई उनकी मां और एक बहन है। यह मामला महादेव ऐप के करोड़ों रुपए के काले धन को सफेद करने से जुड़ा है। शाम 6.45 बजे चार पहिया वाहन में ईडी के अफसर हाउसिंग बोर्ड पानी टंकी निवास में पहुंचे। इसके बाद राजेश मिश्रा के घर पर मौजूद नहीं होने पर उसके मोबाइल में कॉल किया गया। मोबाइल बंद मिलने के बाद राकेश मिश्रा से पूछताछ की गई। इसके बाद जब अफसरों ने राकेश को पहले बैंक और फिर एसपी कार्यालय चलने को कहा। इसी दौरान राकेश की मां बेहोश हो गई, तो राकेश और उसके परिजन ने अफसरों को धमकी दी कि अगर मां को कुछ होता है तो कोर्ट तक मामला चला जाएगा। इसके बाद ईडी के अफसर वापस लौट गए। आरोप है कि राकेश ने महादेव ऐप के करोड़ों रुपए को अपने ऐयू एकाउंट से सफेद किया है। बैंक मैनेजर भी ईडी के साथ मौके पर पहुंची थी।

पूछताछ के बाद ईडी के अफसरों राकेश को रविवार को ईडी दफ्तर पहुंचकर सहयोग करने को कहा है। जानकारी के मुताबिक राजेश मिश्रा के पिता राधा मोहन मिश्रा भी पहले फ्रडसट्टा एजेंट का काम करते थे। उनकी मौत के बाद राजेश फ्रडसट्टा का काम देख रहा था। भिलाई में कार्रवाई से पहले दुर्ग में श्रेष्ठ ने एक समन जारी किया। यह समन महादेव सट्टा ऐप मामले में गिरफ्तार आरक्षक भीम सिंह यादव की पत्नी के लिए था। सीमा यादव के घर नोटिस चस्पा कर उसे कार्यालय में पेश होने को कहा गया है। अफसरों के मुताबिक सीमा यादव के खाते में कई बड़े ट्रांजेक्शन किए गए हैं। अधिकारी दो दिन पहले भीम सिंह के घर पहुंचे थे लेकिन ताला लगा होने के चलते नोटिस बाहर बाउंड्री वाल पर चस्पा कर चले गए। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले ईडी के अफसरों ने रायपुर और भिलाई से लगभग 7 करोड़ रुपए के साथ गिरफ्तार असीम दास उर्फ बप्पा और आरक्षक भीम सिंह यादव को गिरफ्तार किया था।

वाहनों को टक्कर मारते हुए कांप्लेक्स में जा घुसा ट्रेलर

नव प्रदेश संवाददाता

गाड़ी खड़ी कर चाय पीने गया था ड्राइवर

भिलाई। जिले के खुर्सीपार थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा होने से टल गया। चालक की लापरवाही से एक ट्रेलर सड़क किनारे बने कांप्लेक्स में जा घुसा। वहां मौजूद लोगों को जान बचाकर भागना पड़ा। ट्रेलर ने बाइक और पिकअप को अपनी चपेट में ले लिया। मिली जानकारी के मुताबिक हादसा रविवार सुबह 6.30 बजे का है। खुर्सीपार तिराहे पर सिग्नल पार करने के बाद चालक ने सड़क किनारे ट्रेलर को पार्क किया और चाय पीने चला गया। इस दौरान उसने ट्रेलर का हैंडब्रेक ठीक से नहीं लगाया था। इसलिए ट्रेलर ढलान की ओर लुढ़कने लगा। ढाल होने से ट्रेलर की गति तेज हो गई और वो सीधा सड़क किनारे बने कॉम्पलेक्स में जा घुसा। इस हादसे के बाद कांप्लेक्स के पास बैठे और सो रहे लोग तेजी से निकलकर भागे। यदि ट्रेलर की गति और तेज होती वो इन लोगों को अपनी चपेट में ले लेता। इसके बाद लोगों ने खुर्सीपार पुलिस को सूचना दी। खुर्सीपार पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दौरान मौके पर काफी भीड़ जुट गई थी। ट्रेलर के आगे एक बाइक और सामान से भरा पिकअप भी खड़ा था। लोड ट्रेलर बाइक और पिकअप को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत यह रही कि जिस समय यह हादसा हुआ उस समय सड़क पर गाड़ियों का ज्यादा लोड नहीं था। इसलिए कोई व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया।

30 लीटर महुआ शराब और 5 क्विंटल लहन बरामद

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। थाना रानीतराई क्षेत्र में 30 लीटर महुआ शराब एवं 5 क्विंटल लहन बरामद हुई है। एन्टी क्राईम एन्ड सायबर यूनिट दुर्ग एवं थाना रानीतराई, अंडा, पाटन की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में निरीक्षक नरेश पटेल प्रभारी एसीसीयू दुर्ग एवं निरीक्षक आनंद शुक्ला थाना प्रभारी अंडा, निरीक्षक प्रकाशकांत थाना प्रभारी रानीतराई एवं निरीक्षक विनीता पाणीकर महिला थाना प्रभारी के नेतृत्व में एसीसीयू व थाना रानीतराई, अंडा, पाटन की एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा नशे के कारोबारियों पर सतत् निगाह रखी जा रही थी, विशेष सूत्र भी लगाये गये थे। इसी दौरान पुलिस टीम को विशेष सूत्रों से अवैध महुआ शराब बनाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर संयुक्त टीम द्वारा थाना रानीतराई क्षेत्र के ग्राम घोरारी में सुबह सुबह रेड कार्यवाही किया गया। ग्राम घोरारी में रवि गायकवाड एवं उसके साथी गांव के तालाब किनारे अवैध रूप से महुआ शराब बना रहे थे जो पुलिस टीम को देखकर 30 लीटर अवैध महुआ शराब, शराब बनाने का सामान एवं करीब 05 क्विंटल महुआ लहन को मौके पर ही छोड़कर तालाब किनारे के खेत का फायदा उठाकर फरार हो गए । रेड कार्यवाही में घटनास्थल से 30 लीटर महुआ शराब, शराब बनाने का सामान एवं करीब 05 क्विंटल महुआ लहन बरामद हुआ। जिसे जप्त कर आरोपी रवि गायकवाड एवं उसके साथियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। कार्रवाई में एंटी क्राइम व साइबर यूनिट दुर्ग एवं थाना रानीतराई, अंडा, पाटन महिला थाना स्टाफ की सराहनी भूमिका रही।

सुराज सप्ताह के तहत टाउनशिप में अभियान

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। संयंत्र में सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में सुराज सप्ताह मनाया जा रहा है। सुराज सप्ताह के दौरान टाउनशिप के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पूरे भारत में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। सुराज सप्ताह के अन्तर्गत टाउनशिप में किये जा रहे कार्यों का विवरण इस प्रकार है। आवासीय क्षेत्रों में सेग्रेगेशन जागरूकता, सेक्टर-1 सेन्ट्रल ऐवेन्यू रोड स्वीपिंग, सिविक सेन्टर मार्केट एरिया स्वीपिंग, रेल चैक से डीपीएस चैक रोड स्वीपिंग, बालाजी मन्दिर रोड स्वीपिंग, बोरिया मार्केट स्वीपिंग, ए मार्केट सेक्टर 2 स्वीपिंग, सी मार्केट सेक्टर-6 स्वीपिंग। संयंत्र जो स्वच्छता और हरियाली के लिए प्रतिबद्ध रहा है, संयंत्र के अन्य क्षेत्रों में भी इस विशेष स्वच्छता अभियान के तहत, गीले तथा सूखे कचरे के निपटारे के लिए, अलग-अलग हरे और नीले कूड़ेदान के प्रयोगों, नालियों की नियमित सफाई हेतु प्रोत्साहित तथा जागरूक करना का भी कार्य कर रहा है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण में प्रयासरत, हमारे स्वच्छता मित्र सक्रीय रूप से कार्य में सहयोग दे रहे हैं।

आजादी के लिए शहीद वीरनारायण ने दी थी अपने प्राणो की आहुतिः ताम्रध्वज

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम खुरसुल में केंद्रीय गोड़ महासभा तहसील स्तरीय समाज आदिवासी धुव गोड समाज परीक्षेत्रिय बोरई के तत्वाधान में शहीद वीरनारायण बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, सरपंच विक्टोरिया डिल्हीवार, रिवेंद्र यादव सहित समाज प्रमुख योगेश्वर सिंह,

द्वारिका नाथ, राजू पोर्ते, जगदीश नेताम, बुद्धान सिंह, एकनाथ, अनूप आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई ततपश्चात सभी अतिथियों द्वारा शहीद वीरनारायण की मूर्ति को पुष्पांजलि अर्पित किया। समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। पूर्व मंत्री साहू ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा शहीद वीर नारायण सिंह प्रदेश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। जिन्होंने गरीबो की भलाई और देश की आजादी के लिए अपने प्राणो की आहुति दी थी। श्री साहू ने महान क्रांतिकारी शहीद वीरनारायण उनके शहादत हम सब को हमेशा उनके देश के प्रति बलिदान और शहादत को याद दिलाता रहेगा। आदिवासी समाज को एकता के साथ उन्नति के राह मे आगे रहता है। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ जनो का सम्मान किया गया। समाज के प्रमुख जन व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

लंबित प्रकरणों का होगा निराकरण

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर हरवंश मीरी की अध्यक्षता में क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आदिवासी विकास विभाग का तृतीय त्रैमास माह जुलाई 2023 से सितम्बर 2023 तक राहत प्रकरणों की समीक्षा की गई। आदिवासी विकास विभाग के 4 प्रकरण एवं पुलिस विभाग से संबंधित 3 प्रकरण प्राप्त हुए थे। इन सभी प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। इसी प्रकार विशेष लोक अभियोजन विभाग के अंतर्गत कुल 28 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें 2 प्रकरणों का निराकरण किया गया। शेष 26 प्रकरण के साक्ष्य नहीं होने के कारण लंबित है। आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत कुल 4 प्रकरणों में से 1 प्रकरण निराकृत किया गया व शेष 3 प्रकरण विधानसभा निर्वाचन आचार संहिता के कारण लंबित है। जिसे अति शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। आदिम जाति कल्याण विभाग के माध्यम से अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत् दर्ज 5 प्रकरणों में से 4 प्रकरणों का निराकृत किया गया। शेष-1 लंबित प्रकरण का निराकरण 15 दिन के भीतर होगा।

समिति का गठन

भारत सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा पूर्व में लागू की गई तोषण स्कीम 1989 के स्थान पर टक्कर मारकर भागना मोटरयान दुर्घटना प्रतिकर स्कीम 2022 लागू की गई है। जिसके अनुसार कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

आज से मैत्रीबाग में टिकट लेने हेतु ऑनलाईन पेमेंट अनिवार्य

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। 01 जनवरी को मैत्री बाग एवं चिड़ियाघर पर्यटकों के दर्शनार्थ खुला रहेगा। प्रति नववर्ष के आगमन पर आस-पास के क्षेत्रों से भारी संख्या में पर्यटक, मैत्री बाग में मनोरंजन एवं पर्यटन के उद्देश्य आते है। अतः कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए तथा अनावश्यक भीड़ से बचने के लिए पर्यटकों को चंदजउ या दूसरे मान्य एप्स के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान करने पर ही टिकट बुक सुविधा प्रदान की जाएगी। अतः पर्यटकों से निवेदन है कि अपने मोबाइल में चंदजउ या दूसरे मान्य एप्स डाउनलोड कर लें और नववर्ष के दिन भीड़ में अनावश्यक परेशान होने से बचें। शहर में कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए पर्यटकों से अपील की जाती है कि कोरोना वायरस के बचाव के नियमों का पूर्णतः पालन करें। हाल ही में, विभिन्न स्वास्थ्य अधिकारियों के रिपोर्ट के अनुसार, कोरोना वायरस का एक नया प्रकार (स्ट्रेन) उभरा है जो कि कई राज्यों में फैल रहा है। विगत दिनों भिलाई-दुर्ग में कोरोना के 11 संभावित प्रकरण प्रकाश में आये हैं। सभी व्यक्ति विभिन्न सुरक्षात्मक उपायों का पालन करें, भीड़-भाड़ वाली जगहों और अस्पतालों में आवश्यक रूप से मास्क पहनें, बार-बार हाथ धोयें या सैनिटाइजर का प्रयोग करें।

संकल्प यात्रा में ड्रोन से नैनो यूरिया छिडकाव का प्रदर्शन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कृषि एवं किसान कल्याण, मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न केन्द्र परिवर्तित योजनाओं के आवरण में हितग्राहियों को सम्मिलित करने एवं जागरूकता लाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का जिले में क्रियान्वयन किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार जिले के कृषकों को विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित किये जाने के साथ-साथ नैनो उर्वरक का विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान कृषकों के प्रक्षेत्रों पर ड्रोन के उपयोग से प्रायोगिक प्रदर्शन आयोजित कर नैनो उर्वरक का उपयोग कराकर कृषकों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाना है। इसी अनुक्रम में ग्राम बोरई, विकासखण्ड दुर्ग में ड्रोन के माध्यम से गेंहू फसल में नैनो यूरिया एवं डी.ए.पी. का छिड़काव प्रदर्शन आयोजित कर कृषकों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। उक्त कार्यक्रम में एस.के.थापक, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा, ओ.पी.भट्ट, कृषि विकास अधिकारी, व्ही.सजिल, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, वि.ख.-दुर्ग,भाना बाई जनपद सदस्य, पदमा साहू सरपंच, कृषक झावेन्द्र भूषण, दीपक यादव, लोचन सिन्हा, भोपाल साहू, परमान्द यादव एवं अन्य 30 कृषकगण के साथ-साथ कृषि विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें। कृषक झावेन्द्र भूषण द्वारा प्राकृतिक खेती के बारे में नव निर्वाचित विधायक श्री ललित चन्द्राकर के उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत बोरई में कृषकों की आय दुगुनी एवं उत्पाद समर्थन मूल्य बढ़ाये जाने व फसलों में लगने वाली लागत को कम करनें के संबंध में कथन बताया। कृषक श्री लोचन सिन्हा द्वारा स्वायल हेल्थ कार्ड योजना अंतर्गत उनके खेतों का मिट्टी जांच से उस पर लगने वाली लागत, अच्छी उत्पादकता के लिए क्या-क्या करना चाहिए तथा लागत उपज प्राप्त करने के संबंध में बात ही। कृषक तोमन साहू प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित है जिन्होंने योजना के बारे में अपना अनुभव व्यक्त किये। श्री ललित मोहन भगत, उप संचालक कृषि ने बताया कि अबतक जिले में 161 ग्रामों में शिविर का आयोजन हो चुका है जिसमें 15419 कृषकों को विभिन्न विभागीय योजनाओं के बारें में जानकारी दी गई वही 961 कृषकों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभ का व्याख्यान, 115 कृषक ने प्राकृतिक खेती का व्याख्यान, 91 कृषक स्वायल हेल्थ कार्ड का व्याख्यान कर मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत अपना अनुभव अन्य कृषकों के समक्ष प्रस्तुत किया है मैदानी अधिकारियों को 43 कृषक किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन प्राप्त हुये है।

संकल्प यात्रा का जोन 3 क्षेत्र में आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-3 क्षेत्र में प्रारंभ हुआ, शिविर स्थल पर लोगो का हुजुम उमड़ पड़ा, शिविर में पांच हजार से अधिक नागरिको ने उपस्थित होकर डिजिटल बस के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी का दिल्ली से सीधा प्रसारण में दिये गये संदेश को सुने तथा 1488 लोगो ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के फार्म भरे। इसके पूर्व विधायक रिकेश सेन, सभापति गिरवर बंटी साहू, एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, जोन अध्यक्ष जलांधर सिंह, पार्षद लक्ष्मी धर्मेन्द्र दिवाकर, शैलजा राजू, प्रियंका साहू, आयुक्त रोहित व्यास ने भारत माता चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित के पश्चात उपस्थित नागरिको ने भारत को विकसित एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने का संकल्प लिये। बैकुण्ठधाम स्वास्थ्य कार्यालय एवं सांस्कृतिक भवन दुर्गा विद्या मंदिर के पास शिविर में पीएम आवास योजना, स्वनिधि, राशनकार्ड, उज्जवला, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, महिला एवं बाल विकास, जिला स्वास्थ्य विभाग आदि शासन द्वारा संचालित योजनाओं के स्टाल लगाए गए है।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202312101200023/अ-06/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका जितेन्द्र कुमार पटेल पिता श्री जुड़ावन निवासी शक्तिनगर दुर्ग मौजा भानपुरी प.ह.न 36 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 250, 251 रकबा 0.48, 0.02 है. भूमि दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 28.12.2019 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 22.01.2024 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

भरत सोनी को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासकीय एवं अर्धशासकीय वाहन चालक संघ गरियाबंद द्वारा जनसंपर्क विभाग में वाहन चालक के पद पर कार्यरत भरत लाल सोनी को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी बिदाई दी है। संघ के सदस्यों ने 30 दिसंबर शनिवार को बिदाई कार्यक्रम आयोजित कर श्री सोनी को शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष जितेंद्र यदु, भुवनदास मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष निर्मल नागेश, गौतम कश्यप, संतोष गोस्वामी, डोमन सिन्हा, भानु सोनी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

3 से 5 जनवरी तक पंचायतों में विशेष ग्रामसभा

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छ. ग. शासन के आदेशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस के चिन्हांकित हितग्राहियो का पात्रता परीक्षण किये जाने हेतु विशेष ग्राम सभा का आयोजन 3 से 5जनवरी 24 तक किया जाना है। ज़िला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन सही समय पर करने हेतु हरिशंकर चौहान परियोजना निदेशक द्वारा तीनों ब्लाक के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं विभागीय अधिकारी/कर्मचारी को दिशानिर्देश देते हुए निर्देशित किया गया है। साथ ही साथ आवास प्लस के हितग्राही एवं समस्त आमजन को विशेष ग्राम सभा सफल बनाने,पंजीयन दस्तावेज जमा करने तथा वर्ष 2016-23 में स्वीकृति प्राप्त कर चुके हितग्राहियो को अधूरे आवास अतिशीघ्र पूर्ण करने हेतु आग्रह किया है ताकि समस्त लंबित आवास पूर्ण हो सके और शेष समस्त हितग्राहियो का आवास स्वीकृत किया जा सके।

पेंड्रा ब्लाक मुस्लिम समाज के सज्जाद अध्यक्ष

पेंड्रा/नवप्रदेश। शनिवार 30 दिसंबर 23 को पेंड्रा जनपद स्कूल अटल भवन में पेंड्रा ब्लाक मुस्लिम समाज की बैठक आहूत की गयी। इसमें मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में वोटिंग पद्धति से पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। इसमें मोहम्मद सज्जाद कुरैशी अध्यक्ष पद के लिए, इरशाद इराकी उपाध्यक्ष, निसार खान, सचिव, कोषाध्यक्ष मोहम्मद परवेज व संरक्षक मंसूर खान, विधिक सलाहकार मोहम्मद जमील अहमद और संयोजक मोहम्मद सादिक खान को सर्व सहमति से चुना गया। इसमें पेंड्रा ब्लाक के गिरारी, बारिउमराव, पतगांवा, नावागांव, कोटमी के मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। इस बैठक में मुख्य रूप से अंजुमन कमेटी के सदर मोहम्मद युसूफ, सचिव सादिक खान, खजाँची अमीर अहमद, फिरोज खान, दिलसाद इराकी, राजू कुरैशी, इनामुल अंसारी, वहदर अंसारी, सफील खान, कामिल, सलमान कुरैसी, मक़सूद राइन,सैफ कुरैशी, जाहिर इराकी, आजम इराकी, लतीफ गिरारी, जावेद खान, हैदर कुरैशी, वसीम अंसारी और मुस्लिम समाज पेंड्रा के लोग उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

नए साल पर पहली बार ...

पर घोंघा जलाशय, चांपी जलाशय भी है, जहां लोग मनोरंजन के लिए पहुंचते हैं। छत्तीसगढ़। नए साल का काउंडडाउन शुरू हो गया है। एक ओर पार्टी और जश्न का माहौल है, वहीं तमाम लोग मंदिरों में प्रार्थना के लिए पहुंच रहे हैं। रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर और दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में 31 दिसंबर और 1 जनवरी को एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

तहरीक-ए-हुर्रियत को ...

शासन स्थापित करने की निषिद्ध गतिविधियों में शामिल है।'पाकिस्तान समर्थक इस समूह का नेतृत्व पहले दिवंगत अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी के हाथों में था। इसके बाद इसका नेतृत्व मसर्रत आलम भट के पास आ गया। भट को भारत विरोधी और पाकिस्तान के समर्थन में एजेंडा चलाने के लिए जाना जाता है। भट फिलहाल जेल में है और उसकी पार्टी 'मुस्लिम लीग ऑफजम्मू कश्मीर' को 27 दिसंबर को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया गया था।

उत्तर प्रदेश आईआईटी...

कॉलोनी निवासी कुणाल पांडेय, बजरडीहा के जीवधीपुर निवासी आनंद, सक्षम पटेल हैं। तीनों आरोपियों का जुड़ाव राजनीतिक दल से है। तीनों बीते चुनावों में बीजेपी आईटी सेल में भी शामिल थे। बता दें कि आईआईटी बीएचयू में रात करीब डेढ़ बजे छात्रा न्यू गर्ल्स हॉस्टल से घूमने के लिए निकली। परिसर में गांधी स्मृति छात्रावास चौराहे पर उसका दोस्त मिला। दोनों कर्मनवीर बाबा मंदिर के पास पहुंचे थे। तभी पीछे से बुलेट सवार तीन युवक आए और छात्रा तथा उसके दोस्त को रोका। कुछ देर बाद डरा-धमकाकर उसके दोस्त को भगा दिया। युवकों ने छात्रा का मुंह दबा दिया और एक कोने में लेकर चले गए। उसके कपड़े उतारकर उसके साथ घिनौनी हरकत की। चीखने चिल्लाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। उसका फोन भी ले लिया।

पीएम मोदी ने दिया फिट...

साल के आखिरी मन की बात कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, भारत आत्मविश्वास से भरपूर है, विकसित भारत की भावना, आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत है। हमें 2024 में भी यही भावना और गति बनाए रखनी है।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 के अपने आखिरी मन की बात संबोधन की शुरुआत फिट इंडिया से की। 108वें एपिसोड में उन्होंने कहा कि शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी जरूरी है।कॉलोनी निवासी कुणाल पांडेय, बजरडीहा के जीवधीपुर निवासी आनंद, सक्षम पटेल हैं। तीनों आरोपियों का जुड़ाव राजनीतिक दल से है। तीनों बीते चुनावों में बीजेपी आईटी सेल में भी शामिल थे। बता दें कि आईआईटी बीएचयू में रात करीब डेढ़ बजे छात्रा न्यू गर्ल्स हॉस्टल से घूमने के लिए निकली। परिसर में गांधी स्मृति छात्रावास चौराहे पर उसका दोस्त मिला। दोनों कर्मनवीर बाबा मंदिर के पास पहुंचे थे। तभी पीछे से बुलेट सवार तीन युवक आए और छात्रा तथा उसके दोस्त को रोका। कुछ देर बाद डरा-धमकाकर उसके दोस्त को भगा दिया। युवकों ने छात्रा का मुंह दबा दिया और एक कोने में लेकर चले गए। उसके कपड़े उतारकर उसके साथ घिनौनी हरकत की। चीखने चिल्लाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। उसका फोन भी ले लिया।

घटना के दूसरे दिन चेतगंज में कैमरे में हुए थे कैद

घटना के दूसरे दिन ही सीसीटीवी कैमरे में चेतगंज में तीनों बुलेट पर कैद हुए। वही फुटेज अब सोशल मीडिया पर वायरल है। चूंकि उस समय संदिग्ध के तौर पर चिह्नित हुए लेकिन पुष्टि नहीं थी। इसलिए पुलिस ने पुष्टि के बाद गिरफ्तारी की है।

एक आरोपी दसवीं पास

कुणाल पांडेय के पिता जितेंद्र पांडेय का निधन हो चुका है। वह बीकॉम तक पढ़ा है। घर पर ही रहता था। आनंद उर्फअभिषेक चौहान के पिता मुन्ना पावरलूम चलाते हैं। आनंद दसवीं पास है। सक्षम के पिता विजय पटेल प्राइवेट नौकरी करते हैं। वह इंटरमीडिएट पास है। तीनों एक साथ रहते थे। बीएचयू रात में अक्सर घूमने जाते थे।

समाज की उन्नति के लिए महिलाओं का जागरूक होना जरूरी : राज्यपाल बैस

■ **कुर्मी समाज बहुत ही मेहनतकश और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत : सीएम साय**

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार को बलौदाबाजार विकासखण्ड के सेम्हराडीह स्थित स्व शंकर लाल बघेल स्मृति सभा स्थल में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 6 वें अधिवेशन में शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी तथा प्रदेश के महान विभूतियों के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार कुर्मी समाज के अधिवेशन में शामिल होने पहुंचे विष्णु देव साय एवं राज्यपाल रमेश बैस का गजमाला से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर सेम्हराडीह में उपस्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम मे अतिथियों के द्वारा 'परिणय पुष्प' और 'अरपा छत्तीसगढ़' पुस्तिका का विमोचन किया गया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री बैस ने कहा कि समाज के विकास के लिए महिलाओं को आगे लाना होगा, महिला जागृत होगी तो समाज भी आगे बढ़ेगा। पहले महिलाओं को गृहकार्य तक ही सीमित रखा जाता था लेकिन अब समय बदल गया है और महिलाएं शिक्षित होकर आगे बढ़ रही है और समाज भी उन्हें आगे ला रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में कुर्मी समाज का अहम योगदान रहा है। आजादी की लड़ाई से लेकर सभी क्षेत्रों में समाज के लोगों की भूमिका अविस्मरणीय है। श्री बैस ने कहा कि मोदी की गारंटी के साथ प्रदेश सरकार विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगी।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि कुर्मी समाज बहुत ही मेहनतकश, राष्ट्रभक्त होने के साथ इनका आजादी की लड़ाई में भी योगदान है। यह समाज विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत जो भी वायदे किए हैं उसे जरूर पूरा करेंगे। शपथ लेने के दूसरे दिन ही गरीबों के लिए 18 लाख पक्के मकान की स्वीकृति, दो साल का धान बोनस राशि, महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये देने के लिए राशि स्वीकृत की गई। उन्होंने कहा कि धान बोनस का भुगतान 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर किसानों के बैंक खाते में किया गया। तकनीकी समस्या के कारण कुछ किसानों को बोनस राशि का भुगतान नहीं हो पाया है जिसका शीघ्र निराकरण कर 15 दिन में भुगतान करने के निर्देश अधिकारियों को दिया गया है। कार्यक्रम को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सरपंच श्रीमती सुनीता वर्मा, मनवा कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा, राजप्रधान धर्मेन्द्र सरसीहा ने भी संबोधित किया।

नवदंपत्ति को दिए आशीर्वाद- इस अवसर पर परिणय सूत्र में बंधे दो नवदम्पतियों को अतिथियों ने शुभाशीष देकर मंगलमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। नवयुगलों में पुरुषोत्तम वर्मा एवं खुश्बू वर्मा तथा कमलेश वर्मा एवं मेघा वर्मा शामिल हैं।

मंदिरों में अक्षत कलश स्थापित

पेंड्रा/नवप्रदेश। अरपा की जन्म स्थली पेंड्रा से श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के द्वारा पेंड्रा नगर में 22 दिवसीय श्रीराम मंदिर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है। पेंड्रा नगर प्रमुख मंदिरों एवं गुरुद्वारा आदि सभी सनातनी स्थानों में श्री अक्षत कलश की स्थापना की गई। यह कार्यक्रम राजेश जालान के संयोजन में श्री रामजन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के तत्वावधान में में प्रारंभ पूरे नगर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर 30 दिसंबर 23 से 22 जनवरी 2024 तक पूरे नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति से पवन त्रिपाठी ने बताया कि यह कार्यक्रम का मुख्यउद्देश्य अक्षत कलश को वार्ड के प्रत्येक परिवारों तक पहुँचाना है। इस कार्यक्रम का नगर में समायोजन अंकित बुंदेला एवं प्रखर गुरुजी ने पूरे 26 दिन की कार्य योजना प्रस्तुत कर बताया कि अक्षत कलश 30 दिसंबर को सभी मंदिरों में वितरित होगा। वहाँ सभी के दर्शनार्थ एवं पूजनार्थ रखा जायेगा।1 जनवरी से अक्षत पोटली में भरी जाएगी। और फिर 5 -15 जनवरी तक घर घर जाकर अक्षत का वितरण होगा एवं नगर को आमंत्रण दिया जाएगा। 20 जनवरी को पूरे नगर में भव्य शोभायात्रा का कार्यक्रम होगा। और फिर 22जनवरी को पूरे नगर में चौक चौराहों में घरों में दीपोत्सव मनाया जाएगा। 1 अक्षत कलश श्री गुरुद्वारा साहिब में भी रखा गया है। पूरे सिख समाज को आमंत्रित किया गया है।

551 कलशों की यात्रा के साथ 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत

गरियाबंद/नवप्रदेश। मनुज देवता बने, बने यह धरती स्वर्ग समान, यही संकल्प हमारा, विचार क्रांति अभियान इसी को कहते युग निर्माण यही संकल्प हमारा तालियों की करताल के साथ इस भजन ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्राम कोचवाय में रविवार 31 दिसंबर 23 से 3 जनवरी 24 तक राष्ट्रीय जागरण 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं नव निर्मित मंदिर में वेदमाता गायत्री माता की प्राण प्रतिष्ठा शांतिकुंज हरिद्वार से आये ऋषिपुत्रों ने की। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं तत्वावधान में आयोजित हो रहे इस वृहद महायज्ञ का शुभारंभ 551 कलश की यात्रा के साथ हुई। शीतला तालाब से जल भरकर यज्ञ स्थल पर पहुंचे। कलश को स्थापित कर यज्ञ की शुरुआत की।

शांतिकुंज हरिद्वार से पहुंचे ऋषि पुत्रों का गायत्री परिवार जिला गरियाबंद के समन्वयक टीकम राम साहू और संगठन प्रमुख रोमन चन्द्राकर ने आत्मीय स्वागत किया। नव निर्मित गायत्री मंदिर की सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा होना है। माँ गायत्री की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कोचवाय , नहरगांव , कोकड़ी , सोहागपुर , खरहरी , हरदी , परसूली , कसेरू , मैनपुर , सहित आस पास के लोगों के शामिल होने की संभावना है। यज्ञ के प्रथम दिवस दोपहर 2 से 4 बजे के बीच जल कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद शाम 4 से 6 बजे तक भजन प्रवचन ने भक्तिमय माहौल बनाया। सोमवार सुबह वेदमाता की प्राण प्रतिष्ठा के साथ यज्ञ का ज्ञान विज्ञान देवपूजन और 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत होगी।

साहू समाज ईमानदार और मेहनती : अरुण साव

■ **युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित**

बेमेतरा/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज बेमेतरा जिलें के कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन और नव निर्वाचित विधायकों के सम्मान समारोह में शामिल हुए। डिप्टी सीएम ने समारोह मे सर्वप्रथम भक्त माता कर्मा की छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर जिलेवासी सहित प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने साहू समाज द्वारा प्रकाशित साहू स्मारिका के 10 वें अंक का विमोचन किया। समारोह में पधारे समाज के सभी पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित विधायकों का शाल ओढ़ाकर, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल साहू, पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड दीपक ताराचंद साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता हीरालाल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला मंगत साहू सहित साहू संघ के पदाधिकारीगण एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन से यह सिद्ध होता हैं कि साहू समाज एक विकसित समाज हैं। इस अवसर पर उन्होंने युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने वाले युवक-युवतियों को अपनी शुभकामनाएं दी।और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर में किसी के पास समय नहीं है और हर एक को जल्दी हैं, यह युवक युवती परिचय सम्मेलन इसी का परिचायक हैं।

इसी का एक स्वरूप हैं, जहां पर सब इकट्ठा होकर, एक दूसरे को जान पहचान हो सकें और समय की भी बचत हो सकें।

चुनाव में जीत जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के मेहनत का परिणाम : दीपेश

■ **भाजपा ने निकाली आभार रैली, हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल**

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से शनिवार को शहर में आभार रैली निकाली गई। विधायक दीपेश साहू ने सर्वप्रथम राम मंदिर में प्रभु श्री रामचंद्र की आरती करके कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ऐतिहासिक विजय के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि मेरी जीत बेमेतरा की जनता का आशीर्वाद और भारतीय जनता पार्टी के देव तुल्य कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम हैं। विधायक ने भगवान राम का भव्य मंदिर बेमेतरा की जनता और राम भक्तों के सहयोग से बनाए जाने की बात कही। सभी कार्यकर्ताओं का हाथ जोड़कर आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया।

मंच में प्रमुख रूप से विजय सिन्हा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, नरेंद्र वर्मा महामंत्री, मोंटी साहू मंडल अध्यक्ष, छोटे लाल साहू मंडल अध्यक्ष बेमेतरा ग्रामीण, अमरिका निर्मलकर उपस्थित थे।

हाथों के हुनर की प्रशंसा के साथ मिलती है अच्छी क़ीमत भी : कलेक्टर

■ **अलसी के डंठल से बनेगा लिनेन कपड़ा, महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण**

बेमेतरा/नवप्रदेश। अलसी डंठल के रेशे से कपड़ा बनाना, सुनने में अजीब लगता है, पर बेमेतरा में यह होने वाला हैं। रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र बेमेतरा में %लिनेन फ्राम लिनसीड स्टाक% के प्रयोगशाला भवन मे अलसी के अपशिष्ट के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की आजीविका वृद्धि परियोजना अंतर्गत 20 महिलाओं का अलसी के धागा का बुनाई पर 40 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। ये महिलायें अलसी के डंठल के रेशे से लिनेन की क्वालिटी का कपड़ा बनायेंगी इस रेशे से बने कपड़े की क्वालिटी अच्छी होने के कारण इसकी डिमांड भी अच्छी हैं। अलसी की खेती और कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने कृषि विश्वविद्यालय रायपुर मदद कर रहा हैं।

कलेक्टर पीएस एल्मा शुक्रवार को कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र पहुँचे। लिनेन फ्राम लिनसीड स्टाक के प्रयोगशाला भवन का भ्रमण किया और प्रशिक्षित महिलाओं से बातचीत की। महिलाओं ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताया। कलेक्टर ने कहा कि हाथों के हुनर की प्रशंसा के साथ अच्छी क़ीमत भी मिलती हैं, इसलिए प्रशिक्षण में जो बताया जाये, उसे अच्छे से सीखें, यह आपकी आय और तरक़्क़ी का रास्ता खुलेगा। उन्होंने कहा कि अलसी के डंठल से कपडा सोबर एवं अच्छा आकर्षित दिखता है। साथ ही प्रशिक्षित महिलाओं को प्रोत्साहित किया। श्री एल्मा ने महिलाओं से अलसी के रेशे से कपड़ा बनाने की पूरी प्रक्रिया पूछी। उन्होंने कहा कि इस काम को अपना कर वे अपनी आर्थिक परिस्थिति को सुधार सकते हैं। कलेक्टर श्री एल्मा ने महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिये।

अधिष्ठाता डॉ. आरएन सिंह ने महिलाओं को कहा कि ग्रामीण महिलाएं घर में कार्य करते हुए अपनी आजीविका में वृद्धि कर सकते हैं। साथ ही महिलाओं को अच्छे कार्य के लिये प्रेरित किया। ज़िला प्रशासन ने खनिज निधि से ग्रामीण महिलाओं को धागा बनाने एवं कपडा बनाने के लिये महिलाओं को प्रशिक्षित करने राशि स्वीकृत की हैं।

डॉ. केपी वर्मा नोडल अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षित महिलायें शुरुआत में 3 से 4 हज़ार रुपये प्रति माह अपने घरेलु कार्य कर के भी कमा सकती हैं। अपने जीवन स्तर को खुशहाल बना सकती हैं। प्रत्येक महिलायें हर दिन लगभग 10 मीटर कपडा बना सकती हैं, जिससे 300-400 रुपये प्रति दिन कमा सकती हैं। इन महिलाओं को लगभग छह महीने और सीखने की जरुरत हैं। जिससे धागा बनाने वाली एवं कपडा बनाने वाले प्रशिक्षित महिलायें की क्षमता में वृद्धि हो सकें। धागा निर्माण करके लगभग 250 ग्राम से 300 ग्राम उच्च गुणवत्ता धागा कर निर्माण कर लगभग 250-300 रुपये प्रतिदिन घर में कार्य करते हुये कमा सकता हैं। भविष्य में प्रशिक्षित महिलाओं की सोसाइटी का पंजीयन कराकर इस महिलाओं को सक्षम बनाना हैं।

बौद्धिक के साथ संघ का सात दिवसीय प्राथमिक शिक्षा वर्ग संपन्न

कवर्धा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ का सात दिवसीय सामान्य एवं विशेष (व्यवसायी) प्रशिक्षण वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर,भागूटोला में 23 से 31 दिसंबर 2023 तक आयोजित था। दानेश्वर परिहार जिला संघचालक कबीरधाम, मुख्य वक्ता अभयराम कुंभकार प्रांत जनजाति कार्य प्रमुख केन्द्र - जगदलपुर, संजय पाण्डेय दुर्ग विभाग कार्यवाह, राधेश्याम पाली विशेष वर्ग कार्यवाह, हलधरनाथ योगी सामान्य वर्ग कार्यवाह, वर्ग कार्यवाह हलधरनाथ योगी ने वर्ग का वृत्त 177 शिक्षार्थी सामान्य वर्ग से 54 शिक्षार्थी विशेष वर्ग से सात दिन तक सुबह 5 बजे जागरण से रात्रि 10 बजे विश्राम तक दिनचर्या का पालन करते हुए प्राथमिक वर्ग प्रशिक्षण प्राप्त किया। नियुद्ध, पद विन्यास , आसन, दंड संचालन, यष्टी ,योग व्यायाम, खेल का प्रदर्शन किया गया। राधेश्याम पाली विशेष वर्ग कार्यवाह ने सरस्वती शिशु मंदिर भागूटोला प्रबंधन समिति, नगर पालिका परिषद कवर्धा, वन विभाग, जल विभाग, स्वास्थ विभाग , पुलिस विभाग, मीडिया, नागरिक गण कवर्धा नगर, गण मान्य नागरिक का सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

सामूहिक गीत, सुभाषित, अमृत वचन, एकल गीत के पश्चात मुख्य वक्ता अभयराम कुंभकार ने कहा कि। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्राथमिक प्रशिक्षण (व्यक्ति विकास शिविर) वर्ग, सात दिवसीय, बीस दिवसीय, पच्चीस दिवसीय का होते रहता है, इस वर्ग से हमें शाखा को संचालन करने वाले योग्य कार्यकर्ता, जो समाज के विभिन्न क्षेत्रों गौ, पर्यावरण, वन, सेवा, महाविद्यालयीन, जल , धर्म जागरण, किसान आदि कार्य जो समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सक्रिय रूप से इस राष्ट्र में हमारी भुमिका कैसे होनी चाहिए इस विषय पर चिंतन मंथन करते हुए सदैव राष्ट्र को आगे बढता हुआ देखना चाहता है। हमें देश के लिए जीना चाहिए।देश के बारे में सोच बनाने वाला समान्य नागरिक के। अंदर भी प्रखर देशभक्ति भरना होगा जिससे ये समाज मेरा है भाव जागृत करना होगा। समाज में जागृति पैदा करने के स्वामी विवेकानंद, सुभाष चन्द्र बोस, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त आह्वान किया था।

कमला कॉलेज में ललित कला स्पर्धा आयोजित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में गृहविज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन में ललित कला प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, मेहंदी केश सज्जा, गिफ्ट पैकिंग, वेस्ट एंड बेस्ट, ग्रिटिंग कार्ड, पूजा की थाली इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की सभी संकाय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसके अंतर्गत गिफ्ट पैकिंग में प्रथम स्थान उन्नति रामटेके बीए होम सांइस तृतीय वर्ष, वेस्ट एंड बेस्ट में प्रथम स्थान मिली कोरी बीएससी होम सांइस प्रथम वर्ष, ग्रिटिंग कार्ड में प्रथम स्थान एकता तेम्बुरकर बीए प्रथम वर्ष, हेयर स्टाईल में प्रथम स्थान एकता तेम्बुरकर बीए प्रथम वर्ष, पूजा की थाली में प्रथम स्थान मिरल मुंदरा बी. कॉम प्रथम वर्ष, मेहंदी में प्रथम स्थान पलक मेहर बी. कॉम प्रथम वर्ष, रंगोली में प्रथम स्थान देवहूती बीएससी होम सांइस द्वितीय वर्ष रही।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

भाजपा के मंत्रिमंडल पर टिप्पणी करने वाले भूपेश बताए सिंहदेव का अपमान क्यों किया: रंजना

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भाजपा के मंत्रिमंडल पर टिप्पणी करने के बाद भाजपा की पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता रंजन साहू ने तीखा हमला बोलते हुए सवाल किया है सीनियर जूनियर की बात करने वाले भूपेश बघेल जी बताएं कि उन्होंने श्री टी एस सिंहदेव का अपमान बार-बार क्यों किया। रंजना ने कहा कि अगर सीनियर जूनियर की चिंता भूपेश बघेल ने अपने मुख्यमंत्री रहते की होती तो आज उन्हें शायद इतनी बुरी हार का सामना न करना पड़ता। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रंजना साहू ने कहा कि यह समय कांग्रेस के लिए आत्म मंथन का है परंतु आज भी कांग्रेस बेवजह की टीका टिप्पणियों में अपना समय जाया कर रही है यह इस बात को प्रमाणित करता है कि आगे भी कांग्रेस का भविष्य अंधकार मय होगा। भूपेश बघेल जी को बताना चाहिए कि उनके पदाधिकारी जो गंभीर आरोप अपने प्रदेश प्रभारी सह प्रभारी पर लगा रहे हैं और स्वयं मुख्यमंत्री रहते भूपेश बघेल के कार्यकाल पर लगा रहे हैं उसका क्या जवाब है कांग्रेस के महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला ने बयान दिया था कि कांग्रेस की सरकार रहते छत्तीसगढ़ दिल्ली वालों के लिए अय्याशी का अड्डा बन गया था भूपेश बघेल जी का इस पर क्या कहना है?

हसदेव जंगल की दोषी पूर्व की कॉंग्रेस सरकार बहा रही घड़ियाली आँसू: देवलाल

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज पर हसदेव जंगल कटाई पर झूठी राजनीति करने का आरोप लगाते हुवे कहा कि कांग्रेस हसदेव वन में कोयला खदान और पेड़ों की कटाई के नाम पर आदिवासियों एव छत्तीसगढ़ की जनता को गुमराह कर रही है जबकि आदिवासी समाज एवं छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस के चरित्रों को जानती है इसलिए कांग्रेस को नकार दिया दीपक बैज को ज्ञात हो टीएस सिंहदेव जब कांग्रेस सरकार में मंत्री थे तो कहा था हसदेव में पेड़ काटने के पहले वो अपने सीने में गोली खाएंगे पर उसके बाद भी भूपेश बघेल जी ने मुख्यमंत्री रहते पेड़ो की कटाई जारी रखी और छत्तीसगढ़ की जनता को विकास एवं बिजली की जरूरत बता कर गुमराह किया। तब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को सांप सूंघ गया था कांग्रेस हमेशा दोहरा चरित्र लेकर राजनीति करती है। देवलाल ने कहा कि जब 43 हेक्टेयर में फैले पेड़ों की कटाई हुई तब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उस समय जब मीडिया ने सवाल किया तो बघेल ने इसे देशहित के लिए जरुरी बताया था।

हसदेव के जंगल में हो रही पेड़ो की कटाई की जांच हेतु समिति गठित

रायपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड अंतर्गत हसदेव अरण्य क्षेत्र में घाटबर्रा कोल परियोजना के तहत जिला प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा 93 हेक्टेयर भूमि से लगभग 9 हजार से अधिक पेड़ों की कटाई प्रारंभ कर दिया गया है। हसदेव अरण्य बचाओ आंदोलनकारियों के खिलाफपुलिसिया कार्यवाही कर गिरफ्तार किया जा रहा है। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व मंत्री प्रेमसाय सिंह के नेतृत्व में 8 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। समिति में पूर्व मंत्री प्रेमसाय सिंह संयोजक, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, डॉ. प्रीतम राम, भानूप्रताप सिंह, गुलाब कमरो, सफी अहमद, राकेश गुप्ता, भगवती राजवाड़े सदस्य है। जांच समिति के सदस्यों को कहा गया है कि वे अविलंब प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय ग्रामवासियों व प्रशासन के अधिकारियों से भेंट एवं चर्चा कर प्रकरण वस्तुस्थिति से अवगत होकर प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें।

छत्तीसगढ़ में बिना मोदी के पत्ता नहीं हिल रहा: सुजीत दत्ता

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुजीत दत्ता (बापी) ने छत्तीसगढ़ की राजनीति पर बड़ा सवाल उठाते हुए कहा कि नवगठित भाजपा सरकार निर्णय लेने में

असफल साबित हो रही है। बात-बात के लिए केंद्र सरकार का मुंह ताकना विष्णु देव सरकार के लिए आदत बन रही है, यहां अभी से बिना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय के पत्ता भी नहीं हिल रहा है। मंत्रिमंडल गठन के बाद विभागों का बंटवारा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इतना ही नहीं चुनाव पूर्व किए गए वादों को निभाने में अनावश्यक देरी की जा रही है, जिससे छत्तीसगढ़ की जनता का भरोसा भाजपा सरकार पर से उठने लगा है। किसानों को 3100 रुपए क्विंटल धान भुगतान के लिए सरकार का मुंह ताकना पड़ रहा है। महिलाओं को 1000 रुपये महीना के लिए अनावश्यक रूप से इंतजार कराया जा रहा है, जबकि सरकार गठन के बाद योजनाएं तुरंत लागू हो जानी चाहिए, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आसीन होते ही सबसे पहले किसानों का कर्ज माफ किया था, जिससे किसानों में प्रसन्नता व्याप्त हो गई थी और भूपेश सरकार पर शुरू से ही भरोसा बढ़ गया था, लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने जनता को बरगलाकर कांग्रेस को सत्ता मुक्त कर दिया, हालांकि कांग्रेस जनादेश का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा ने उपमुख्यमंत्री चयन की नई परंपरा शुरू की है, उसका भी कोई मतलब निकलते नहीं दिख रहा है। एक मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री होने का मतलब है योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्रता से और व्यापक रूप से होकर जनता को अधिकार अधिक लाभ मिले।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव में सभी 11 सीटें जीतने का लिया संकल्प

- भाजपा का कार्यक्रम पूरे साल भर चलता है - किरण सिंह देव
- बैठक में सभी मोर्चों को लोकसभा चुनाव के लिए जिम्मेदारी सौंप गई

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की संयुक्त मोर्चा की बैठक में आगामी कार्ययोजना के बारे में चर्चा की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने सभी मोर्चों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में अहम जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ जुटने की अपील की। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सभी मोर्चों की संयुक्त बैठक रविवार को रखी गई थी। बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय उपस्थित थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से और नियमित रूप से जो कार्य योजना रहती है, उन योजनाओं को लेकर नीचे तक जाकर मंडल स्तर तक के कार्यों को संपादित करने पर बल दिया जाएगा। बूथ कमेटियों के कार्यकर्ताओं को चुनाव की दृष्टि से मोर्चावार अब अलग-अलग वर्ग और समाजों के बीच में जाकर कार्य करना है। कार्यकर्ता भाजपा के समन्वयक के रूप में कार्य करते हैं और हमारी सरकार के कार्यक्रम व पार्टी की घोषणाओं पर जो क्रियान्वयन हो रहा है, उस योजना से अवगत कराने का कार्य कार्यकर्ताओं को करना है। श्री देव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जो 1 जनवरी से लेकर 31 दिसंबर तक के वर्षभर के कार्यक्रम तय करती है और वर्षभर हमारा कार्यक्रम चलता है। भाजपा सतत प्रयत्नशील रहती है कि अपने कार्यक्रमों को कार्यकर्ताओं के माध्यम से नीचे तक ले जा सके। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि मोर्चों का गठन भारतीय जनता पार्टी की श्रेष्ठ सांगठनिक परंपरा रही है और बहुत ही सुदृढ़ मोर्चों का गठन है। बूथ तक उसकी इकाई है और जो वर्षभर कार्यक्रम चलने वाले हैं, उसके क्रियान्वयन के लिए हम सब समन्वयक के रूप में कार्य करेंगे, जनता के बीच में जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और सरकारी कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करेंगे। श्री देव ने कहा कि 'मोदी की गारंटी' विकसित भारत की परिकल्पना के साकार होने की गारंटी है। सभी प्रदेशवासियों को इस बात का अनुभव हो रहा होगा कि लगातार मोदी की गारंटी पर सभी क्षेत्रों में काम हो रहा है और भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी कहीं आधार कार्ड बनाने का कार्य हो, कहीं आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का कार्य हो, प्रधानमंत्री आवास का विषय हो, इन विषयों को लेकर जन-जन तक भी पहुँचेंगे और अन्य जो योजनाएँ भी जन भावनाओं के अनुरूप विकास की दृष्टि से पूर्ण हों, इसका ध्यान रखेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार का गठन होते ही मुख्यमंत्री श्री साय ने पार्टी की घोषणाओं पर अमल करना शुरू कर दिया है। कैबिनेट में फैसला लेना प्रारंभ हो गया है। निश्चित रूप से हमने जो वादा किया है वह समयबद्ध तरीके से पूरा होगा। पहली ही कैबिनेट की बैठक में 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति हो गई। सुशासन दिवस पर 3700 करोड रुपए से ज्यादा की बकाया बोनस राशि सभी किसानों को खाते में सीधे जमा कर दी गई।

ग्यारह का ग्यारह लोकसभा लक्ष्य हमारा : किरण देव

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश भर से आये भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हम सब ने देव तुल्य कार्यकर्ताओं के कारण प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में सफल रहे हैं। हमें जीत की इस सिलसिला को जारी रखना होगा। हमारा लक्ष्य है कि ग्यारह के ग्यारह लोकसभा सीट जीतनी होगी। इसके लिए हम सब को अभी से जुटना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी को पूरा करने में जुट गयी है। हमने हर स्तर पर जो वादा किया था उसे पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि केंन्द्र व राज्य की जन कल्याणकारी योजना को समाज के अंतिम व्यक्ति तक लेकर जायें। इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के लिये अभी से सक्रिय हो जायें।

कांग्रेस का भाजपा से सवाल, बताये महतारी वंदन योजना के 60 लाख फार्म कहां है: धनंजय

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी की गारंटी के नाम से भाजपा ने महिलाओं से फार्म भरवा कर 1000 रू. महीना देने का वादा किया था और उनके वोट हासिल कर सत्ता प्राप्त किये हैं। अब भाजपा की सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने में पीछे हट रही है। महतारी वंदन योजना के झांसे में आकर प्रदेश के 60 लाख से अधिक महिलाओं ने फॉर्म में अपने मोबाइल नंबर, बैंक खातो का विवरण और अपनी निजी जानकारियां भी दिए थे, अब वो 1000 रू. महीना मिलने का इंतजार कर रहे हैं? घर-घर जाकर महिलाओं से फॉर्म भरवाने वाले भाजपा के नेता और कार्यकर्ता अब मुंह छुपा रहे हैं।प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने चुनाव के दौरान बड़े-बड़े वादे किए और उन वादों को पूरा करने में भाजपा की सरकार का पसीना छूट रहा है।

साय सरकार के संरक्षण में अडानी कर रहे हसदेव में जंगल की कटाई-बैज

रायपुर/नवप्रदेश।। हसदेव अरण्य क्षेत्र में जंगलों की कटाई तत्काल रोकने और खदान की नीलामी को निरस्त करने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के संरक्षण में अडानी की कंपनी हसदेव अरण्य में जंगलों की कटाई कर रहा है। हसदेव को बचाने के लिए आंदोलन कर रहे आदिवासियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पुलिस गिरफ्तार कर जेल में बंद कर रही है, उन्हें डराया जा रहा है, धमकाया जा रहा है। दुर्भाग्य की बात है राज्य का मुखिया आदिवासी होने के बावजूद भी आदिवासियों की मांग को सुना नहीं जा रहा है। वन मंत्री केदार कश्यप को फाइल देखने की आवश्यकता नहीं है, कांग्रेस की सरकार ने विधानसभा में संकल्प पारित कर हसदेव अरण्य क्षेत्र में केंद्र सरकार के द्वारा कोल खनन के लिए जो नीलामी किया गया है उसे निरस्त करने की मांग की गई है। कांग्रेस के सरकार ने हसदेव अरण्य क्षेत्र में वन कटाई पर कड़ाई से रोक लगाई थी, भाजपा के सरकार बनते ही अडानी सरकारी बंदूक के नोक पर आदिवासियों को डरा धमका कर जंगलों को काट रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार अडानी के हितों को सवंर्धित करने के लिये राज्य के जल, जंगल, जमीन खनिज संपदा को अडानी को सौपना शुरू कर दिया गया है। जैसे ही भाजपा की सरकार बनी हसदेव अरण्य क्षेत्र में वनों की अंधाधुंध कटाई शुरू की जा चुकी है। 50 हजार से अधिक पेड़ काटे जा चुके है। यहां पर कटाई के लिये आदेश और पर्यावरण स्वीकृत केंद्र की मोदी सरकार ने दिया था तब कांग्रेस सरकार ने इस स्वीकृति को राज्य के स्तर पर निरस्त कर दिया था तथा केंद्र में भी इसे निरस्त करने के लिये पत्र लिखा था।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव आज करेंगे जनदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरूण साव 1 जनवरी को बिलासपुर स्थित अपने शासकीय आवास में जनदर्शन करेंगे। वे 1 जनवरी को बिलासपुर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री साव बिलासपुर में तिलक नगर में 1 जनवरी को सवेरे नौ बजे अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर के लोकार्पण हेतु निमंत्रण कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे सवेरे दस बजे बिलासपुर से रतनपुर के लिए रवाना होंगे। वे सवेरे साढ़े दस बजे रतनपुर में मां महामाया मंदिर, श्री सिद्धिविनायक मंदिर और भैरव बाबा मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। श्री साव सवेरे साढ़े 11 बजे रतनपुर से खूंटाखाट के लिए प्रस्थान करेंगे। वे पौने 12 बजे खूंटाखाट पहुंचेंगे। वे दोपहर एक बजे खूंटाखाट से कोटा के लिए रवाना होंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर डेढ़ बजे कोटा पहुंचेंगे। वे दोपहर साढ़े तीन बजे कोटा से बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे शाम चार बजे से छह बजे तक बिलासपुर में अपने शासकीय निवास कार्यालय में जनदर्शन करेंगे।

कांग्रेस पार्टी का चरित्र हमेशा महिला विरोधी रहा है: भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कांग्रेस के महतारी वंदन योजना पर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा महिला विरोधी रही है। कांग्रेस पार्टी महिलाओं को केवल अपना वोट बैंक समझती रही है। भाजपा ने महिलाओं के लिए कई योजनाएं संचालित की हैं, जिनका लाभ प्रदेश की महिलाओं को मिला है।

क्रुड ऑयल के दाम घटा, फिर भी मोदी सरकार की मुनाफाखोरी से जनता को राहत नहीं -सुरेन्द्र

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि कच्चे तेल के दाम अंतरराष्ट्रीय मार्केट में विगत तीन महीनों के भीतर ही लगभग 20 प्रतिशत गिरकर 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच चुका है, लेकिन मोदी सरकार की मुनाफाखोरो के चलते इसका लाभ आम जनता को नहीं मिल पा रहा है। विदित हो कि जब अंतरराष्ट्रीय मार्केट में क्रूड ऑयल 109 डॉलर प्रति बैरल था तब वर्तमान में लागू दरें तय की गई थी। विगत 3 महीनों में ही 20 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आने के बावजूद डीजल पेट्रोल के ग्राहकों से वही कीमत वसूल कर केंद्र की मोदी सरकार और पेट्रोलियम कंपनियां जनता के जेब में डकैती डालकर अपना मुनाफा वसूल रहे है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि यूपीए की मनमोहन सिंह सरकार के दौरान डीजल पर मात्र 3 रूपया 54 पैसा प्रति लिटर की दर से सेंट्रल एक्साइज हुआ करता था, जिसे केंद्र की मोदी सरकार ने 31 रूपया प्रति लीटर तक बढ़ाने के बाद वर्तमान में भी लगभग 27 रूपया प्रति लिटर की दर वसूल रही है। केंद्र की मोदी सरकार के 10 गुना मुनाफाखोरी के चलते हैं आज डीजल पेट्रोल 100 के आसपास है जबकि क्रूड ऑयल का दाम 2014 की तुलना में लगभग आधे रेट पर है लेकिन इसका लाभ आम जनता के बजाय केंद्र की सरकार और पेट्रोलियम उत्पादक कंपनियां के खजाने में जा रहा है। केंद्र की सरकार ने केवल डीजल और पेट्रोल की मुनाफाखोरी से ही 20 लाख करोड़ से अधिक की राशि विगत साढ़े 9 साल में जनता की जेब में डकैती डालकर हड़पा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकताओं में आम जनता का हित नहीं है। मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के चलते बढ़ती महंगाई की मार से जूझ रही जनता के जेब में डकैती डालने का भी कोई अवसर ये चूक नहीं रहे हैं। मोदी निर्मित महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी और बढ़ती असमानता से पीड़ित जनता से क्रूड ऑयल के दाम में गिरावट के बावजूद भी अधिक कीमत वसूलना जनता के प्रति अन्याय है।

कलेक्टर और खनिज अधिकारी राजधानी तलब

- शिवनाथ नदी में बाकल रेत खदान को नियम विरुद्ध बंद करने का मामला

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शिवनाथ नदी किनारे स्थित ग्राम बाकल में रेत खदान को नियम विरुद्ध बंद करने के मामले में कलेक्टर और जिला खनिज अधिकारी आगामी आठ जनवरी को राजधानी रायपुर तलब किए गए हैं। सारे कानूनी कागजात के बावजूद रेत खदान बंद करा दिए जाने से राज्य शासन को राजस्व की क्षति पहुंच रही है।

इस मामले में आने वाले दिनों में थानेदार और एसपी भी तलब किए जा सकते हैं। कोर्ट के आदेश की कॉपी होने के बावजूद रेत खदान संचालन के लिए संचालक को सुरक्षा मुहैया नहीं कराने के लिए थाना प्रभारी बसंतपुर और जिला पुलिस अधीक्षक भी जवाबदार हैं।

शिवनाथ नदी में बाकल स्थित रेत खदान मेसर्स बाकल रनर मोल्डिंग सेंड माइन की संचालक श्रीमती अर्चना दास हैं, उनके मुख्तियार दुष्यंत दास निवासी वर्धमान नगर हैं। इन्हें वर्ष 2004 से 2054 तक के लिए शासन से खनि पट्टा मिला हुआ है। राजनांदगांव तहसील व जिले के इस गांव में इनके रेत खदान का खसरा नंबर 406 का भाग रकबा 4.85 हे. है। इसके अनुसार ही जिला खनिज अधिकारी द्वारा ई-ट्रांजिट पास जारी किया गया है और लीज होल्डर को रेत उत्खनन व परिवहन की अनुमति प्रदान की गई है। इस हेतु पट्टा धारक को उच्च न्यायालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ शासन में रिट पीटिशन क्रमांक 814/ 2022 में 17 फरवरी 2022 को आदेश पारित किया गया था, जिसे खनिज विभाग को प्रस्तुत भी किया गया था। **कुछ ग्रामीणों ने किया था आंदोलन**-बाकल रेत खदान के संचालक व उनके मुख्तियार ने ग्रामवासियों के साथ हमेशा सहयोग की भावना रखी है। कुछ ग्रामीणों ने खदान बंद कराने की मांग को लेकर आंदोलन किया था। ऐसे दौर में जिला खनिज अधिकारी और कलेक्टर उन्हें समझाने में सफल रहे और खदान को बंद करा दिया।

मेहनत और ईमानदारी डड़सेना कलार समाज की पहचान: विजय शर्मा

डड़सेना कलार समाज के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए विजय शर्मा

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा रविवार को कबीरधाम जिले के कवर्धा के सरदार पटेल मैदान में आयोजित डड़सेना कलार समाज के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सामाजिक पुस्तिका का विमोचन किया। सामाजिक भवन निर्माण के लिए हर संभव प्रयास एवं सहयोग का विश्वास दिलाया। मुख्य अतिथियों द्वारा समाज के आराध्य देव भागवन श्री सशस्त्र बाहु अर्जुन की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्जवलित कर वार्षिक सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम में विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन हुआ। डिप्टी सीएम ने समाज के 10 वीं एंव 12 वीं के 50 प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया। समाज को गौरवान्वित करने वाले 26 सामाजिक व्यक्तियों को डड़सेना गौरव सम्मान से सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस आयोजन के लिए डड़सेना कलार समाज का प्रशंसा की।

डड़सेना कलार समाज हर क्षेत्र में तरक्की के नए सौपान गढ़ रहा: श्री शर्मा को राज्य के उप मुख्यमंत्री की जवाबदारी मिलने और समाज को समय देने के लिए जिला डड़सेना कलार समाज ने गज माजा से सम्मान किया। श्री शर्मा ने कहा की मेहनत और ईमानदारी डड़सेना कलार समाज की पहचान है। जिसके कारण समाज आज हर क्षेत्र में तरक्की के नए सोपान गढ़ रहा है। ये विशेषता समाज में आगे भी बने रहना चाहिए। इसके साथ ही अन्य समाजों को साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता डड़सेना कलार समाज समाज में निहित है। राज्य की तरक्की और बेहतरी के लिए ये गुण जरूरी है। कार्यक्रम को पूर्व संसदीय सचिव मोतिराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, कैलाश चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। डड़सेना कलार समाज के जिलाध्यक्ष रूपेन्द्र जायसवाल ने बताया कि डड़सेना कलार समाज अपनी सामाजिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए समाज को सशक्त व मजबूत बनाने, धन व समय की बचत के लिए नगर के हृदय स्थल सरदार पटेल मैदान में प्रथम बार विशाल रूप से सामजिक आयोजन किया गया। जिसमें जिले के 116 गांव के सामाजिक स्वजाति जन एवं आस पास के जिलों से हजारों की संख्या में सवजाति एकत्र हुए। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बोड़ला उपाध्यक्ष सनत जायसवाल, जिला डड़सेना कलार समाज बिलासपुर अशोक जायसवाल, अपर आयुक्त नगर निगम बिलासपुर राकेश जायसवाल, जिले के स्थानीय परिक्षेत्र अध्यक्ष बद्री जायसवाल, बृजनंदन जायसवाल, भूपत जायसवाल, श्याम लाल जायसवाल सहित जनप्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठ नागरिक, युवा, महिलाएं उपस्थित थे।

योग से मिलती है सकारात्मक शक्ति

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा रविवार को अंबेडकर भवन में आयोजित पांच दिवसीय आवासीय योग-यज्ञ रोजगार शिविर के समापन अवसर में शामिल हुए। यह शिविर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्ववधान में आयोजित था। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के शिविर में पहुंचने पर पतंजलि योगपीठ के पदाधिकारियों ने पुष्पमाला एवं आरती लेकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आयोजन में हरिद्वार से आए स्वामी विप्रदेव जी, स्वामी नरेन्द्र देव, स्वामी राहुल देव, आचार्य यशवंत, योग गुरुजनों का छत्तीसगढ़ की इस पावनधरा में स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पूरे भारत मे योग शिक्षा की शुरुआत हुई है। उन्होंने राज्य के भी नागरिकों अपने जीवन एवं दिनचर्या में योग से जुड़ने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि योग से सकारात्मक शक्ति मिलती है, इससे शरीर निरोग होता है। उन्होंने समिति की मांगों को सैद्धान्तिक सहमति देते हुए योग को और बढ़ावा देने के लिए हरसंभव छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से मदद करने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव मोतिराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, गणेश तिवारी, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, श्रीकांत उपाध्याय, उमंग पाण्डेय, अजय सिंह ठाकुर, राजकुमार वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, पतंजली योगपीठ के सदस्य उपस्थित थे। पंतजलि योग समिति के जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी ने बताया कि इस पांच दिवसीय आवासीय योग-यज्ञ रोजगार शिविर का कबीरधाम जिला सहित कोरबा, जांजगीर, बेमेतरा, रायपुर, गौरेला-पेन्ड्रा-मारवाही, मुंगेली, राजनांदगांव, दुर्ग के लगभग 200 लोगों ने लाभ लिया। इस शिविर में हरिद्वार से आए थेरेपेस्टि रामअवतार, गणेश यादव, साकेत, दीपक वैष्णव, हरेन्द्र चंद्रवंशी, हरीराम साहू, श्रीमती गौरी, श्रीमती भगवती पटेल, श्रीमती सरिता पटेल, श्रीमती परमेश्वरी निषाद ने अपनी सेवाएं दी।

न्यूज गैलरी

आज चारामा में करेंगे छालीवुड के कलाकार रोड शो

चारामा/नवप्रदेश। छालीवुड के फिल्मीं कलाकारों द्वारा श्री ओम फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले छत्तीसगढी और हिन्दी एलबम गाना की शुटिंग पूरा होने के बाद छत्तीसगढी एलबम गीत तोर बिना संगवारी का फिल्मांकन अमलेश्वर महादेव घाट, पाहंदा और मगरघटा रायपुर के ग्रामीण अंचल में किया गया है। गीतकार ओम प्रकाश जैन, गायिका दीप शिखा व संगीतकार मनोज दीवान, कोरियोग्राफर दिलीप बैस, कैमरामैन अजय महंत, रिकार्डिंग ए.टी.क्युब रायपुर प्रेम कहानी पर आधारित हिन्दी गाना मौसम है सुहाना के कान्सेप्ट पर फिल्माया गया है। इसे लेकर 1 जनवरी को इसका प्रसारण यू ट्यूब चैनल के माध्यम से होगा। इस अवसर पर श्री ओम फिल्म प्रोडक्शन रायपुर के कलाकारों के द्वारा चारामा के ऑवरी चौक राम जानकी मंदिर से लेकर कांकेर के बस स्टैंड तक रोड शो किया जाना है। दोपहर 12 बजे चारामा के विश्रामगृह में प्रेस वार्ता के उपरान्त कांकेर के लिए प्रस्थान करेंगे।

प्रदेश सचिव बने शब्बीर मेमन

कांकेर/नवप्रदेश। प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल के द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी 2023-2026 के लिए कांकेर

ज़िले के युवा नेता शब्बीर मेमन को प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन का सचिव बनाया गया है, प्रदेश सचिव की घोषणा होते ही कांकेर ज़िले के साथ साथ प्रदेश के सभी मिलर ने बधाई दी। इस अवसर पर शब्बीर मेमन ने प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल का आभार व्यक्त किया और कहा कि योगेश अग्रवाल से वो वर्ष 2010 से प्रेरित हुए और हर वर्ष उनके स्पीच सुनने के लिए मीटिंग में जाते थे, वर्ष 2020 में अरवा चावल महासंघ का गठन किया गया था। जिसमें प्रदेश महामंत्री का दायित्व भी योगेश अग्रवाल ने उन्हें दिया था । शब्बीर मेमन का कहना है कि हमारे अध्यक्ष योगेश अग्रवाल सशक्त और मिलर के साथ सुख दुख में खड़े रहने वाले और हर मिलर की समस्या का त्वरित निराकरण कराने में माहिर है। आगे भी उनके साथ मिल कर प्रदेश राइस मिल को एक नई दिशा देंगे। और प्रदेश के हर ज़िले के मिलर के हर कार्य को करने की भरसक कोशिश करेंगे।

गैस सिलेंडर महंगा, खाना बनाने लकड़ियों पर निर्भर

बालोद/नवप्रदेश। एक ओर जहां प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही पीएम उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को लाभ दिलाने

हितग्राहियों को फॉर्म भराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी महिलाएं जंगल से सूखी लकड़ियां इकठ्ठा कर घर लाकर चूल्हे में ही खाना बना रही हैं। लकड़ियां इकठ्ठा कर घर जा रही महिलाओं ने कहा कि गैस सिलेंडर का दाम हजार रुपये से अधिक होने के कारण गैस नहीं भरा पा रहे हैं। उसकी जगह लकड़ी के सहारे चूल्हा जलाकर खाना पकाते हैं। गौरतलब है कि भाजपा सरकार ने 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था लेकिन अभी तक किसी को भी इसका लाभ नहीं मिला है। हालांकि महिलाओं को फॉर्म भराने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनकल्याणकारी योजना की ग्रामीणों को दी गई जानकारी

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफ्ल क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत टेहका के दशहरा मैदान मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य जिसमें

प्रधानमंत्री के उद्बोधन का प्रसारण मोबाइल वैन में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रसारण किया गया। जिसमें.केंद्र एवं राज्य सरकार के कर्मचारी उपस्थित थे कार्यक्रम मे स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीपी शुगर ,कुष्ठ रोग ,सिकल सेल ,की जांच की गई जिसमें बहुत से ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया इस अवसर पर स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुति दी द्य स्वयं सहायता समूह बीहान की महिला ,मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत स्वच्छ भारत मिशन शौचालय पर अपना विचार प्रस्तुत किया। जनपद पंचायत भाटापारा के मुख्य कार्य पालन अधिकारी एवं तहसीलदार ने अपने उध्बोधन में प्रधानमंत्री के योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना,आयुष्मान भारत ,जल जीवन मिशन ,शौचालय निर्माण,,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, जैसे लोक हितेषी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी द्य कार्यक्रम में मुख्य रूप से तहसीलदार पेखन टोंड्रे,मुख्य कार्य पालन अधिकारी आर एल गेंडले, हेमलाल वर्मा समाज शिक्षा संगठन, जंतराम पटेल करारोपन अधिकारी , डॉक्टर एस एन अग्रवाल पशु चिकित्स,उमा कश्यप महिला बाल विकास विभाग ,बिहान कि स्व सहायता समूह से, पी आरपी प्रभा साहू, सक्रिय महिला अनुसुइया साहू , ग्राम पंचायत टेहका के सरपंच ललिता ध्रुव सचिव रविशंकर साहू ,समस्त पंचगन किसान खुबी राम साहू , प्रहलाद ध्रु व ,लखन ध्रुव खेम सिह ध्रूव,, , शिक्षक नंदकुमार वर्मा ,एवं मीडिया प्रकोष्ठ नंदू साहू उपस्थित थे।

कामख्या मंदिर में जन सहयोग संस्था ने चलाया स्वच्छता अभियान

■ उदय नगर शिव नगर में पप्पू मोटवानी के नेतृत्व में दो घंटे तक चला स्वच्छता अभियान

कांकेर/नवप्रदेश। स्वच्छता अभियान के लिए प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था जन सहयोग स्वच्छता अभियान टीम रविवार को शहर के उदय नगर वार्ड पहुंची। सुबह सात से आठ बजे शहर की जन सहयोग समाजसेवी संस्था प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी तथा संस्था की टीम को सूचना मिली थी कि इन दोनों मोहल्ले तथा उनके मध्य स्थित मां कामाख्या मंदिर के आसपास गंदगी फैली हुई है। साफ सफाई नहीं हो पाई है।

झाड़ झंखाड़ उग आई है। इनमें अक्सर भालू लकड़बग्घे आदि हिंसक पशु जाकर छिपे रहते हैं जो रात्रि में लोगों के घरों पर हमला कर देते हैं। रविवार को सुबह ही अजय पप्पू मोटवानी के निर्देशन में जन सहयोग की टीम उदय नगर पहुंचकर मां कामाख्या मंदिर परिसर में साफ़-सफ़ाई के पश्चात सभी समाजसेवी उन बेकार झाड़ियों को नष्ट करने में लग गए जो भालू आदि का शरण स्थल बन जाती थीं। देखते ही देखते कचरे के कई अंबार साफ़ हो गये और मंदिर परिसर का नक्शा ही बदल गया। इसे देखकर उदय नगर वासियों को आश्चर्य मिश्रित प्रसन्नता प्राप्त हुई और वहां के वरिष्ठ नागरिक श्री सुदर्शनसिंह ठाकुर ने कहा कि लंबे समय से कांकेर सहित आसपास स्वच्छता को लेकर जन सहयोग समाजसेवी संस्था का कार्य अपितु जिले भर में सरहनीय रहा है।

मां कामख्या मंदिर के पास कई दिनों से गंदगी का आलम था जिस पर स्वच्छता अभियान के लिए मशहूर समाजसेवी संस्था प्रमुख को अवगत कराया गया था। जिसके बाद 31दिसंबर दिन रविवार को सभी सदस्य हमारे मोहल्ले में आकर स्वच्छता अभियान चला रहे हैं यह हम सबके लिए हर्ष का विषय है।इससे हमारे मोहल्लेवासियों को भी अपने घर गली और मोहल्ले को साफ़ सुथरा रखने की प्रेरणा मिलेगी।आज के इस अभियान में जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अतिरिक्त अनुराग उपाध्याय धर्मेंद्र देव संत कुमार रजक बल्लूराम यादव करण नेताम राजेश चौहान शैलेंद्र देहारी डॉक्टर श्याम देव संजय सिंह ठाकुर सुदर्शन ठाकुर भूपेंद्र यादव आदि शामिल हुए।

कलश यात्रा के साथ शुरु होगी रामकथा, तैयारियों में जुटी महिलाएं

कांकेर/नवप्रदेश। शहर में रामकथा का आयोजन 5 से 13 फरवरी तक होगा। इसके कथाकार पंडित अतुल कृष्ण भारद्वाज होंगे। रामकथा का शुभारंभ कलश शोभायात्रा से होगी। कलश यात्रा को सफल बनाने तैयारियों के लिए समिति से जुड़ी महिलाओं की बैठक मरीन ड्राइव स्थित मंगल भवन में हुई। बैठक में तय किया गया कि शहर के हर वार्ड तथा आसपास के गांव से कलश यात्रा में महिलाओं को भाग लेने आमंत्रित किया जाएगा।

इसके लिए हर वार्ड के पार्षद, वहां की महिला मंडिलयां तथा महिला समूहों का सहयोग लिया जाएगा। कलश यात्रा तथा रामकथा को सफल बनाने हर वार्ड तथा आसपास के गांव में

बैठकें की जाएंगी। हर वार्ड तथा गांव में महिला समितियां बनाई जाएंगी जो अपने वार्ड तथा गांव में प्रत्येक घर तक पहुंच लोगों को कलश यात्रा तथा रामकथा का निमंत्रण देगी। समिति से जुड़ी दो दो महिलाओं को हर वार्ड में प्रचार प्रसार तथा बैठक लेने का जिम्मा दिया गया। रामकथा का आयोजन शहर के मिनी स्टेडियम में होगा। मिनी स्टेडियम में 20 हजार वर्गफीट का विशाल पंडाल बनाने का निर्णय लिया गया है। रामकथा में पूजा की तैयारियों को लेकर प्रत्येक दिन के लिए अलग अलग महिलाओं के समूह बनाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में पद्मिनी साहू, अनीता श्रीवास्तव, अरुणा दत्ता, मंजु गुप्ता, पूर्णिमा जायसवाल, रीना लारिया, शशि ठाकुर, सरिता कुलदीप, तुलसी गज़भीम, सीमा गोसाई, उषा गंगाधर, मीनू सारथी, मीना साहू, उषा ठाकुर, अमिता सोनी, सीमा शर्मा, सुनीता शर्मा, मंजु शर्मा, सरला शर्मा, ममता प्रसाद, पूनम ओझा, स्मृति कौशिक, नेहा मोटवानी, चित्रलेखा पवार, प्रभा जोशी, जागेश्वरी यादव, पूर्वांशी, कलेन्द्री, उर्मिला, संगीता, कुंती सारथी आदि उपस्थित थे।

556 क्विंटल अवैध धान जब्त

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार जिले में धान के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम पखांजूर ए.एस.पैकरा द्वारा पी वी 92 धर्मपुर थाना छोटे बेठिया अंतर्गत दीपचंद बैरागी को 901 बोरी (360 क्विंटल) और अरुण शील को 491 बोरी (196 क्विंटल) धान का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर मंडी अधिनियम के तहत जप्ती की कार्यवाही की गई। कलेक्टर के निर्देशानुसार आगे भी अवैध धान परिवहन करते पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जप्ती की कार्यवाही के दौरान नगर निरीक्षक रामेश्वर देशमुख, सहायक उपनिरीक्षक गिरीश चंद्र कुर्रे कृषि विभाग के अधिकारी मनोज सरकार सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नए साल : पर्यटन स्थलों में सैलानियों का जमावड़ा, सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम

बालोद/नवप्रदेश। साल 2023 के अंतिम दिन रविवार 31 दिसंबर को जिले भर के मंदिर देवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जिले के प्रसिद्ध मंदिरों के अलावा पर्यटन स्थलों में भी लोग पिकनिक मनाने पहुंचे। इसके साथ ही कई जगहों में गाजे बाजे तथा डीजे की धुन के साथ लोग अपने अपने तरीके से साल 2023 की विदाई और नए साल 2024 के स्वागत पर सेलिब्रेट करते नजर आए। रविवार को सुबह से ही लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। सोमवार से नए साल 2024 की शुरुआत हो रही है और इस नए साल को मनाने प्रदेश भर के विभिन्न जिलों से लोग जिले के प्रसिद्ध मंदिरों तथा पर्यटन स्थलों में पहुंच रहे हैं। जहां श्रद्धालू अपनी मनोकामना को लेकर मत्था टेक रहे हैं। नए साल पर प्रसिद्ध मंदिरों व पर्यटन स्थलों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया है वहीं मंदिर समितियों द्वारा भी श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए किसी तरह की समस्याओं का सामना न हो इसके लिए भी कतारबद्ध तरीके से दर्शन करने व्यवस्था किया गया है। आपको बता दें कि जिले के गंगा मैया मंदिर, सियादेवी मंदिर, रानीमाई मंदिर, कमरौद के हनुमान मंदिर , महामाया मंदिर , तांदुला जलालशय सहित चार अन्य छोटे जलाशयों में रोजाना पर्यटकों का आनाजाना लगा रहता है लेकिन

नए साल के दिन इन जगहों व मंदिरों में काफी भीड़ देखने को मिलता है। जिला मुख्यालय से लगे तांदुला जलाशय, और इको फ्रेंडली पार्क तथा गंगा मैया मंदिर सहित जिले के तमाम प्रशिद्ध मंदिरों व पर्यटन स्थलों में पुलिसबल की तैनाती एक दिन पहले से ही कर दी गई है। क्योंकि पर्यटकों का यहां पहुंचने का सिलसिला बीते करीब एक सप्ताह से शुरू हो चुका है लेकिन 31 दिसम्बर रविवार और 1 जनवरी सोमवार को मंदिरों व पर्यटन स्थलों में खासा भीड़ रहने की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पहले से ही पुलिसबल की तैनाती कर दी है ताकी पर्यटकों को किसी तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े।

सीआरपीएफ के तीन जवान समेत 5 कोरोना संक्रमित

बस्तर/नवप्रदेश। बस्तर में अब कोरोना से हालात बिगड़ने लगे हैं। बस्तर में लगातार तीसरे दिन कोरोना संक्रमित मरीज मिलने की पुष्टि हुई है। बस्तर में सीआरपीएफ के तीन जवान कोरोना से संक्रमित पाए गए थे और अब जगदलपुर शहर में दो लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इन लोगों की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। हालांकि इनमें से एक व्यक्ति लोगों के घर दूध पहुंचाने का काम करता है, ऐसे में स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। उस व्यक्ति की कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग के प्रयास किए जा रहे हैं।

बस्तर में पिछले तीन दिन के अंदर ही कोरोना के पांच मामले सामने आए हैं। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग सीमाओं पर पैनी नजर बनाए हुए और लगातार निगरानी रखने की बात कही जा रही है. इसके साथ ही विशेष जागरूकता अभियान चलाने की भी बात उन्होंने कही है। इधर कोविड के नए वैरिएंट की पहचान के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल का माइक्रोबॉयलोजी डिपार्टमेंट सैंपल्स को जीनोम सिक्वेसिंग के लिए रायपुर भेजेगा। इसके पहले जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए सभी सैंम्पल्स को ओडिशा के भुवनेश्वर भेजा जाता था, क्योंकि यहां पर पूरे ओडिशा से भी सैंपल लाए जाते थे, इसलिए रिपोर्ट आने में काफी समय लग जाता था।

एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर शुरू हुई जांच

खतरे को भांपते हुए महारानी अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर कोरोना की जांच शुरू कर दी गई है। शहर में संक्रमण का खतरा बढ़ता हुआ नजर आता है तो ज्यादा जांच केंद्र शहर में भी खोले जाएंगे। जिले के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के चतुर्वेदी ने बताया कि कोरोना की संख्या को शून्य करने के सारे प्रयास किए जाएंगे, यदि पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़ती है तो जिले में बंद पड़े कोरोना जांच सेंटर को भी खोला जाएगा। जितनी ज्यादा जांच होगी, उसी अनुरूप संक्रमण फैलने की रफ्तार कम होगी। 27 दिसंबर को 2, 28 दिसंबर को 1 और 29 दिसंबर को 2 मरीजों में कोरोना की पुष्टि हुई है।

आत्मरक्षा पर कार्यशाला में कर्मचारियों का सम्मान

कांकेर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं बालको के विरुद्ध अपराध अन्वेषण विभाग श्रीमती नूपुर उपाध्याय के नेतृत्व में महिला रक्षा टीम तथा महिला सेल द्वारा एनसीसी कैंप नरहरदेव स्कूल कांकेर में एनसीसी छात्राओं को गुड बैड टच, छेड़छाड़, आत्मरक्षा, लैंगिक

उत्पीड़न, साइबर सुरक्षा बाल विवाह पाक्सो एक्ट स्वच्छता,पढ़ाई और करिअर के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए भविष्य में ऐसे किसी भी प्रकार की परिस्थिति निर्मित होने पर मोबाइल द्वारा उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती नूपुर उपाध्याय तथा महिला रक्षा टीम को बताने के निर्देश दिए गए।

फाइनल में गुमगांव नागपुर ने तिरोड़ी मध्यप्रदेश को हराया

■ मनेरी में राज्य स्तरीय स्पर्धा का हुआ समापन

डोंगरगांव/नवप्रदेश। मनेरी में चल रहे आठ दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा का शनिवार को फाइनल के साथ समापन हुआ। इसमें गुमगांव नागपुर ने तिरोड़ी मध्यप्रदेश को 2-0 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

फाइनल मैच के मुख्य अतिथि दिनेश गांधी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, टिकेश साहू जनपद पंचायत अध्यक्ष डोंगरगांव थे। विशिष्ट अतिथि जुगत पोहन साहू थी, अध्यक्षता पूर्व सरपंच अनिता साहू ने की। प्रतियोगिता के आठवें दिन मनेरी में दो मैच खेला गया। इसमें दूसरा सेमीफाइनल कुर्सिटीकूल और तिरोड़ी के मध्य हुआ। इसमें तिरोड़ी ने कुर्सिटीकूल को 3-0 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश

किया। वहीं पहले सेमीफाइनल गुमगांव नागपुर और भरवेली के मध्य खेला गया था। दोनों टीमों के बीच काफी कड़ा मुकाबला देखने मिला और मध्यांतर तक दोनों टीमों ने एक दूसरे के गोल पोस्ट में लगातार हमले किये किंतु गोल करने में नाकाम रहे। मैच के अंतिम क्षण तक दोनों टीम गोल करने में नाकाम रही और मुकाबला टाई ब्रेकर तक पहुँच गया। टाई ब्रेकर में गुमगांव ने भरवेली को 3-0 के अंतर से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में गुमगांव नागपुर और तिरोड़ी मध्यप्रदेश के बीच मुकाबला हुआ। गुमगांव नागपुर को पहला कॉर्नर मिला। लेकिन टीम फायदा नहीं उठा पाई। मध्यांतर तक दोनों टीम गोल करने में नाकाम रही।

मध्यांतर के बाद गुमगांव नागपुर की टीम ने पहला गोल 50 वें मिनट में दागकर 1-0 से बढ़त दिला दी। टीम ने दूसरा गोल मैच समाप्त होने के 5 मिनट पहले दागकर अंतर 2-0 कर दिया। तिरोड़ी मध्यप्रदेश की टीम कोई भी गोल करने में सफल नहीं हो पाई। गुमगांव नागपुर की टीम ने तिरोड़ी को 2-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच देखने खेल प्रेमी और ग्रामीण उपस्थित थे। स्पर्धा के रेफरी डेनियल निर्मलकर, मोंटी और समीर जो डोंगरी मध्यप्रदेश से हैं। उन्होंने शानदार रेफरी की भूमिका निभाई। बहुत आराम से मैच सम्पन्न करवाया।

दुर्ग-भानुप्रतापपुर रेललाइन दोहरीकरण की मांग

बालोद/नवप्रदेश। दुर्ग से भानुप्रतापपुर तक दोहरी रेललाइन विद्युतिकरण के साथ निर्माण करने व भानुप्रतापपुर से चंद्रपुर, धमतरी से कोंडागांव को रेल मार्ग से जोड़ने की मांग का ज्ञापन केंद्रीय रेल मंत्री के नाम सांसद को सौंपा गया। मधुकांत यदु ने बताया कि बालोद जिले क दल्लीराजहरा से कच्चा लोहा से अरबों रुपये का राजस्व शासन को प्राप्त हो रहा है। साथ ही

हजारों बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजहरा से दुर्ग तीन दिन साढ़े छह बजे तीन दिन बालोद से 6.55 पर छुटती है। उसे दल्ली राजहरा से सुबह सात बजे प्रतिदिन सप्ताह में सात दिन चलाए जाने, दुर्ग तक दोहरी रेल लाइन किया जाए। ताड़ोकी से रायपुर तक चलने वाली रेल को प्रतिदिन दिन और रात चलाया जाए। सारनाथ, संपर्कक्रांति पुरी, जयपुर अजमेर कानपुर बेतवा को भानुप्रतापुर से प्रारंभ किया जाए। इसके साथ ही स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने बालों में राजेश, भंडारी, जोगेन्द्र योगी, भुवन साहू ,रामानंद देवांगन, मोतीलाल चन्द्राकर, जयराम निर्मालकर, उभय लाल देशमुख, नरेश राज गौतम, किशोर, शैलेश, आर्यन, अनिल, रूपेश, नवीन आदि शामिल थे।

वनडे में साल 2023 भारत के लिए बेस्ट, रिकॉर्ड ध्वस्त

जितनी सफल 2000 के दशक में ऑस्ट्रेलिया टीम थी, 2023 में रही भारतीय टीम

साल 2023 में भारत ने अपने वनडे इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। टीम इंडिया इस कदर हावी रही कि उसका प्रदर्शन 2000 के दशक वाली ऑस्ट्रेलिया टीम की याद दिला गया। भारत ने इस साल खेले 35 वनडे में से 27 में जीत हासिल की, जो कि इतने ही मुकाबले खेलकर साल 2003 में ऑस्ट्रेलिया (30 जीत) के बाद सबसे ज्यादा है इससे पहले वनडे में टीम इंडिया का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन साल 1998 में था, जहां उसने 24 वनडे मैच जीते थे। साल 2023 में भारत ने एक कैलेंडर ईयर में जीत का औसत अंतर, सबसे ज्यादा बार 200+ रन से जीत, सबसे बड़े स्कोर, सबसे ज्यादा शतक, सबसे ज्यादा छक्के, सबसे ज्यादा विकेट जैसे रिकॉर्ड्स बना दिए जिन्हें कम होते वनडे मुकाबलों के बीच तोड़ना बहुत मुश्किल होगा।

भारत ने साल 2023 में 14 मैच पहले बल्लेबाजी करते हुए जीते। इनमें उसका औसत जीत अंतर 143 रन रहा, जो वनडे इतिहास में सर्वाधिक है। अफ्रीका का जीत का औसत अंतर 137 रन रहा। साल 2003 में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 मैच 122 रन के औसत अंतर से जीते थे। 2007 की ऑस्ट्रेलिया टीम ने 12 मैच 105 रन के औसत अंतर से जीते।

साल 2023 में 9 बार भारत का स्कोर 350+ के पार पहुंचा। यह किसी टीम के एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा 350+ स्कोर हैं। उसने साल 2019 में इंग्लैंड के 7 बार 350+ रन का रिकॉर्ड तोड़ा।

टीम इंडिया की ओर से इस साल 19 शतक लगे। साल 2017 के अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी की। कोहली वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक लगाकर दुनिया में 50 वनडे शतक वाले पहले बल्लेबाज बने।

पहली बार किसी टीम के 250 छक्के, रोहित रिकॉर्ड ब्रेकर

टीम इंडिया इस साल वनडे इतिहास के किसी साल में 250 छक्के जमाने वाली पहली टीम बन गई। अफ्रीका ने 225 छक्के लगाकर रिकॉर्ड टैली में दूसरा स्थान हथिया लिया। दोनों टीमों ने विंडीज के साल 2019 में लगे 209 छक्कों का रिकॉर्ड एक साथ तोड़ दिया।

भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने इन 250 में से 67 छक्के जड़े। यह किसी बल्लेबाज द्वारा एक कैलेंडर ईयर में सर्वाधिक है। रोहित ने एबी डिविलियर्स (58 छक्के, साल 2015) का रिकॉर्ड तोड़ा।

सर्वाधिक विकेट के अपने रिकॉर्ड तोड़े, सबसे ज्यादा 5 विकेट हॉल

भारत ने इस साल 289 विकेट लेकर साल 1998 में 286 विकेट लेने का अपना रिकॉर्ड ही तोड़ दिया। इस साल हर 27.4वीं गेंद पर विकेट चटकाया, जो किसी टीम के लिए एक कैलेंडर ईयर में बेस्ट स्ट्राइक रेट है।

भारतीय टीम ने इस साल आठ बार पारी में पांच विकेट भी लिए। इससे पाकिस्तान (1990), ऑस्ट्रेलिया (2004) और श्रीलंका (2008) के 6-6 फाइव विकेट हॉल के पुराने रिकॉर्ड टूट गए।

शार्दूल ठाकुर की चोट गंभीर नहीं- स्कैन की जरूरत नहीं पड़ी, नेट प्रैक्टिस के दौरान कंधे पर बॉल लगी थी

टीम इंडिया के बॉलिंग-ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर की चोट गंभीर नहीं है। शार्दूल को शनिवार को दूसरे टेस्ट मैच से पहले प्रैक्टिस सेशन के दौरान चोट लग गई थी। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय टीम के एक सूत्र ने कहा है कि शार्दूल पूरी तरह से ठीक हैं। उनकी चोट गंभीर नहीं है। उनको स्कैन की जरूरत नहीं पड़ी। शार्दूल को 30 दिसंबर को सेंचुरियन में नेट्स में बैटिंग करते समय कंधे पर बॉल लग गई थी, लेकिन उस समय उनकी चोट की गंभीरता का पता नहीं चल सका था। बता दें कि भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट 3 जनवरी से केप टाउन में खेला जाएगा। इससे पहले शार्दूल की चोट को टीम के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा था।

चोट के बाद शार्दूल ने नेट्स में दोबारा हिस्सा नहीं लिया था

शार्दूल को चोट नेट सेशन शुरू होने के 15 मिनट बाद उस वक्त लगी, जब फील्डिंग कोच टी. दिलीप उनको थ्रोडाउन प्रैक्टिस करा रहे थे। शार्दूल शॉर्ट गेंद को खेल नहीं सके और बॉल उनके कंधे पर जा लगी। बॉल लगने के बाद शार्दूल काफी असहज महसूस कर थे, लेकिन मुंबई के इस ऑलराउंडर ने नेट्स में बल्लेबाजी जारी रखी थी। एक बार जब उन्होंने बल्लेबाजी पूरी कर ली, तो फिजियो ने उनके कंधे पर आइस पैक स्लिंग लगा दी। इसके बाद उन्होंने नेट्स में आगे हिस्सा नहीं लिया और बॉलिंग नहीं की थी।

शार्दूल के हेलमेट पर लगी थी बॉल

पहले टेस्ट में भारत के आठवें नंबर के बल्लेबाज शार्दूल अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन 44वें ओवर की तीसरी बॉल उनके हेलमेट पर लग गई। जेराल्ड कूट्जी की बाउंसर से उनके सिर पर चोट आई।

न्यूजीलैंड- बांग्लादेश टी-20 सीरीज ड्रॉ

आखिरी मैच में कीवी ने बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस नियम से 17 रन से हराया

न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच रविवार को खेले गए आखिरी टी-20 मैच में कीवी टीम ने डकवर्थ लुईस नियम से 17 रन से मुकाबले को जीत लिया। इसके साथ ही तीन टी-20 मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर खत्म हुई। इससे पहले माउंट मॉनगनुई में खेला गया दूसरा टी-20 भी बारिश की वजह से रद्द हो गया था। जबकि पहले टी-20 मैच में बांग्लदेश ने न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराया था।

न्यूजीलैंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उनका यह फैसला सही साबित हुआ और बांग्लादेश की पूरी टीम 19.2 ओवर में सिर्फ 110 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बांग्लादेश को पहला झटका 4 रन के स्कोर पर लगा। ओपनर सौम्य सरकार टिम सउदी की गेंद पर एलबीडब्ल्यू होकर पवेलियन लौटगए। बांग्लादेश के 6 ओवर के बाद स्कोर 3 विकेट पर 45 रन था। वहीं 68 रन तक बांग्लादेश के 5 विकेट गिर चुके थे। बांग्लादेश का कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। बांग्लादेश की ओर से कैप्टन नजमुल हुसैन शांतो टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 15 गेंदों पर 17 रन बनाए।

मिचेल सैंटनर न्यूजीलैंड के रहे टॉप विकेट टेकर

न्यूजीलैंड के लिए कप्तान मिचेल सैंटनर ने 4 ओवर में 16 रन देकर सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। उन्होंने अफिफ हुसैन (14), तौहीद हृदय (16), शमीम हुसैन (9) और मेहदी हसन (4) को अपना शिकार बनाया। इनके अलावा टिम सउदी ने 4 ओवर में 25 रन देकर 2 और एडम मिल्ने ने 3.2 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट और बेन सियर्स ने 4 ओवर में 28 रन देकर 2 विकेट लिए।

एक नजर

जेराल्ड कूट्जी भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर

तेज गेंदबाज ने पहले मैच में एक विकेट लिया था, केप टाउन टेस्ट 3 जनवरी से खेला जाएगा

साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज जेराल्ड कूट्जी भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। कूट्जी पेल्विक में सूजन की वजह से केपटाउन में होने वाले दूसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे। साउथ अफ्रीका बोर्ड ने इसकी जानकारी शनिवार, 30 दिसंबर को ट्वीट कर दी है।

साउथ अफ्रीका ने अब तक उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर किसी का नाम नहीं बताया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने कहा, सेंचुरियन में पहले टेस्ट के दौरान कूट्जी को सूजन हो गई और भारत की दूसरी पारी में गेंदबाजी करते समय उनकी परेशानी ज्यादा बढ़ गई। उन्हें शुक्रवार को स्कैन के लिए भेजा गया, जिसमें चोट की गंभीरता का पता चला है।

एहतियात के तौर पर कूट्जी टीम से रिलीज- कोच शुकरी कोनराड

टीम के टेस्ट कोच शुकरी कोनराड ने कहा, एहतियात के तौर पर कूट्जी को टीम से रिलीज करने का फैसला किया गया है। कोनराड ने आगे कहा, इसकी कोई संभावना नहीं है कि वो 10 जनवरी से शुरू होने वाले T20 के लिए फिट होंगे। 23 साल के अफ्रीकी गेंदबाज ने सेंचुरियन में खेले पहले टेस्ट में सिर्फ एक विकेट लिया था। कूट्जी की जगह साउथ अफ्रीका के पास लुंगी एनगिडी और वियान मुल्डर के रूप में अन्य तेज गेंदबाजी विकल्प हैं। कूट्जी से पहले टीम के कप्तान टेम्बा बावुमा हैमस्ट्रिंग की चोट के चलते दूसरे टेस्ट से बाहर हो चुके हैं।

विनेश फोगाट ने खेल रत्न-अर्जुन अवॉर्ड लौटाए

रेवाड़ी। रेसलर विनेश फोगाट ने खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड लौटा दिया है। विनेश शनिवार (30 दिसंबर) को अवॉर्ड लौटाने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑफिस जा रही थीं। इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें रोक लिया। जिसके बाद विनेश ने अवॉर्ड कर्तव्य पथ पर ही जमीन पर रख दिए और अवॉर्ड्स को हाथ जोड़कर लौट गईं। विनेश ने 3 दिन पहले ही पीएम मोदी के नाम 2 पेज की चिट्ठी लिखी थी। जिसमें महिला पहलवानों को इंसाफ न मिलने की बात कही थी।

अवॉर्ड लौटाने पर विनेश ने कहा- मैं इंसाफ के लिए यहां पहुंची हूं। जब तक इंसाफ नहीं मिलता, ये लड़ाई जारी रहेगी। बजरंग पूनिया ने विनेश के अवॉर्ड वापसी का वीडियो शेयर कर कहा- यह दिन किसी खिलाड़ी के जीवन में न आए। देश की महिला पहलवान सबसे बुरे दौर से गुजर रही हैं। विनेश से पहले बजरंग पूनिया ने अपना पद्मश्री अवॉर्ड लौटा दिया था।

मनोरंजन

गन्स एंड गुलाब्स के सीजन 2 की हुई घोषणा, सामने आया पहला वीडियो

साल 2023 में रिलीज हुई राजकुमार राव और दुलकर सलमान की क्राइम कॉमेडी वेब सीरीज गन्स एंड गुलाब्स ने ओटीटी पर जमकर गर्दा उड़ाया था. दर्शकों की तरफ से नेटफ्लिक्स के इस सीरीज को खूब पसंद किया गया. वहीं अब इसका दूसरा सीजन भी जल्द रिलीज होने जा रहा है. मशहूर निर्देशक राज और डीके ने गन्स एंड गुलाब्स के दूसरे सीजन की घोषणा कर दी है. नेटफ्लिक्स ने एक सोशल मीडिया पर इसका अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है, जो बेहद मजेदार है. इसे शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है कि खाली हाथ नहीं, गन्स एंड गुलाब्स का नया सीजन लेकर आए हैं... वहीं एक बार फिर राजकुमार राव पाना टीपू के किरदार में लोगों को एंटरटेन करते हुए नजर आने वाले हैं. बता दें कि गन्स एंड गुलाब्स का दूसरा सीजन भी राव और राज एंड डीके टीम को तीसरी बार एक साथ लाएगा. राजकुमार राव ने पहले कहा था कि उन्हें फिल्ममेकर डुओ के साथ काम करने में मजा आया क्योंकि वे अनकन्वेंशनल और लीक से हटकर कॉन्टेंट बनाते हैं. राव ने शो के पहले सीज़न में यादगार पाना टीपू के किरदार के लिए कई बेस्ट एक्टर और परफॉर्मर ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स जीत चुके हैं. हालांकि, अभी तक इस बात की जानकारी नहीं मिली है कि वेब सीरीज का दूसरा सीजन कब रिलीज होगा.

महेश बाबू की गुंटूर करम का नया आकर्षक पोस्टर सामने आया

आदर्श से एक ताज़ा प्रस्थान में, प्रशंसकों ने गुंटूर करम के नवीनतम पोस्टर का अनावरण करने का बीड़ा उठाया है, जो उस परंपरा को तोड़ रहा है जहां प्रोडक्शन हाउस आमतौर पर अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से अपडेट साझा करते हैं। पोस्टर में महेश बाबू हैं, जो अपने सिग्नेचर स्टाइल में बिल्कुल अविश्वसनीय लग रहे हैं। यह नया सामने आया पोस्टर ब्लॉकबस्टर प्रत्याशा का एहसास कराता है, जिससे उत्साह बढ़ गया है क्योंकि निर्माता फिल्म का तीसरा सिंगल लॉन्च करने की तैयारी कर रहे हैं। यह ध्यान देने योग्य है कि टीम द्वारा अब तक जारी किए गए विभिन्न पोस्टरों में महेश बाबू को लगातार सिगार के साथ चित्रित किया गया है, जो उनके चरित्र चित्रण में एक अलग स्पर्श जोड़ता है।

उत्सुकता से प्रतीक्षित यह फिल्म 12 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

साजिद नाडियाडवाला ने किया अहान शेट्टी संग फिल्म का ऐलान, तड़प के बाद फिर आए साथ

सुनील शेट्टी के बेटे और अभिनेता अहान शेट्टी इन दिनों अपनी निजी जिंदगी में चल रही उथल-पुथल को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच अब अहान ने निर्माता साजिद नाडियाडवाला के साथ एक फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। दोनों 2021 में अहान की पहली फिल्म तड़प के बाद दूसरी बार साथ आ रहे हैं। नाडियाडवाला ने अहान के जन्मदिन के मौके पर अपनी इस फिल्म का ऐलान किया है।

नाडियाडवाला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अहान के साथ तस्वीर साझा कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और फिल्म जल्द शुरू करने की बात कही।उन्होंने लिखा, अहान आपको जन्मदिन की बहुत शुभकामनाएं। हम बहुत ही उत्साहित हैं और अगले महीने आपके द्वारा हमारे प्यार के उपहार को खोलने का इंतजार नहीं कर सकते। जैसे कि हम एक और फिल्म के साथ मील का पत्थर हासिल करने की यात्रा शुरू कर रहे हैं तो चलिए अब जश्न शुरू करते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म में अहान के साथ बॉलीवुड की एक प्रमुख अभिनेत्री को कास्ट करने पर विचार किया जा रहा है। इसके अलावा फिल्म का बजट 75 करोड़ रुपये रखा गया है।हालांकि, अभी फिल्म के निर्माताओं की ओर से फिल्म के जुड़ी ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है।मालूम हो कि तड़प में अहान की जोड़ी तारा सुतारिया के साथ बनी थी।

प्रभास की सालार ने पार किया 300 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा

शाहरुख खान की डंकी से भिड़ंत के बावजूद प्रभास की फिल्म सालार: पार्ट 1 - सीजफायर शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है।22 दिसंबर को रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है।इस फिल्म ने अब तक कई रिकॉर्ड बनाए हैं और यह इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म बन चुकी है।बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई करने वाली यह फिल्म वीकडेज में भी बढ़िया कमाई कर रही है।

प्रभास की सालार ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये का कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने

मां सलमा आगा के नक्शेकदम पर चलना चाहती हैं ज़हरा खान

एट्रेस और सिंगर ज़हरा खान ने इस साल की अपनी यात्रा को याद करते हुए इसे अविश्वसनीय बताया और कहा कि वह कैसे अपनी मां सलमा आगा की तरह सफल होना चाहती हैं।

ज़हरा पाकिस्तानी सिंगर और एक्ट्रेस सलमा आगा की बेटी हैं, जिन्होंने 80 और 90 के दशक में पाकिस्तानी और भारतीय फिल्म उद्योग दोनों में काम किया था। ज़हरा के पिता रहमत खान एक स्क्वैश प्लेयर थे। सलमा को निकाह, ऊंचे लोग, जंगल की बेटी, पांच फौलादी और अन्य फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है। ज़हरा को कुसु कुसु और डांस मेरी रानी जैसे हिट गानों के लिए जाना जाता है।

दिवा ने नए साल, आने वाले सालों के लिए योजना बनानी शुरू कर दी है ज़हरा ने कहा, मार्च 2021 में प्रोफेशनल प्लेबैक सिंगर के रूप में इंडस्ट्री में कदम रखने के बाद से हर साल मैं आगे बढ़ी हूं। इस अनुभव के लिए मैं बेहद आभारी हूं। तब से पीछे मुड़कर नहीं देखा, हर साल प्रोफेशनली रूप से ज्यादा शानदार रहा है। मुझे और ज्यादा काम करने का आशीर्वाद देने के लिए मैं ईश्वर की आभारी हूं। ज़हरा ने शेयर किया कि उन्होंने जो कुछ भी चाहा था वह सहजता से साकार होता दिख रहा है, और वह यह देखने के लिए उत्साहित है कि 2024 में क्या होगा। उन्होंने कहा, मैं मार्च तक अपनी फिल्म वृषभ की शूटिंग पूरी करूंगी, इसकी रिलीज 2024 के अंत में होगी। मेरा लक्ष्य ऐसी स्क्रिप्ट पर काम करना है जो प्रत्येक फिल्म के साथ मेरा एक नया पक्ष प्रदर्शित करे। मेरी म्यूजिकल जर्नी इसी लक्ष्य के साथ चलती है। मुझे उम्मीद है कि एक एक्टर और सिंगर दोनों के रूप में मेरी मां ने जो हासिल किया वह हासिल कर सकूंगी।

जाह्नवी कपूर ने स्किन-टाइट रेड आउटफिट में कराया हॉट फोटोशूट, बढ़ाया इंटरनेट का पारा

जाह्नवी कपूर अपनी फिल्मों को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं. अपनी फिल्मों के अलावा एट्रेस अपने स्टाइल और ग्लैमरस अदाओं की वजह से भी सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं.

अब फिर एक्ट्रेस की अदाएं इंटरनेट का पारा हाई कर रही हैं. जाह्नवी नया सिजलिंग फोटोशूट सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस का पहले से काफी अलग और स्टाइलिश लुक देखने को मिल रहा है.

जाह्नवी ने कुछ देर पहले ही फैंस के साथ अपना नया लुक शेयर किया है. लेटेस्ट फोटोज में एक्ट्रेस लेदर वाली रेड बॉडी टाइट ड्रेस पहने हुए नजर आ रही हैं. जाह्नवी ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड शाइनी लिप्स और स्मोकी ग्लिटरी आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इसके साथ जाह्नवी ने अपने बालों को ओपन रखा हुआ है. इस फोटोशूट के दौरान जाह्नवी ने पानी की बूंदों के बीच भीगते हुए कैमरे के सामने पोज दिए हैं. जाह्नवी इस लुक में बेहद खूबसूरत, अट्रैक्टिव और हॉट दिख रही हैं. उनके ग्लैमरस लुक के साथ-साथ फैंस की नजरें एक्ट्रेस के कर्वी फिगर पर टिकी रह गई हैं. अब जाह्नवी का ये नया फोटोशूट काफी वायरल होने लगा है. फैंस ने उन पर प्यार लुटाते हुए खूब कमेंट्स किए हैं. वहीं, कुछ ही देर में एक्ट्रेस की फोटोज पर लाखों लाइक्स आ चुके हैं, जो हर मिनट तेजी से बढ़ रहे हैं. दूसरी ओर जाह्नवी के वर्क फ्रंट की बात करें तो इस समय उन्हें लगातार कई बड़ी फिल्मों के लिए साइन किया जा रहा है. काफी समय से एक्ट्रेस मिस्टर एंड मिसेज माही टाइटल से बन रही फिल्म को लेकर चर्चा में हैं.

नए साल में धार्मिक और पर्यटन स्थलों में रहेगी भीड़

- इको टूरिज्म के लिए तैयार, दूसरे जिले के पर्यटकों को भी कर रहा आकर्षित

बालोद/नवप्रदेश। नए साल के जश्न में युवा 31 दिसंबर से डूबे हुए हैं। नववर्ष के पहले दिन प्राकृतिक स्थान के भ्रमण करने वालों की भीड़ भी जुटने वाली है। इस बार बालोद जिले के मुख्यालय में स्थित तांदुला डैम इको टूरिज्म स्पाट के रूप में उभरा है। वर्ष 2023 से इस स्थान को नए स्वरूप में संवारने का काम बालोद जिला प्रशासन ने किया है। इसके तहत धमतरी के गंगरेल बांध की तर्ज पर बोटिंग, सौंदर्यीकरण और काटेज का निर्माण किया गया है। विगत माह इस इको टूरिज्म सेंटर के उद्घाटन के साथ ही यह अपने तरह का विकसित पर्यटन स्थल के रूप में बालोद जिले का पहला केंद्र बन गया है। इससे बालोद के आदमाबाद क्षेत्र को एक नई पहचान मिली है। आमतौर पर पहले पर्यटक सिर्फ गेट या जहां पर बांध का उलट यानी 100 त्न भराव के बाद छलकता है, उन इलाकों में पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते थे। लेकिन आदमाबाद क्षेत्र में तांदुला बांध क्षेत्र के विकास से अब दूसरे जिले के पर्यटकों को भी आकर्षित कर रहा है।

कोणार्क मंदिर की याद दिलाती है ओनाकोना का मंदिर

गुरुर के ग्राम कर्रेझर के आश्रित ग्राम ओनाकोना का त्र्यंबकेश्वर धाम जिले में सबसे सुंदर पर्यटन स्थल के रूप में माना जाता है। गंगरेल बांध के डूबान क्षेत्र में समुद्री नज़ारे के बीच यहां प्राकृतिक सौंदर्य का दीदार किया जा सकता है। मंदिर के एक तरफ सिर्फ पानी और दूसरी तरह सिर्फ पहाड़ी है। मंदिर के सामने गंगरेल बांध का डूबान वाला क्षेत्र का खूबसूरत नजारा देखने लोग पहुंचते हैं। यहां का नजारा लोगों को ओडिशा के कोणार्क मंदिर का एहसास दिलाता है।

गंगा मैया: देशभर से दर्शन के लिए आते हैं श्रद्धालु

बालोद से तीन किलोमीटर दूरी पर स्थित गंगा मैया मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचेंगे। धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में झलमला के गंगा मैया का नाम विख्यात है। यहां राज्य सहित देश के अलग जगहों से भी भक्त माता के दर्शन के लिए आते हैं। यहां कैलाश गुफा, पानी का फाउंटेन आकर्षण का केंद्र है।

सियादेही का झरना करता है आकर्षित

सियादेही नारागांव का झरना भी बहुत सुकून का एहसास देता है। जो बतलाता है कि हमें जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए और पथरीले रास्तों को भी पार करके आगे बढ़ते रहना चाहिए। परेशानियां बहुत आती है लेकिन घबराना नहीं चाहिए। सियादेही मंदिर समिति लोगों को आगाह करती है कि ज्यादा पानी होने पर झरने के पास न जाए। दूर से ही देखें। ऊपर न चढ़े फिसलन खतरनाक है। बालोद धमतरी मार्ग से घोटिया चौक या सांकरा क से यहां जाने के लिए सड़क बनी है। यात्री बस नहीं चलती। लोगों को निजी वाहनों से ही जाना पड़ता है। बस बुक करवा कर अधिकतर लोग सैकड़ों की संख्या में यहां आते हैं।

बेंदराकोना में मोर भी देखे जा सकते हैं

तांदुला से एक किमी दूर पर बेंदराकोना है। जो तांदुला का ही एक हिस्सा है। यह एक अनजान जगह। अधिकतर पर्यटकों को इस स्थान के बारे में ज्यादा मालूम नहीं है। हालांकि ये स्थान दुर्गम है। गाड़ी आधे रास्ते तक जाती है। लोग जानकारी होने पर मयूर देखने पहुंचते हैं। हालांकि इस जगह को वन्य प्राणी की सुरक्षा के लिहाज से वन विभाग ने आरक्षित क्षेत्र में शामिल कर लिया है। यहां आग जलाने की मनाही है। अगर आप बाहर से कुछ खाने पीने का सामान लेकर जाते हैं तो यहां घूमने दिया जा सकता है। अब वन विभाग द्वारा पर्यावरण पार्क का निर्माण किया गया है।

गोंदली बांध देता है सुकून

ग्राम पंचायत खेरथाडीह के पास करीब 65 साल पुराने गोंदली बांध की सुंदरता भी किसी से छिपी नहीं है। तांदुला की तरह यह बांध भी लोगों का ध्यान खिंचती है। इस बांध में मछली प्लांट की स्थापना भी की गई है। जिसे देखने के लिए दूर- दूर से लोग आते है। यहां की हरियाली देखने लायक रहती है। यहां की वीरान वादियां लोगों को सुकून देती है। बालोद लोहारा मार्ग पर तरौद से गोंदली बांध जाने के लिए रास्ता है। तरौद से पांच किमी दूर है। वहां बस नहीं जाती। निजी वाहनों से ही जाना पड़ता है। पक्की सड़क है। दल्ली, धमतरी, बालोद क्षेत्र वालो को सीधे दैहान अमलीडीह होते हुए आना पड़ता है।

गरीबों के हक में डाका : पीडीएस में 12 दुकान संचालकों ने की गड़बड़ी

- 5 दुकानों को किया निरस्त, 9 से चावल की रिकवरी

महासमुंद/नवप्रदेश। गरीबों को मुफ्त और कम दामों में राशन मुहैया कराने के लिए शासन शासकीय उचित मूल्य की दुकानें संचालित करती है। लेकिन दुकान संचालक ही अगर गरीबों के राशन पर डाका डाले तो बेचारे गरीब कहां जाएं ये एक बड़ा सवाल है। एक ऐसा ही मामला महासमुंद जिले का है, जिसपर खाद्य विभाग कार्रवाई के नाम पर सुस्त नजर आ रहा है। हेराफेरी करने वाले 12 दुकान संचालकों में से अब तक 9 पर कार्रवाई की गई है। दरअसल महासमुंद में पीडीएस के तहत हेराफेरी की आंशका को देखते हुए सितंबर 2022 में जिला खाद्य अधिकारी को जांच के लिए शासन से एक पत्र आया। इस आधार पर पीडीएस की दुकानों की जांच की गई। जांच में पाया गया कि जिले के 591 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में से 12 (बागबाहरा में कसीबाहरा, पिथौरा में सागुनडाप, बसना के सूखापाली, बिरसींगपाली, बसना, कुडेकेल, सरायपाली के पसरापाली, केना, कोदोकुडा, खैरझिटी, सल्डीह , अंतरला) शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से चावल 1946.04 क्विंटल, शक्कर 45.35 क्विंटल, नमक 69.5 क्विंटल, चना 4.56 क्विंटल का गबन किया गया है। उसके बाद खाद्य विभाग के आला अधिकारी ने सभी दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है पर विडंबना देखिये कि 14-15 महीने बीत जाने के बाद भी आज तक राशन गबन करने वालों से सौ फीसदी न तो चावल वसूला गया और न ही किसी के खिलाफ एफ आईआर दर्ज करई गई है। इन 12 दुकान संचालकों में 9 से 772.92 क्विंटल चावल रिकवर किया गया। लेकिन 3 दुकान संचालकों से आज तक 1173.12 क्विंटल चावल वसूली करना बाकी है। इस मामले में खाद्य अधिकारी का कहना है कि 12 में से 05 दुकानों को एसडीएम ने निरस्त कर दिया है।

सिगड़ी जला कर सोए नौ लोगों की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल दाखिल

कोरबा। ठंड से बचने के लिए एक परिवार कमरे में जलती हुई सिगड़ी रख कर सो गए। रात में उनका दम घुटने लगा और हालत बिगड़ गई। अन्य कमरे में सोए स्वजनों ने आनन-फानन में उन्हें विकासनगर कुसमुंडा चिकित्सालय लाया गया। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना कुसमुंडा थाना अंतर्गत न्यू रेलवे कालोनी की है, यहां निवासरत निर्मला टांडी के घर क्रिसमस मनाने स्वजन आए हुए थे। क्रिसमस के बाद भी स्वजन रेलवे कालोनी में ठहरे हुए थे।

शुक्रवार की रात ठंड से बचने निर्मला टांडी ने सिगड़ी जलवाई थी। कुछ देर तक आग तापने के बाद सिगड़ी को कमरे ही रखकर सभी सोने चले गए। देर रात अचानक कमरे में सोए लोगों के आंखों में जलन, सिर दर्द और उल्टियां होने लगी। चक्कर आने की समस्या को देखते हुए उन्हें आनन-फानन में एसईसीएल के विकासनगर कुसमुंडा डिस्पेंसरी लाया गया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। मेडिकल कालेज अस्पताल में दाखिल लोगों में साइबो सोनवारी, हिमांगी नायक, नमिता नायक, नंदिनी नायक, दो पुरूष समेत नौ लोग शामिल हैं। सभी का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

उज्ज्वला के बाद भी जला रहे सिगड़ी

कोरबा में खदानों की बहुतायत है। यहां कोयला आसानी से उपलब्ध हो जाता है। यही वजह है कि खासकर मोहल्लों और बस्तियों में सिगड़ी में ही लोग भोजन पकाते हैं। गैस की बढ़ती कीमत के कारण अधिकांश उज्ज्वला कनेक्शनधारी रिफिलिंग नहीं करा पा रहे है। यही वजह है कि इस तरह के मामलों में सिगड़ी जानलेवा साबित हो रहा है।

कोहरे के कारण कार पेड़ से टकराई, एक की मौत

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले में तड़के हुए एक सड़क हादसे में कांग्रेस नेता की मौत हो गई है। कांग्रेस पार्षद गंगाराम रवि अपने परिवार के साथ जशपुर की ओर जा रहे थे। तभी घने कोहरे की वजह से अनंत्रित होकर कार पड़े से टकरा गई। इस हादसे में पार्षद की मौत हो गई, जबकि कार में सवार पत्नी समेत तीन लोग घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह मामला बगीचा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, बिश्रामपुर नगर पंचायत पार्षद कांग्रेस नेता गंगाराम रवि की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। वह वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद थे। गंगाराम रवि अपने परिवार के साथ जशपुर की ओर जा रहे थे।

भगवान राम के जयकारों के साथ निकली अक्षत कलश यात्रा, हजारों लोग हुए शामिल

बालोद/नवप्रदेश। भगवान श्रीराम के जन्मस्थल अयोध्या से बालोद पहुंचे अक्षत कलश का शहरवासियों ने फूलों के साथ स्वागत किया और भव्य शोभायात्रा निकाली। अक्षत कलश को फूलों से सजाकर तथा भगवान राम के प्रतीक स्वरूप छोटे बच्चों को रथ में बैठाकर उसकी पूजा अर्चना की गई। अक्षत कलश यात्रा में शीतला मंदिर समिति के सदस्य, हिन्दू धर्म सेना, बजरंग दल सहित भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। अक्षत कलश यात्रा शहर के शीतला मंदिर से निकल कर नगर भ्रमण कर वापस शीतला मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। शोभायात्रा में मनमोहक छत्तीसगढ़ी गेंड़ी नृत्य की प्रस्तुति देखने को मिली। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में छोटी बच्चियां और महिलाएं शामिल हुईं।

लापरवाह अधिकारियों पर होगी कार्रवाई: टंकराम वर्मा

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। नवनियुक्त खेलकूद एवं युवा कल्याण और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा बलौदाबाजार पहुंचे। यहां सर्किट हाउस में पुलिस प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया गया। साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारियों और पटवारियों सहित जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रेसवार्ता कर शासन और उनकी ओर से किये जाने वाले प्राथमिकता पूर्ण कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने साफ शब्दों में अवैध शराब और संलिप्त शराब कोचियों को लेकर चेतावनी दी और कहा कि अवैध शराब, जुए सट्टे का कारोबार करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे, चाहे भाजपा के हो या कांग्रेस के हो अवैध कार्य करने वाले पर कार्रवाई होगी। समाज सुरक्षित रहे, माता बहनें सुरक्षित रहे मेरा पहला कर्तव्य है। इसके साथ ही ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को उभारा जाएगा, जो कमी होगी उसे दूर करेंगे। मंत्री वर्मा ने राजस्व विभाग के कामकाज को लेकर कहा कि, अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी पुरस्कृत होंगे और गलत कार्य या किसानों को परेशान करने वाले पर कठोर कार्रवाई होगी।

खेल मंत्री को चोट लगने वाले खेलों से लगता है डर वहीं, स्वयं के बारे में खेल के संबंध में मंत्री वर्मा ने बताया कि बैडमिंटन खेलते हैं और चोट लगने वाले खेलों से डर लगता है। उन्होंने गेंड़ी, बांटी, भंवरा और कबड्डी खेलने की बात पर कहा कि, यह छत्तीसगढ़ का पारंपरिक खेल है और ये सब खेले हैं। अधिकारियों के स्थानांतरण पर टंकराम वर्मा ने कहा कि वह हल नहीं है, पहले हम सुधार करेंगे और नहीं माने फिर कार्रवाई होगी। आम आदमी को शासकीय काम के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा इसका पूरा प्रयास होगा।

9 साल बाद पैसे मिलने से किसानों में खुशी, बैंकों में लगी लंबी लाइन

खैरागढ़/नवप्रदेश। भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 2 साल के धान की बकाया बोनस की राशि 25 दिसंबर सुशासन दिवस पर किसानों के खातों में डाल दी। इसके तहत खैरागढ़ जिले के 45 हजार किसानों के खाते में 70 करोड़ 1 लाख 25 हजार पहुंचे हैं। खातों में पैसा आने के बाद से ही लगातार किसान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखाओं का रुख कर रहे हैं। 25 दिसंबर से लगातार बैंकों की शाखाओं में किसानों की लंबी-लंबी कतारें भी देखने को मिल रही है। 9 साल बाद मिले धान के बकाया बोनस राशि से किसान खुश हैं। वहीं, बैंक की ओर से बड़ी संख्या में पहुंच रहे किसानों के लिए छांव की व्यवस्था की गई है। चुनाव के दौरान बीजेपी ने घोषणा की थी कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही किसानों के खाते में दो साल का बोनस दिया जाएगा। सत्ता में काबिज होने के बाद सीएम विष्णुदेव साय ने 18 लाख लोगों को पीएम आवास के लिए मंजूरी दी थी। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा करते हुए कहा था कि 25 दिसंबर को किसानों के खाते में पैसे डाले जाएंगे। फिर सुशासन दिवस पर 25 दिसंबर को राज्य के किसानों को खरीफ विपणन साल 2014-15 और साल 2015-16 की बकाया धान की बोनस राशि 3716 करोड़ 38 लाख 96 हजार रुपए का भुगतान किया गया

परिवहन विभाग ने दस बसों पर लगाया जुर्माना, एक जब्त

कोरबा/नवप्रदेश। फिटनेस जांच कराए बगैर चल रहे दस बसों पर पेनाल्टी के साथ बिना परमिट के संचालित हो रहे एक बस को परिवहन विभाग के उड़न दस्ता की टीम ने शनिवार को जब्त कर लिया है। शहर के नया बस स्टैंड में की गई इस कार्रवाई से बस मालिकों में हड़कंप मच गया है।

परिवहन नियमों की अवहेलना करते हुए संचालित होने वाले यात्री बसों पर नकेल कसने के लिए जिला परिवहन विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को औचक निरीक्षण के लिए परिवहन विभाग के निरीक्षक सुजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि मौसमी उतार चढ़ाव के बीच कोहरे की वजह से आगे पीछे चलने वाले कई बार टकरा जाते हैं। ऐसे में अगर वाहनों में रेडियम पट्टी लगी होगी तो प्रकाश में सामने की स्थिति आसानी से नजर आ सकती है। परिवहन नियम का पालन नहीं करने वाले बस संचालकों पर कार्रवाई की जा रही हैं। बताना होगा कि मध्य प्रदेश के गुना जिले में डंपर से बस की टक्कर की घटना में 13 लोगों के जिंदा जलने से कोहराम मचा हुआ है। इसके साथ ही वाहनों से जुड़ी खामियों को देखने पर रखने और कार्रवाई शुरू कर दिया गया है। अक्सर ऐसा होता है जब किसी इलाके में गंभीर किस्म की घटना होती है तब संबंधित विभाग की नींद टूटती है और वह कार्रवाई में जुटता है। परिवहन विभाग के द्वारा शुरू किए गए इस अभियान को लेकर कुछ ऐसा ही कहा जा रहा है।

कोरबा के डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बस स्टैंड में परिवहन विभाग की टीम ने अपनी उपस्थिति दर्ज करने के साथ उन वाहनों की तलाश की जो फिटनेस नियम का पालन नहीं कर रहे थे।

वन विभाग के अधिकारियों की सांठगांठ से प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई जारी

बालोद/नवप्रदेश। जिले के आरा मिलों में प्रतिबंधित लकड़ियों की भरमार आसानी से देखी जा सकती है। इनदिनों प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई जोरों पर है। जिले में सक्रिय लकड़ी तस्कर द्वारा प्रतिबंधित पेड़ों की मशीन के सहारे अंधाधुंध कटाई कर आरा मिलों में खपाने का काम किया जा रहा है। इस अवैध कारोबार में सक्रिय तस्करों के साथ आरा मिल संचालकों की भी संलिप्तता है। इस संबंध में जिम्मेदार विभाग द्वारा इस अवैध कारोबार को रोकने कोई ठोस कदम नहीं उठाना विभाग की संलिप्तता भी साफ नजर आ रहा है। जिला मुख्यालय सहित जिले के अर्जुन्दा, गुंडरदेही और गुरुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत स्थित आरा मिलों में प्रतिबंधित लकड़ियों को तस्करों द्वारा खपाया जा रहा है। क्षेत्र के जंगल और खेतों से प्रतिबंधित लकड़ियों को मशीन से काटकर तस्कर मिलों में ट्रैक्टर व ट्रक में भरकर खपा रहे हैं। इस अवैध कारोबार को रोकने के बजाए तस्करों से लेकर आरा मिल संचालक व जिम्मेदार विभाग की सांठ गांठ से प्रतिबंधित वृक्षों की कटाई जोरों पर जारी है। जिले में सुबह से देर शाम तक पेड़ों की कटाई होती है वहीं रात होते ही तड़के सुबह 4 से 5 बजे तक लकड़ी तस्कर प्रतिबंधित लकड़ियों की तस्करी कर आरा मिलों में खपा रहे हैं। इस कारोबार से जुड़े लोगों द्वारा नियम कायदों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। जिले के आरा मिलों में रात 12 बजे से सुबह 5 बजे के बीच लकड़ी तस्कर सक्रिय रहते हैं। रात भर में कई ट्रैक्टर लकड़ी आरा मिलों में पहुंचाए जाते हैं।

आरा मिलों में खपाई जा रही लकड़ी

> वन विभाग ने मामले को लेकर कहा कि टीम गस्त कर रही है। आरा मिलों में अगर प्रतिबंधित लकड़ियां रखी हुई है तो छापा मारना पड़ेगा।
>
> **हेमलता उइके, रेंजर**